फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 42 प्रभात जयपुर, मंगलवार 12 सितम्बर, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



A Few Drops of rain for my Parched Land

The rain comes in torrents. The thunderstorm unleashes its power. The trees are grateful, the parched earth gulps

Communicating "WHY"

When someone asks you to alter a current behaviour, your first question is usually..."Why?"



*पूर्व उप मु.मंत्री सचिन पायलट विधानसभा चुनाव की तैयारियों एवं आमजन व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ संवाद में जमकर व्यस्त हो गये हैं। रविवार को निवाई में सभा के बाद सोमवार को वे जनकल्याण के कई कार्यों का लोकार्पण करने के लिए बांदीकुई पहुँचे। पायलट ने बांदीकुई में कृषि उपज मंडी में कवरिंग एक्शन प्लेटफॉर्म, उपज मंडी की चारदीवारी निमार्ण एवं हाई मास्क लाइट का लोकार्पण किया। उन्होंने सबसे पहले सुबह बांदीकुई राजकीय कॉलेज में स्वर्गीय राजेश पायलट की मूर्ति का अनावरण किया। बांदीकुई जाते वक्त पायलट का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। पायलट आज दौसा में कांग्रेस जिला मुख्यालय भी पहुँचे, यहाँ पर कांग्रेस के हजारों कार्यकताओं एवं आमजन ने पायलट का बेहद उत्साह से स्वागत किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ी देर तक सचिन पायलट के नारे लगाये।*

# क्या मध्य प्रदेश में संघ ने बनवाई है जनहित पार्टी?

## सूत्रों का कहना है कि, आर.एस.एस. के असंतुष्टों की जनहित पार्टी अन्ततोगत्वा भाजपा विरोधी वोट काटेगी

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- सूत्रों का कहना है कि, आर.एस.एस. बेहद अनुशासित संगठन है और इस संगठन के सदस्य असंतुष्ट होकर नई पार्टी बना लें, यह बात गले नहीं उतरती है।
- ज्ञातव्य है कि, रविवार को मध्य प्रदेश में संघ के कुछ प्रचारकों व महत्वपूर्ण पदाधिकारियों ने जनहित पार्टी के गठन की घोषणा की है।
- विभिन्न चुनावी सर्वेक्षणों में मध्य प्रदेश में कांग्रेस को बढ़त मिलना बताया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि, जनहित पार्टी का गठन भाजपा विरोधी वोटों को कांग्रेस में जाने से रोकने के लिए किया गया है।
- गुटबाजी से त्रस्त भाजपा के तीन बड़े गुट हैं- शिवराज भाजपा, महाराज भाजपा और नाराज़ भाजपा। जनहित पार्टी नाराज़ गुट को रिझाने का जरिया बन सकती है।

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। केन्द्रीय भारत में वो हो रहा है जिसकी कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों में संघ परिवार की राजनीतिक शाखा, भाजपा को चुनौती देने के लिए लोग, सख्त और अनुशासनबद्ध राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से पलायन कर रहे हैं।

पहले से ही समस्याओं से जूझ रही सत्तारुढ़ भाजपा के लिए यह कोढ़ में खाज है, क्योंकि पांचवी बार राज्य की कमान हाथ में लेने के अथक प्रयास में जुटे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भारी "एन्टी इन्कम्बैंसी" का सामना कर रहे हैं।

भाजपा पहले ही तीन अलग - अलग विशिष्ट गुटों में बंटी है जो एक-दूसरे को पटखनी देने में लगे हैं। अब आर.एस.एस. के पूर्व प्रचारकों, नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा जनहित पार्टी के गठन की घोषणा, राज्य में धड़ों में बंटी भाजपा के लिए अच्छी खबर नहीं है। कांग्रेस के नेताओं ने जनता में फैली सरकार विरोधी भावनाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों से इस बारे में बात करना शुरु कर दिया है। इस नई राजनीतिक पार्टी का उद्देश्य विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की छवि बिगाड़ना है।

मध्य प्रदेश में भाजपा तीन गुटों में बंटी हुई है- शिवराज भाजपा, महाराज (ज्योतिरादित्य सिंधिया) भाजपा और नाराज़ भाजपा (भाजपा के नाराज़ नेताओं का वर्ग)। इन लोगों का सामना कमलनाथ के नेतृत्व में लगभग संगठित कांग्रेस से है।

आर.एस.एस. के पूर्व प्रचारक अभय जैन ने रविवार को भोपाल के निकट मिसरोद में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "हमने जनहित पार्टी इसलिए बनाई है क्योंकि सभी राजनैतिक पार्टियों की संस्कृति लोकतंत्र के आधारभूत मूल्यों के विपरीत है। सभी असफल हो गई हैं।"

देखने से तो लगता है कि, आर.एस.एस. के पूर्व प्रचारकों द्वारा नई पार्टी के गठन का प्रयास भाजपा की मदद करने के लिए हुआ है, ताकि भाजपा विरोधी वोट कांग्रेस से दूर हो जाएं और यह बात इस समय भाजपा से नाराज़ कट्टर हिंदुत्ववादी मतदाताओं को पसंद आ सकती है। यह सुनिश्चित करके कि, उक्त वोट कांग्रेस की तरफ नहीं जाएं, नई पार्टी चुनाव में उन सीटों पर सत्तारूढ़ पार्टी की मदद कर सकती है जहाँ बहुत मामूली अंतर से बहुमत आता है।

तथापि, आर.एस.एस. के इन पूर्व नेताओं और कार्यकर्ताओं का यह कदम अव्यवस्था को और बढ़ाकर दुधारी तलवार का काम कर सकता है। कांग्रेस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'भाजपा नेता पूरे पांच साल नज़र नहीं आए और अब रथ पर चढ़ कर दिखावा कर रहे हैं'

## बांदीकुई में अपने पिता व वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय राजेश पायलट की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में सचिन पायलट ने भाजपा पर करारा प्रहार किया

- पायलट ने राज्य में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा को फ्लॉप बताया और कहा कि, भाजपा का हश्र क्या होगा, यह उनकी सभाओं में जुटने वाली भीड़ से पता लग रहा है।
- बांदीकुई जाते समय पायलट का कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं व आम जनता ने शानदार स्वागत किया। बांदीकुई में मूर्ति अनावरण और जनसभा कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ी।

दौसा, 11 सितम्बर (निसं)। पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने जिले के बांदीकुई उपखंड स्थित राजेश पायलट राजकीय कॉलेज में अपने पिता, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की मूर्ति का अनावरण किया। साथ ही, पायलट ने कृषि उपज मंडी समिति, बांदीकुई में कवरिंग एक्शन प्लेटफार्म चार दिवारी, ट्यूबवैल, हाई मास्क लाइट का लोकार्पण भी किया।

मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में भारी संख्या में जुटी भीड़ को संबोधित करते हुए पायलट ने कहा कि, केंद्र सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के साथ धोखा व कुठाराघात किया है। पायलट ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि, केंद्र सरकार ने आम लोगों की पीड़ा नहीं सुनी, बल्कि इसके विपरीत गरीबों के लिए जो योजनाएं कांग्रेस सरकार द्वारा बनाई गई थीं उन योजनाओं को तहस-नहस करने का कार्य किया है।

आम सभा को संबोधित करते हुए पायलट ने केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि, मोदी सरकार ने नोटबंदी की, जीएसटी लागू की, गैस सिलेंडर सहित पैट्रोल उत्पादों को महंगा कर दिया, आज केंद्र सरकार की नीतियों से महंगाई चरम पर है, घर खर्च आम लोगों के बजट से बाहर हो गया है।

पायलट ने भाजपा द्वारा निकाली जा रही परिवर्तन संकल्प यात्रा को भी फ्लॉप बताते हुए कहा कि, भाजपा का आने वाले समय में क्या हश्र होने वाला है वो इनकी परिवर्तन यात्रा के दौरान जुटने वाली भीड़ से ही पता लग रहा है। उन्होंने कहा कि, भाजपा का काम सिर्फ ध्यान भटकाना है, लोगों को धर्म -जाति की बात कर भड़काना है।

संबोधन के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की सोच का जिक्र करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि, वे कृषि को उद्योग का दर्जा दिलाना चाहते थे, किसानों को क्रेडिट कार्ड दिलाना चाहते थे, उस समय उनकी यह सोच थी। लेकिन यह काम 20 साल बाद देखने को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि, उनके पिता राजेश पायलट का सपना था कि, किसानों के बच्चे भी पढ़ लिखकर ऊंचे पदों पर बैठें एवं उस जगह तक पहुंचे जहां देश को चलाने की नीतियां बनती हैं, ताकि स्थानीय स्तर पर उन नीतियों को लागू कर सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

कार्यक्रम को कृषि राज्यमंत्री, दौसा विधायक मुरारी लाल मीणा, बांदीकुई विधायक गजराज खटाना, चाकसू विधायक वेद प्रकाश सोलंकी, बसेड़ी विधायक खिलाड़ी लाल बैरवा द्वारा भी संबोधित किया गया। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता व आम जनों ने "पायलट पायलट" के नारों से माहौल गुंजायमान कर दिया।

बांदीकुई जाते समय पायलट कांग्रेस के दौसा जिला मुख्यालय भी गये। यहां पायलट के स्वागत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आमजनों का जबरदस्त सैलाब उमड़ पड़ा। कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ताओं ने मिलकर पायलट का जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर पायलट ने भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा पर पलटवार करते हुए कहा कि, पांच साल धरातल से नदारद रहे भाजपा नेता अब रथों पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है। ?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज्म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क - 94602 07080

# "नगर दर्शन" करेंगे रामलला प्राण प्रतिष्ठा से पहले

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। राम लला की मूर्ति 21 या 22 जनवरी को "नगर दर्शन" के लिये अयोध्या नगरी में घुमाई जायेगी। इस धार्मिक अनुष्ठान के बाद मूर्ति को भव्य राम मंदिर में स्थापित किया जायेगा।

- प्राण प्रतिष्ठा की तिथि प्रधानमंत्री कार्यालय तय करेगा, क्योंकि उसमें मुख्य अतिथि प्र.मंत्री मोदी हैं। इसलिए 21 या 22 जनवरी में से किसी एक दिन होगा रामलला का नगर दर्शन कार्यक्रम।

मूर्ति स्थापना की सही तिथि का निर्णय प्रधानमंत्री कार्यालय लेगा क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ही इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

राम जन्मभूमि के महंत नृत्य गोपाल दास ने संकेत दिया है कि, निर्माणाधीन मंदिर के उद्घाटन के लिये सर्वाधिक उपयुक्त तिथि 22 जनवरी है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चार राज्यों में चुनावों से पहले आएगी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की बाढ़

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- इसकी शुरुआत होगी तेलंगाना से, जहां हैदराबाद में 16-17 सितम्बर को सी.डब्ल्यु.सी. की बैठक होने जा रही है तथा 17 को ही हैदराबाद में विशाल जनसभा होगी।
- सी.डब्ल्यु.सी. के विभिन्न सदस्य तेलंगाना के अलग-अलग चुनाव क्षेत्रों में यात्राओं को हरी झण्डी दिखाएंगे व इनमें शिरकत करेंगे।
- यही रणनीति उन सभी राज्यों में भी लागू होगी, जहां चुनाव होने हैं।

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। चुनावी माहौल को पार्टी के पक्ष में बनाने के लिये, कांग्रेस चारों चुनावाधीन राज्यों में वरिष्ठ नेताओं की झड़ी लगा देने की योजना बना रही है।

पार्टी इसकी शुरुआत तेलंगाना से करने जा रही है।

नवगठित सी.डब्ल्यु.सी. की एक मीटिंग 16 और 19 सितम्बर को हैदराबाद में आयोजित की जा रही है। 16 तारीख को इस मीटिंग में केवल सी.डब्ल्यु.सी. सदस्य ही होंगे, जबकि 17 तारीख को मीटिंग में मुख्यमंत्री, पी.सी.सी. अध्यक्ष तथा वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे। फिर 17 तारीख की शाम को ही हैदराबाद में एक जनसभा आयोजित होगी। और 18 तारीख को सी.डब्ल्यु.सी. सदस्य तेलंगाना के विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में भेज दिये जायेंगे, जहाँ वे यात्राओं को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे तथा उनमें शामिल होंगे। ज्ञातव्य है कि तेलंगाना के विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में यात्राएं संचालित होंगी।

सूत्रों ने कहा कि वरिष्ठ पार्टी नेताओं को तेलंगाना के सभी चुनाव क्षेत्रों में फैला देने का यह तरीका अन्य चुनावाधीन राज्यों में भी दोहराया जायेगा, जिसके पार्टी के पक्ष में जोरदार माहौल बन सके।

पार्टी तेलंगाना में अच्छे प्रदर्शन की आशा सँजोये हुये है। राज्य में भाजपा की स्थिति अच्छी नहीं है तथा दौड़ से बाहर होने की स्थिति में है तथा टी.आर.एस./बी.आर.एस. दो बार लगातार सत्ता में रहने के बाद, इस बार सत्ता-विरोधी सोच से जूझ रही है।

सूत्रों ने कहा कि सी.डब्ल्यु.सी. के लिये कोई बड़ा राजनैतिक एजेंडा नहीं है तथा ऐसी आशा की जा रही है कि सी.डब्ल्यु.सी. की मीटिंग में तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश की राजनैतिक स्थिति पर चर्चा होगी।

सूत्रों ने कहा कि सी.डब्ल्यु.सी. के लिए कोई बड़ा राजनैतिक एजेंडा नहीं है तथा ऐसी आशा की जा रही है कि सी.डब्ल्यु.सी. की मीटिंग में तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश की राजनैतिक स्थिति पर चर्चा होगी।

यह मीटिंग सचिन पायलट, शशि थरूर तथा गौरव गोगोई जैसे नवनियुक्त सदस्यों की पहली सी.डब्ल्यु.सी. मीटिंग होगी। सी.डब्ल्यु.सी. में उनके विचारों को सुनना तथा यह देखना कि वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य के लिये वे क्या नया सोच लेकर आते हैं, रूचिकर रहेगा।

# पत्रकारों के खिलाफ कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

नई दिल्ली, 11 सितंबर (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ई.जी.आई.) के चार सदस्यों को मणिपुर में हिंसक जातीय झड़पों संबंधित एक रिपोर्ट प्रकाशित करने के बाद उनके खिलाफ दर्ज दो

- सुप्रीम कोर्ट ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ई.जी.आई.) के चार सदस्यों को अगली सुनवाई, 15 सितम्बर तक के लिए सुरक्षा प्रदान की।

प्राथमिकियों के मामले में किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर छह सितंबर को लगाई गई रोक की अवधि सोमवार को अगली सुनवाई 15 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने ई.जी.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जी-20 शिखर सम्मेलन में मोदी के नेतृत्व की कुशलता की तारीफ करते नहीं अघा रहा वैस्टर्न मीडिया

## पर, चीन का कहना है कि, भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता का दुरुपयोग किया और चीन को नुकसान पहुंचाया है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- अमेरिकन थिंक टैंक, एटलांटिक काउन्सिल ने लिखा कि, शी जिनपिंग व पुतिन की अनुपस्थिति भारत का अपमान है, उन्होंने जी-20 की भारत की अध्यक्षता को प्रभाव शून्य करने की कोशिश की, पर, शिखर सम्मेलन के समाप्त होते-होते साफ हो गया कि, भारत न केवल अध्यक्ष के रूप में भारी सफल रहा है, बल्कि उसने बड़े देशों से लगभग सभी मसलों पर सर्वसम्मति हासिल की, अफ्रीकन यूनियन को स्थाई सदस्य बनवाकर दशकों से उपेक्षित देशों को नेतृत्व प्रदान किया।
- चीन और पाकिस्तान के घोर विरोध के बावजूद भी भारत ने अरूणाचल प्रदेश व कश्मीर में जी-20 की मीटिंग्स आयोजित कीं। चीन के थिंक टैंक ने कहा कि, भारत ने ऐसा करके सुर्खियां बटोरने की कोशिश की, पर, जी-20 मीटिंग के सहयोगात्मक वातावरण को नुकसान पहुंचाया।

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। पश्चिम के विदेश नीति विशेषज्ञों ने अभी-अभी दिल्ली में सम्पन्न हुये जी-20 सम्मेलन, जी-20 की विज्ञप्तियों एवं सरकारी सूचनाओं तथा मील के पत्थर बने अन्य कार्यों की जमकर तारीफ की है।

दूसरी तरफ, चीन ने भारत पर आरोप लगाया है कि उसने जी-20 सम्मेलन की मेजबानी का लाभ उठाते हुये, अपने एजेंडा को आगे बढ़ाने तथा चीन के हितों को नुकसान पहुँचाने की कोशिश की है।

"चाइना इन्स्टीट्यूट ऑफ कन्टैम्परेरी इन्टरनैशनल रिलेशंस" से सम्बद्ध एक चीनी थिंक टैंक ने कहा है, "विवादित क्षेत्रों में मीटिंगों की मेजबानी करने में भारत के कार्यों ने "लोक प्रसिद्धि" चुराई है, जी-20 सम्मेलन ने सहयोगपूर्ण वातावरण को बिगाड़ा है तथा ठोस परिणामों की उपलब्धि में विघ्न डाला है।"

लेकिन अमेरिकन थिंक टैंक, "द एटलांटिक काउंसिल" का प्रतिनिधित्व करने वाले विशेषज्ञों ने कहा कि पिछले महीने भारत ने अपना स्पेसक्राफ्ट चन्द्रयान-3 सफलतापूर्वक चन्द्रमा पर उतारा है। इस सप्ताहान्त में नई दिल्ली में फ्यूचरिस्टिक कन्वेंशन सेन्टर, जो एक उड़नतश्करी जैसा दिखाई देता है, को ज़मीन पर उतारने की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। "ट्वन्टी" (जी-20) के ग्रुप ने नेताओं की 83 पैराग्राफों वाली घोषणा का अनुमोदन किया, जिसमें प्लास्टिक प्रदूषण से लेकर आतंकवाद तक के विभिन्न प्रकार के मुद्दे शामिल थे। जहाँ विश्व के सम्पन्नतम देशों के बीच सर्वसम्मति बनना सदैव ही मुश्किल हुआ करता है तथा चीनी नेता शी जिनपिंग तथा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की अनुपस्थिति के कारण इसकी आशाएं और भी कम हो गई थीं, वहीं भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में एक ऐसी तैयार हुई, जिसमें अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं को शामिल किये जाने के साथ ही ग्रुप के नये सदस्य के रूप में अफ्रीकन यूनियन का स्वागत किया गया।

एटलांटिक काउंसिल एक निष्पक्ष संगठन है जो अमेरिकी नेतृत्व एवं विश्व में उसमें सहयोगियों एवं भागीदारों के साथ वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित करता है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नाथूराम मिर्धा की पोती ज्योति मिर्धा भाजपा में शामिल

जयपुर, 11 सितम्बर (का.सं.)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा। मारवाड़ में कांग्रेस के सबसे मजबूत नेता रहे स्व. नाथूराम मिर्धा की पोती सोमवार को भाजपा में शामिल हुई।

- कांग्रेस की पूर्व सांसद रहीं ज्योति मिर्धा के साथ, कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके रिटायर्ड आई. पी. एस. सवाई सिंह भी भाजपा में शामिल हुए।

नागौर से पूर्व कांग्रेसी सांसद डॉ. ज्योति मिर्धा ने दिल्ली भाजपा मुख्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान रिटायर्ड आईपीएस सवाई सिंह चौधरी भी भाजपा में शामिल हुए, रिटायर्ड आई.पी.एस. सिंह खींवसर से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

समस्त महान गलतियों की तह में अभिमान ही होता है। –रस्किन

# संसद का विशेष सत्र- बूझो तो जानें

संसद का विशेष सत्र जो कि 18 सितंबर से 22 सितंबर, 2023 तक होगा, सबके लिए एक पहेली की तरह सिद्ध हो रहा है । जनता को तो छोड़िए, मीडिया तक को भी इसकी कोई जानकारी नहीं है कि इस विशेष संसद सत्र को क्यों बुलाया गया है और इसमें किन विषयों पर चर्चा होनी है? राजनीतिक दल एवं अन्य राजनीतिक पंडिते भी अपनी-अपनी दृष्टि से केवल अनुमान ही लगा रहे हैं। सरकार सामान्यता स्वयं ही स्पष्ट कर देती है कि विशेष सत्र का उद्देश्य क्या है ? ऐसा इस बार कुछ नहीं किया गया है, इसीलिए अफवाहों का बाजार गर्म है। इस लेख में हम यह देखने का प्रयास करेंगे कि इस विशेष सत्र का क्या उद्देश्य है और किस प्रकार के विषय इसमें लिए जा सकते हैं?

यह मान कर चलना गलत नहीं होगा कि यह विशेष सत्र आगामी कुछ माह में राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के विधानसभा चुनाव एवं मई, 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर ही बुलाया गया है। अत: यह तो स्वाभाविक है कि इस सत्र का प्रमुख उद्देश्य भाजपा द्वारा चुनाव में सफलता को सुनिश्चित किया जाना होगा। ऐसा अनुमान इसलिए भी लगाया जा रहा है कि गत कुछ दिनों में जब से विपक्षी दलों ने एक जुट होकर 'इंडिया'(INDIA) के नाम से गठबंधन बनाया है, तब से भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए में कुछ घबराहट सी दिखाई देती है। भाजपा जितनी निश्चिंत पहले थी उतनी वर्तमान में दिखाई नहीं देती । इसलिए स्वाभाविक है कि वह मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए कुछ भी करेगी, चाहे उसके लिए संसद का विशेष सत्र ही क्यों न बुलाया जाए।

पहला अनुमान तो यही है कि संविधान के अनुच्छेद में परिवर्तन करके देश का नाम केवल 'भारत' ही रख दिया जाए । वर्तमान में हिंदी में भारत एवं अंग्रेजी में इंडिया कहा जाता है और इसी का उल्लेख संविधान के अनुच्छेद एक में है। विश्व भर में भारत को इंडिया के नाम से ही जाना जाता है। जब से विपक्षी दलों ने अपने मोर्चे का नाम इंडिया (Indian National Developmental Inclusive Alliance) रखा है, तब से भाजपा एवं प्रधानमंत्री मोदी इस इंडिया नाम का ही मज़ाक बनाने में लगे हैं। शायद इसी का परिणाम है कि देश के नाम से भी इंडिया हटाने का प्रयास जारी है। संवैधान विशेषज्ञों का मानना है कि नाम परिवर्तन करने के लिए संविधान में संशोधन करना आवश्यक होगा। न केवल, हिंदी और अंग्रेजी दोनों में 'भारत' नाम करने पर पता नहीं किन-किन स्थानों पर परिवर्तन करना होगा? अब सुप्रीम कोर्ट आफ इंडिया भी सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ भारत कहलाएगा, इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी और आईआईएम में से भी इंडियन शब्द को हटाना होगा। इंडियन आर्मी को भी क्या अंग्रेजी में भारतीय आर्मी ही कहा जाएगा। इसके बदलाव की प्रक्रिया में कितना धन और श्रम लगेगा इसका अनुमान लगाना भी कठिन है। जब सड़कों, शहरों और योजनाओं का नाम बदलने से काम नहीं चला तो अब देश का ही नाम बदला जा रहा है। वास्तव में यदि भाजपा को लगता है कि केवल भारत ही नाम होना चाहिए तो फिर इस कदम को उठाने में उन्हें साढ़े नौ वर्ष क्यों लग गए? स्पष्ट है इसके पीछे कारण केवल विपक्षी गठबंधन का नाम इंडिया रखना ही है । इतना सामान्य विवेक तो एक मतदाता में भी है कि भारत के प्रति अचानक सत्ताधारी दल में इतना प्रेम क्यों उमड़ा, इंडिया से इतनी नफरत क्यों होने लगी?

दूसरा सम्भावित विषय यूनिफॉर्म सिविल कोड का है। भाजपा को लगता है कि धार्मिक ध्रुवीकरण के लिए इससे अच्छा हथियार और कोई नहीं हो सकता । यह जानते हुए भी कि यूनिफॉर्म सिविल कोड का कोई प्रारूप भी सरकार ने अभी तक देश के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया है, कैसे इस पर किसी भी दल या किसी भी समुदाय की आपत्ति ली जा सकती है? कुछ समय पूर्व यूनिफॉर्म सिविल कोड के विषय पर सुझाव अवश्य कानून मंत्रालय ने मांगे थे । यूनिफॉर्म सिविल कोड पर यदि कोई कानून संसद के द्वारा न भी बनाया जाए, तब भी इस पर चर्चा प्रारंभ करना और उसे बनाए रखना धार्मिक ध्रुवीकरण के लिए एक अच्छा तरीका सत्ताधारी दल को लगता है ।

तीसरा विषय जो संसद के विशेष सत्र में लाया जाना संभावित लगता है वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नियंत्रित करने के संबंध में है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हाल ही जिस प्रकार के निर्णय दिए गए हैं, उससे सरकार आशंकित है। हाल ही में मणिपुर की घटनाओं पर रिपोर्ट करने वाले एडिटर्स गिल्ड के चार पत्रकारों एवं उसके अध्यक्ष पर असम सरकार द्वारा एफआईआर दर्ज करने पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस पर रोक लगा दी गई है। सरकार किसी भी असहमति और विरोध को सहन नहीं कर पा रही है। वर्तमान में कई ऐसे प्रकरण नए-नए सामने आ रहे हैं जो सरकार को मुश्किल में डाल सकते हैं चाहे वह अडानी प्रकरण हो या कोई और। इसलिए सोशल मीडिया पर भी एक प्रकार से लगाम कसने हेतु कोई कानून लाया जा सकता है। ऐसा करके सरकार विरोध की आवाजों और उसकी अभिव्यक्ति को राष्ट्रद्रोह घोषित करते हुए, ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करके उनकी आवाज को बंद करने का प्रयास कर सकती है। देखना होगा कि क्या वास्तव में इस हेतु आईटी एक्ट और भारतीय दंड संहिता में किसी संशोधन का कोई विधेयक सरकार द्वारा लाया जाएगा? उल्लेखनीय है कि दोनों सदनों में भाजपा एवं सत्ताधारी एनडीए के पास पूर्ण बहुमत है अत: किसी भी संशोधन को कानून बनाने के लिए उनके पास पर्याप्त क्षमता है ।

> **वास्तव में संसद में क्या बिल लाए जाएंगे या किस प्रकार की घोषणा संसद में सरकार एवं विशेष रूप से प्रधानमंत्री के द्वारा की जाएगी है यह सबके लिए उत्सुकता का विषय है। यह भी हो सकता है कि वे उपर लिखित सभी सम्भावनाओं को नकारते हुए कोई ऐसा निर्णय लें जिसके बारे में किसी ने सोचा ही नहीं हो। इसका उत्तर तो हमें संसद का विशेष सत्र प्रारंभ होने के साथ ही मिलेगा।**

चौथा मुद्दा है, धार्मिक स्थलों के 1947 के स्वरूप को नहीं बदलने के संबंधित कानून में संशोधन करना। अयोध्या प्रकरण के बाद तत्कालीन सरकार ने एक कानून 1993 में बनाया था जिसके अनुसार 15 अगस्त 1947 के समय धार्मिक स्थल का जो स्वरूप था, उसके बारे में कोई विवाद नया नहीं खड़ा किया जाएगा एवं उसके स्वरूप को नहीं बदला जाएगा।

भाजपा एवं संबंधित संगठनों द्वारा विभिन्न मंदिर-मस्जिद के विवादों को उठाने में कोई कानूनी अड़चन नहीं रहेगी और अनेक स्थानों पर मंदिर - मस्जिद के विवाद के माध्यम से समाज का ध्रुवीकरण कर आगामी चुनाव में बह संख्यक समाज के समर्थन के आधार पर जीत को सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा सकेगा। क्या ऐसा होगा, यह विशेष सत्र में देखना होगा।

पांचवां विषय भारतीय न्यायिक प्रक्रिया के संबंध में संशोधित आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट को नए नाम और रूप में संसद से पारित कराना है। विधेयक संसद में रखा जा चुका है। सम्भव है, विशेष सत्र में इसे कानून का रूप भी मिल जाए। इनके माध्यम से जहां न्यायिक प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाने की बात की गई वहीं कुछ आरोपों में गिरफ़्तार लोगों को लंबे समय तक जेलों में बिना ज़मानत के लंबे समय तक जाने का प्रावधान भी रखा गया है।

छठा विकल्प है, एक देश एक चुनाव की दिशा में कोई ठोस कदम आगे बढ़ाया जाय। इसका सबसे बड़ा लाभ सत्ताधारी दल को यह होगा कि राज्यों और संसद के चुनाव एक साथ होने पर इंडिया गठबंधन के दलों के आपसी मतभेद को भुनाना आसान होगा क्योंकि राज्यों में सबके अपने-अपने विरोधाभासी हित हैं। वर्तमान समय में अलग-अलग चुनाव होने पर जहां विधानसभा में वह एक दूसरे के विरुद्ध चुनाव लड़ सकते हैं, जैसे बंगाल में कांग्रेस और टीएमसी, केरल में कम्युनिस्ट और कांग्रेस, उत्तर प्रदेश में समाजवादी और कांग्रेस, बिहार में जनता दल यू और, कांग्रेस और राष्ट्रीय राष्ट्रीय जनता दल, दिल्ली में काँग्रेस और आम आदमी पार्टी, पंजाब में काँग्रेस और आप आदि। एक साथ चुनाव होने पर सब अपने-अपने स्थानीय क्षेत्र में ही व्यस्त हो जाएंगे और लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी एवं मोदी की राह बहुत आसान हो जाएगी। संविधान विशेषज्ञों के अनुसार एक देश, एक चुनाव की अवधारणा को लागू करना कठिन है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के लिए कुछ भी नामुमकिन नहीं है, जैसा कि उन्होंने अचानक राष्ट्रीय टी वी पर आकर नोटबंदी और पूरे देश में पूर्ण लोकडाउन की घोषणाएं की थीं। वैसे भी प्रधानमंत्री मोदी को देश को झटका देने की आदत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने निर्णय की क्रियान्वित में आने वाली कठिनाइयों तथा व्यवहारिकता की अधिक परवाह नहीं करते हैं। वह किसी भी निर्णय को पूरे इवेंट के रूप में जनता के समक्ष प्रस्तुत करने में माहिर हैं।

9 और 10 सितंबर को आयोजित G 20 सम्मेलन भी इसका एक ज्वलंत उदाहरण है। देशवासियों को पता है कि G 20 प्रति वर्ष अलग अलग देश में आयोजित होता है। भारत 18 वाँ देश है जहां ऐसा हो रहा है। भारत के अलावा अन्य देशों ने इसे राष्ट्रीय इवेंट नहीं बनाया और न वहां की सरकारों ने इसका राजनैतिक लाभ लेने का प्रयास किया। ऐसा करने के लिए चाहे देश के हजारों करोड रुपए खर्च हो जाएँ और दिल्ली के गरीब नागरिकों को अतिक्रमण हटाने के नाम पर विस्थापित कर दिया जाय। विदेश के राष्ट्राध्यक्षों को हमारी गरीबी नहीं दिखाई दे, इसके लिए सफेद और हरे रंग के कपडे से उनकी बस्तियों को छिपाने का प्रयास किया गया। ऐसा करते समय सरकार यह भूल जाती है कि आज के संचार क्रांति के युग में किसी से कुछ भी छुपाना सम्भव ही नहीं है।

सातवीं संभावना यह है कि महिला आरक्षण बिल को नए रूप में संसद में प्रस्तुत कर इसे पास कराया जाए। महिला आरक्षण का मामला वैसे तो कई वर्षों से लंबित है किंतु इसे लाकर महिला मतदाताओं का समर्थन करना सुनिश्चित किया जा सकता है।

आठवीं संभावना यह है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय में धारा 370 को हटाने से संबंधित हुई सुनवाई को ध्यान में रखते हुए जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा वापस दे दिया जाए एवं वहां पर शीघ्र चुनाव कराने की दिशा में कदम उठाया जाए। सरकार हालांकि अब तक कहती रही है कि वहां पर पुनर्सीमांकन का कार्य होने के पश्चात ही चुनाव कराए जा सकेंगे। सीमांकन का उद्देश्य यही है कि जम्मू क्षेत्र के विधानसभा सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि जम्मू कश्मीर राज्य में भाजपा की सरकार बनने की संभावना बढ़ जाए।

नवीं संभावना है यह भी व्यक्त की जा रही है कि लोकसभा की सीटों के सीमांकन का कार्य प्रारंभ कर दिया जाए एवं तब तक के लिए लोकसभा के चुनाव स्थगित कर दिये जाएँ। नई संसद में लोकसभा में 745 सीटों की क्षमता रखी गई है। इसके परिणामस्वरुप सत्ताधारी दल को एक लाभ यह संभावित है कि दक्षिण की तुलना में उत्तरी भारत से अधिक सांसद चुनकर आ पायेंगे जहां उसे अधिक समर्थन प्राप्त है।

उपरोक्त लिखित सभी विकल्प तो केवल जनमानस के मन में संभावना के तौर पर हैं। वास्तव में संसद में क्या बिल लाए जाएंगे या किस प्रकार की घोषणा संसद में सरकार एवं विशेष रूप से प्रधानमंत्री के द्वारा की जाएगी है यह सबके लिए उत्सुकता का विषय है। यह भी हो सकता है कि वे उपर लिखित सभी सम्भावनाओं को नकारते हुए कोई ऐसा निर्णय लें जिसके बारे में किसी ने सोचा ही नहीं हो। इसका उत्तर तो हमें संसद का विशेष सत्र प्रारंभ होने के साथ ही मिलेगा। तब तक तो हमें 'बूझो तो जानें' जैसा खेल ही खेलते रहना पड़ेगा। एक सामान्य मतदाता तो यही अपेक्षा कर सकता है कि कोई इस प्रकार का निर्णय संसद में लिया जाए जिसका सकारात्मक प्रभाव उसके जीवन पर पड़े और वह अधिक खुशहाल हो सके।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# चांदपुर खान में खुलेआम हो रहा है अवैध खनन

- **पुरानी छावनी गांव के पास स्थित चांदपुर खान कई सालों से कागजों में बंद**
- **हकीकत में रोज यहां से अवैध तरीके से सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली पत्थर भरकर ले जाते हैं**
- **'ये हमारे क्षेत्र में नहीं आता, यह फॉरेस्ट वालों के क्षेत्र में आता है, हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है, फॉरेस्ट वालों से बात करें'**

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर के नजदीक पुरानी छावनी गांव के पास स्थित चांदपुर की खान पिछले कई सालों से कागजों में बंद है। लेकिन हकीकत बात ये है कि यहां अधिकारियों की नाक के नीचे बड़े स्तर पर अवैध खनन हो रहा है। यहां से हर रोज सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर-ट्राली अवैध तरीके से पत्थर भरकर ले जाते हैं। अधिकारी भले ही अवैध खनन पूरी तरह बंद होने के दावे करते हो। लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है।

अकेली चांदपुर खान में ही रोज जेसीबी मशीन से खुलेआम बड़े स्तर पर अवैध खनन चल रहा है। यहां से कई दर्जन ट्रैक्टर ट्राली एक साथ अवैध तरीके से पत्थर भरकर ले जाते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं। धौलपुर जिले की जनता के सबसे लोकप्रिय और नंबर वन चैनल फर्स्ट ट्रेक ने अपने सूत्रों से चांदपुर खान की पड़ताल कराई तो चौकाने वाले हालात सामने आए। मौके पर कई ट्रैक्टर ट्रॉली यहां से अवैध तरीके से पत्थर भरकर ले जाते हुए मिले।

वहीं जेसीबी मशीन से बड़े स्तर पर यहां अवैध खनन होता हुआ मिला। अवैध तरीके से पत्थर भरकर ले जाते इन ट्रैक्टर ट्राली से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज धौलपुर के पास झोपड़ी डालकर बैठे नाके के कर्मचारी रसीद काटकर इनसे पैसे की भी वसूली करते हैं। इसके अलावा अवैध पत्थर से ओवरलोड भरे ट्रैक्टर ट्राली को धौलपुर शहर में आगे के पहिए उठे हुए हालत में सड़कों से निकलते हुए आसानी से देखा जा सकता है। जिससे हादसा होने की भी आशंकाएं बनी रहती है। बड़ी बात ये भी है कि जिस समय ये ट्रैक्टर ट्राली शहर से गुजरते हैं वह समय सुबह के समय स्कूली बच्चों का स्कूल जाने का होता है। जिससे बाजार में स्कूल जाने वाले बच्चे और स्कूली वाहनों की भीड़ रहती है।

इस मामले में खनिज विभाग धौलपुर के एमई मुकेश चंद्र मंगल का कहना है कि ये हमारे क्षेत्र में नहीं आता, यह फॉरेस्ट वालों के क्षेत्र में आता है, हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है, फॉरेस्ट वालों से बात करें। वही इस मामले में वन विभाग धौलपुर के डीएफओ किशोर कुमार गुप्ता का कहना है कि एकाद दिन में दौरा करके पूरे हालात की जानकारी लेता हूं। हम अवैध खनन नहीं होने देंगे। जो भी अवैध खनन करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बीकानेर मंडल के सभी कारागारों में क्षमता से अधिक बंदी

## विरोधी गुटों के बंदी जेलों में आने से बढ़ी सुरक्षा की चिंता

- **बीकानेर मंडल के 15 केन्द्रीय कारागारों में क्षमता से करीब दो गुना बंदी**

**बीकानेर, (कासं)।** पुलिस के विशेष धरपकड़ अभियान से प्रदेश की जेलों में क्षमता से अधिक बंदी हो गए हैं। अकेले बीकानेर मंडल के 15 केन्द्रीय कारागारों की बात करें, तो इनमें क्षमता से करीब दो गुना बंदी अभी रखे हुए हैं। हार्डकोर व हिस्ट्रीशीटरों की संख्या बढ़ने से जेल प्रशासन की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

जेलों में दो विरोधी गिरोह के बदमाशों को रखने से जेल प्रशासन को फूंक-फूंक कर कदम रखने पड़ रहे हैं। प्रदेश की जेलों में हार्डकोर व हिस्ट्रीशीटर पहले भी कई बार वारदातों को अंजाद दे चुके हैं। जेल से बंदी रंगदारी, अपहरण और फिरौती वसूलने जैसी वारदातों में ज्यादा लिप्त दिखाई देते रहे हैं।

प्रदेश के 33 जिलों में जिला एवं सब जेलों के हालात विकट हैं। दस केन्द्रीय कारागार में 10 हजार 387 बंदियों को रखने की क्षमता है। कई जिला कारागार व उप कारागारों में क्षमता से दो गुना तक बंदी रखने पड़ रहे हैं। प्रदेश में 10 केन्द्रीय कारागार, 26 जिला जेल, 60 उप कारागार, सात महिला जेल, एक हाई सिक्युरिटी और एक किशोर सुधार बंदी गृह जैतारण में हैं।

जेल विभाग के सूत्रों के अनुसार वर्तमान में प्रदेश की जेलों में औसतन साढ़े दस हजार बंदी हैं। इनमें 22 फीसदी सजायाफ्ता और 78 प्रतिशत विचाराधीन बंदी हैं। इसके अलावा पुलिस की ओर से पिछले आठ महीनों से विशेष धरपकड़ अभियान और चलाया जा रहा है। इसके चलते भी कई और बंदी बढ़ गए हैं। जेल में क्षमता से अधिक बंदी है। यह सही है लेकिन सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त है। सजायाफ्ता व विचाराधीन बंदियों की संख्या अधिक है। वर्तमान में पिछले दिनों चले पुलिस के विशेष अभियानों से भी बंदियों की संख्या बढ़ी है।

## मेडिकल कॉलेज में कार्यशाला शुरू

**जोधपुर (कासं)।** एम. आर. यू., डॉ. एस एन मेडिकल कॉलेज और आईसीएमआर-एनआईआईएच, मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय वर्कशॉप का उद्घाटन हुआ।

डॉ. दिलीप कच्छावा, प्राचार्य एवं नियंत्रक, डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज ने डॉ. हिना तबस्सुम परियोजना समन्वयक-आईसीएमआर और डॉ. वंदना प्रधान प्रोजेक्ट पीआई मुंबई को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए कहा कि हमें रिसर्च को पश्चमी देशों के रिसर्च से तुलना ना करके हमें हमारे देश के हिसाब से रिसर्च करनी चाहिए और आज की तारीख में भारत में पूरे विश्व के सबसे यूवा रिसर्चस है तथा हमारी रिसर्च को पूरा विश्व मान्यता देने लगा है। उन्होंने कश्मीर से कन्या कुमारी तक के सभी चुनींदा सांइटीस्टों का जोधपुर की धरती पर स्वागत किया।

# वीरांगनाएं व गैलेंट्री अवॉर्ड धारक सम्मानित

## भूतपूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं ने अपनी समस्यायें बताईं

- **सैनिक संवाद एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ**

**जोधपुर, (कासं)।** जिला सैनिक कल्याण विभाग, जोधपुर के तत्वावधान में सोमवार को जिला कलेक्टर सभागार में सैनिक संवाद एवं सम्मान समारोह का आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए राज्यस्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष रामसहाय बाजिया ने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण से जुडी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बाजिया ने राज्य सरकार द्वारा सैनिकों, सेवानिवृत्त सैनिकों एवं उनके परिजनों के लिए उठाए जा रहे कल्याणकारी कदमों की जानकारी देते हुए कहा कि सैनिकों से संबंधित समस्याओं पर राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि राजस्थान के सैनिक के फिजिकल कैजुअल्टी में परिवार के एक व्यक्ति को अनुकंपा नौकरी, राजस्थान एक्स सर्विसमैन कॉर्पोरेशन के माध्यम से 45 प्रतिशत वेतन बढ़ाने जैसे कार्य किए हैं। उन्होंने राज्य सैनिक बोर्ड का भवन बनाने के लिए 20 करोड़ और कालवाड़ रोड पर 4000 वर्ग गज जमीन आवंटित की गई है। द्वितीय विश्व युद्ध की वीर नारियों की पेंशन चार हजार से बढ़ाकर दस हजार महिना तथा इसमें शहीद हुए सैनिकों के आश्रितों को सरकारी नौकरी, सैनिकों के डाटा का डिजिटलीकरण, शहीदों को मिलने वाले पैकेज को 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये करने जैसे कई कदम राज्य सरकार द्वारा उठाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि रिटायरमेंट के बाद सैनिकों की बहुत सारी विसंगतियां थीं, जिन्हें दूर किया गया है। पूर्व में किसी भी एग्जाम में 2 साल तक का टाइम रहता था, उसे 5 साल किया गया है। सरकारी नौकरियों में पूर्व सैनिकों के लिए 40 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य था, उसे 35 प्रतिशत कर दिया गया। इसे और भी कम करते हुए पर्याप्त संख्या में पूर्व सैनिक नहीं मिलने पर 30 प्रतिशत तक लाया गया है।

सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष रामसहाय बाजिया ने सैनिक संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम में शहीद वीरांगनाओं का शॉल ओढ़ाकर एवं गैलेंट्री अवॉर्ड धरकों का साफा एवं पुष्पहार से सम्मान भी किया।

इस दौरान भूतपूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं ने अपनी समस्याओं से भी अवगत करवाया। कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (सेवा निवृत्त) दिलीप सिंह खंगारोत ने जिले के सैनिक कल्याण कार्यालय का विभागीय विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौरव सेनानी उपस्थित रहे।

# ''उत्कर्ष क्लासेज'' का आरएएस अभ्यर्थियों के लिए ऑफलाइन मॉक टेस्ट 17 को

## सभी जिला मुख्यालयों पर आरएएस प्री- 2023 ऑफलाइन मॉक टेस्ट होगा

- **टेस्ट के आधार पर हर विद्यार्थी की राज्य स्तर पर रैंकिंग भी तैयार की जाएगी**
- **मॉक टेस्ट में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को उत्कर्ष एप में 2 ऑनलाइन टेस्ट भी निशुल्क दिए जाएंगे**

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आगामी आरएएस भर्ती परीक्षा प्री-2023 के प्रारम्भिक चरण का आयोजन अगले माह किए जाने की संभावना है। ऐसे में उत्कर्ष क्लासेस संबंधित परीक्षार्थियों के लिए सम्पूर्ण राज्य के गत 33 जिला मुख्यालयों पर आरएएस प्री-2023 का ऑफलाइन मॉक टेस्ट आगामी 17 सितंबर को प्रात: 10 बजे आयोजित करने जा रहा है। ओएमआर शीट पर होने वाले इस टेस्ट के आधार पर हर विद्यार्थी की राज्य स्तर पर रैंकिंग भी तैयार की जाएगी।

उत्कर्ष ग्रुप के चेयरमैन डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि आरएएस अभ्यर्थियों के लिए इस रविवार संस्था द्वारा ऑल राजस्थान ऑफलाइन मॉक टेस्ट आयोजित किया जा रहा है जो कि विद्यार्थियों के लिए स्वयं की तैयारी को परखने का एक बेहतर अवसर है। यह मॉक टेस्ट जयपुर, जोधपुर सहित राज्य के पूर्व सभी जिला मुख्यालयों पर एक साथ आयोजित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उनके मूल आवास स्थान के नजदीक परीक्षा केंद्र आवंटित किए जा सकें। मॉक टेस्ट में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को उत्कर्ष एप में 2 ऑनलाइन टेस्ट भी निशुल्क दिए जाएँगे। टेस्ट में भाग लेने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना आवश्यक है।

विद्यार्थियों के लिए ऑफलाइन मॉक टेस्ट की अहमियत पर विचार प्रकट करते हुए उन्होंने बताया कि विदित है कि आरएएस भर्ती परीक्षा-2023 के तहत 905 पदों के लिए छह लाख नब्बे हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं जो प्रारम्भिक चरण की प्रतिस्पर्धा की संभावित कठिनता को दर्शाता है। ऐसे में विश्वसनीय स्तर पर तैयार मॉक टेस्ट में भाग लेकर अभ्यर्थी न केवल अपनी तैयारी की खूबियों व खामियों को जाँच सकते हैं बल्कि वास्तविक परीक्षा से पहले जरूरी हौसला भी जुटा सकते हैं।

परीक्षा से पहले एक अहम परीक्षा की तर्ज पर उत्कर्ष द्वारा आयोजित इस मॉक टेस्ट की रूपरेखा सिविल परीक्षाओं के अनुभवी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में तैयार की गई है, वहीं पेपर में शामिल प्रश्नों का चयन परीक्षा पैटर्न तथा नवीनतम पाठ्यक्रम के अनुसार किया गया।

## राशिफल मंगलवार 12 सितम्बर, 2023



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, आश्लेषा नक्षत्र रात्रि 11:01 तक, शिव योग रात्रि 1:11 तक, गर करण दिन 1:07 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 11:01 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-कन्या, बुध-सिंह, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 11:01 तक है। भद्रा रात्रि 2:22 से बुधवार दिन 3:35 तक रहेगी। आज भौम प्रदोष व्रत है। आज से जैन पर्युषण आरम्भ होंगे। (चतुरथी व्रत)

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:14 से 10:51 तक, लाभ-अमृत 10:51 से 1:35 तक, शुभ 3:28 से 5:00 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:14, सूर्यास्त 6:32

### मेष




घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। अतिथियों के आगमन से भागदौड़ रहेगी। बना रहेगा। उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### वृष




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।

### मिथुन




आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों मे उचित सफलता मिलेगी।

### कर्क



मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह



अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

### कन्या



आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

### तुला



व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। घर-परिवार के कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।

### वृश्चिक



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु




अपनी कार्य योजना को आज और सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

### मकर



परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

### कुंभ



अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे।

### मीन



व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को परेशानी हो सकती है। आर्थिक समस्या अभी यथावत बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# हाऊसिंग बोर्ड की ''प्रोजेक्ट मैनेजर'' भर्ती परीक्षा में नकल करवाने वाला गिरोह पकड़ा

## करणी विहार क्षेत्र स्थित अग्रिमा ऑनलाइन टेस्टिंग सेंटर पर पुलिस की कार्रवाई, दो आरोपी प्रदीप कुमार और चेतराम मीणा गिरफ्तार



जयपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने हाउसिंग बोर्ड ''प्रोजेक्ट मैनेजर'' की ऑनलाइन भर्ती परीक्षा में नकल करवाने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

- आरोपियों से प्रश्न पत्र स्कैन करने वाली डिवाइस लगे हुए दो कम्प्यूटर भी बरामद
- परीक्षा में नकल करवाने के बदले परीक्षार्थी से की जा रही थी 15 लाख रु. की डील
- गिरफ्तार आरोपी अग्रिमा ऑनलाइन टेस्टिंग सेंटर का मालिक और उसके साथी पूर्व में भी हरियाणा में परीक्षा में नकल करवाते गिरफ्तार हो चुके
- कम्प्यूटर में लगी डिवाइस प्रश्नपत्र स्कैन करती थी, जिसके आधार पर बदमाश उत्तरों की पर्ची तैयार करते

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने हाउसिंग बोर्ड ''प्रोजेक्ट मैनेजर'' की ऑनलाइन परीक्षा में नकल करवाने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा अन्य संदिग्धों से पूछताछ चल रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ऑनलाइन परीक्षा में नकल में काम आने वाले अतिरिक्त डिवाइस लगे हुए दो डेस्कटॉप बरामद किए है। गिरफ्तार आरोपी अग्रिमा ऑनलाइन टेस्टिंग सेंटर के मालिक और उसके साथी पूर्व में भी हरियाणा में परीक्षा में नकल करवाते हुए गिरफ्तार हो चुके है। इस परीक्षा में नकल के बदले 15 लाख रु. की डील की जा रही थी। हालांकि पुलिस का कहना है कि पुलिस की छापेमारी और एक कम्प्यूटर कम्प्यूटर लॉक होने के कारण गिरोह नकल करवाने में असफल रहा। जबकि दूसरे कम्प्यूटर पर कोई परीक्षार्थी बैठा हुआ नहीं मिला।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि करणी विहार क्षेत्र के अग्रिमा ऑनलाइन टेस्टिंग सेंटर पर हाउसिंग बोर्ड प्रोजेक्ट मैनेजर की ऑनलाइन परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के प्रदीप कुमार निवासी अटेली महेंद्रगढ़ (हरियाणा) और चेतराम मीणा निवासी रैणी (अलवर) को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से अतिरिक्त डिवाइस लगे हुये दो डेस्कटॉप बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रदीप यादव से पूछताछ सामने आया कि उसने और उसके साथी अमित यादव ने अग्रिमा ऑनलाइन टेस्टिंग सेंटर 65 हजार रुपये में किराये पर लिया। उसने साहिल को अग्रिमा ऑनलाईन टेस्टिंग सेन्टर पर हाउसिंग बोर्ड प्रोजेक्ट मैनेजर परीक्षा में आईटी की ड्यूटी लगाई थी। जो परीक्षा केन्द्र पर कही भी आ-जा सकता था। जिससे परीक्षार्थी तक अतिरिक्त डिवाइस लगी डेस्कटॉप को लगाने की व्यवस्था करता था। अतिरिक्त डिवाइस ऑनलाईन परीक्षा प्रश्न की कॉपी करके नकल गिरोह वाली टीम को भेजकर तत्पश्चात गिरोह द्वारा प्रश्नों के उत्तर की पर्ची तैयार कर परीक्षार्थी तक पहुंचाते। साहिल ही अतिरिक्त डिवाइस लगे हुये डेस्कटॉप बाहर से आई-टी एक्सपर्ट से तैयार करवाकर प्रदीप और अमित के माध्यम से सेन्टर के अंदर पहुंचाता था।

आरोपित अमित यादव जो अग्रिमा ऑनलाईन टेस्टिंग सेंटर में उसका पार्टनर है, जो प्रतियोगी परीक्षा के दिन सेंटर में स्टाफ को चाय पिलाने का काम करता है। जिससे वह पूरे सेंटर में कहीं पर भी घूम सकता है। जिससे परीक्षार्थी को बाहर से आयी हुई प्रश्नों के उत्तर की पर्ची पहुंचाने का काम करता। अमित यादव का काम परीक्षा केन्द्र पर मैन पॉवर उपलब्ध करवाने का काम भी था। आरोपित प्रदीप यादव से जानकारी मिली कि संदीप डांगी जो कि सेन्टर में पर्यवेक्षक पवन यादव के बिना फोटो वाली आईडी कार्ड से ड्यूटी कर रहा था। जिन अभ्यर्थियों को पर्ची देनी है उसकी सीट के बारे में साहिल व अन्य पर्ची देने वाले को बताता।

प्रदीप यादव ने बताया कि राजेश यादव को उन्होंने अग्रिमा सेन्टर की परीक्षा ड्यूटी में इलेक्ट्रिशियन का काम करने के लिये सेंटर में ड्यूटी लगा रखी थी। जिसके कारण सेन्टर के अन्दर बाहर आ जा सके। गिरफ्तार आरोपित चेतराम मीणा ने बताया कि लोकेश मीणा निवासी अलवर से उसने पेपर हल करवाने के 15 लाख रुपये में तय हुई थी। जिसमें आधे पैसे परीक्षा के खत्म होने के बाद तथा आधे पैसे चयनित होने के बाद देने थे।

उन्होंने बताया कि अग्रिमा सेन्टर की सीट पर जाकर डेस्कटॉप चेंन्ज करने के लिए वहां के स्टाफ को बोलना, तब उसके पास एक आईटी सेल का स्टाफ आया, जिसने उसका डेस्कटॉप चेंन्ज किया और अतिरिक्त डिवाइस लगी हुई डेस्कटॉप लगा दी। परन्तु जैसे ही अतिरिक्त डिवाईस चालू हुई तो कंप्यूटर लॉक हो गया और उसकी सीट भी बदल दी गयी। कम्प्यूटर को डीओआईटी एक्सपर्ट से चैक कराया तो कम्प्यूटर में अतिरिक्त डिवाइस लगी होना पाया गया। जिससे उसका प्रश्न-पत्र स्कैन किया जा सकता था। पुलिस के आने के कारण व कंप्यूटर लॉक हो जाने के कारण नकल करने में असफल रहा। इधर दूसरी आवंटित सीट पर कंप्यूटर लगा मिला, जिसकी भी डीओआईटी एक्सपर्ट से चेक करवाया तो उस कंप्यूटर में अतिरिक्त डिवाइस लगी होना पाया गया। परन्तु वहॉ कोई परीक्षार्थी नहीं बैठा था। गिरफ्तार आरोपियों से धोखाधड़ी सहित वारदात में शरीक आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# शहर को समस्या मुक्त करने का एक्शन प्लान पेश किया

- राज्य सरकार की ओर से रिपोर्ट पेश करने के बाद न्यायमित्र अधिवक्ता विमल चौधरी व अधिवक्ता योगेश टेलर ने कहा कि सरकार ने कागजों में शहर को दुबई बना दिया है, लेकिन वास्तव में धरातल पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है।

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से शहर को गंदगी, ट्रैफिक जाम, और अतिक्रमण आदि से मुक्त करने के संबंध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए एक्शन प्लान पेश किया गया। जिसे रिकॉर्ड पर लेते हुए अदालत ने मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद रखी है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालती आदेश की पालना में एक्शन प्लान पेश किया गया। जिसमें कहा गया कि देश में पहली बार जयपुर पुलिस की ट्रैफिक बाइक पर नाइट विजन लेजर स्पीड सिस्टम स्थापित किया गया है। इस नाइट हॉक से तेज गति से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह ई चालान डिवाइस से चालान कर ई-कोर्ट के माध्यम से उनका ऑनलाइन निस्तारण किया जा रहा है। वाहन दुर्घटनाओं में कमी के लिए रिफ्लेक्टर नहीं तो वाहन नहीं अभियान चलाया जा रहा है। वहीं शहर के 24 चौराहों को आदर्श चौराहा व 24 मार्गों को सुगम पथ के रूप में चयन कर यहां यातायात सुगम करने के लिए कार्रवाई की गई है। इसके अलावा सड़क पर अवैध कट को बंद कर वहां रिफ्लेक्टिव जर्सी बेरिकेट्स लगाए गए हैं। यातायात शिकायत के लिए अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष स्थापित कर हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि शहर के बीच बहने वाला नाला व्यवस्थित नदी व ग्रीन बेल्ट में परिवर्तित हुआ है। जिसका उपयोग मनोरंजन स्थल के रूप में हो रहा है। वहीं कचरा गाहों के कचरा निस्तारण के लिए ठेका दिया जा चुका है।

रिपोर्ट में बताया गया कि देहलावास एसटीपी पर 170 एमएलडी सीवरेज प्राप्त होने के कारण अतिरिक्त सीवरेज के लिए 90 एमएलडी क्षमता का अतिरिक्त सीवरेज प्लांट का निर्माण व मौजूदा का अपग्रेडेशन किया जा रहा है। इसी तरह ब्रहमपुरी व जयसिंह पुरा खोर में भी दो अतिरिक्त प्लांट बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा कचरे से बिजली उत्पादन के लिए प्लांट की स्थापना का काम शुरू हो चुका है। राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि शहर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कैरिंग चार्ज वसूली जा रहा है। बीते एक अप्रैल से 31 अप्रैल तक कैरिंग चार्ज के रूप में 30 लाख 84 हजार से अधिक राशि वसूली गई है। इसके साथ ही गंदगी व अन्य शिकायतों के लिए कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। वहीं शहर में रोड स्वीपर मशीन से सफाई की जा रही है। जबकि सफाईकर्मियों के जरिए सफाई करवाकर डोर टू डोर कचरा उठाया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से रिपोर्ट में बताया गया की सफाई कर्मियों को सीवरेज मेन हॉल में नहीं उतरने के आदेश दिए गए हैं और इनमें सुपर सकर मशीन से सफाई की जा रही है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि अतिक्रमणों पर कार्रवाई कर उन्हें हटाया जा रहा है और ट्रैफिक सुधार के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार की ओर से रिपोर्ट पेश करने के बाद न्यायमित्र अधिवक्ता विमल चौधरी व अधिवक्ता योगेश टेलर ने कहा कि सरकार ने कागजों में शहर को दुबई बना दिया है, लेकिन वास्तव में धरातल पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है।

# नदी से नदी जोड़ों अभियान के लिए जल यात्रा पहुंची कालख बांध

- कालख बांध में यमुना का जल विसर्जित कर बांध को बांडी नदी के द्वारा यमुना जल से भरने का लिया संकल्प

**जयपुर।** नदी से नदी जोड़ो अभियान के तहत राजस्थान यूनिवर्सिटी के लाइफ लांग लर्निंग विभाग के डायरेक्टर प्रो. प्रकाश शर्मा ने एक अनूठी योजना शुरू की है। योजना के तहत बांडी नदी में यमुना का पानी लाने हेतु जन जागरण अभियान का आगाज किया। इसकी शुरूआत 3 सितंबर से बांडी नदी में यमुना का पानी लाने का प्रण कर यात्रा की। शुरूआत रूंडल गांव से की गई। 8 दिन की यात्रा के दौरान बांडी नदी के किनारे-किनारे हजारों कार्यकर्ताओं व गांव के लोगों को एकजुट किया गया। यात्रा का अंतिम पड़ाव कालख बांध पर हुआ। 85 किमी यात्रा के बाद रविवार को बांध में यमुना का जल विसर्जित कर बांध को बांडी नदी के द्वारा यमुना के जल से भरने का प्रण लिया गया।

प्रो. प्रकाश शर्मा ने कहा कि जयपुर ग्रामीण राजस्थान की राजधानी के तलहटी में है उसके बावजूद सरकारों की अनदेखी के कारण किसानों को भारी सुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं को उनका आधा समय पीने के पानी तथा पशुओं को पानी पिलाने के इंतजाम में ही बीत जाता है। बालिकाएं अपने मूलभूत अधिकार उच्च शिक्षा जैसे अवसरों से वंचित हो जाती हैं। राजनीतिक पार्टियों ने 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले अपने घोषणा पत्र में यमुना का जल बांडी नदी में लाने का संकल्प किया था लेकिन 5 साल गुजारने के बाद भी इस और कोई ध्यान नहीं दिया गया। इससे एक बहुत बड़ा वर्ग खासा नाराज है। इस अवसर पर बांडी नदी बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं के साथ डॉ महावीर शास्त्री, नानूराम निठारवाल, पेमाराम सेपट मालीराम मीणा समेत सैकड़ो की संख्या में पंचायत राज के प्रतिनिधि गण एवं हजारों की संख्या में किसान एवं महिलाएं उपस्थित थीं।। सभी ने यह संकल्प पारित किया जब तक बांडी नदी में यमुना का जल प्रभावित नहीं किया जाएगा तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। बांडी नदी में यमुना का जल प्रवाहित करने से कालक बंध भरा जा सकेगा जिससे जयपुर ग्रामीण के सैकड़ो गांव में सिंचाई और पीने के पानी की व्यवस्था हो सकेगी। सर्वविदित है कि वर्ष 2016 में जिला परिषद की साधारण सभा ने बाडी में यमुना जल लाने हेतु साधारण सभा में संकल्प पारित कर सरकार को भेजा था लेकिन सरकार के चेहरे पर शिकन तक नहीं आई। वक्ताओं ने आरोप लगाया की सरकार हजारों करोड रुपए जनता जल मिशन पर खर्च कर चुकी है लेकिन एक भी गांव में पेयजल की सुचारू रूप से सुविधा नहीं है। अगर यह पैसा पानी के प्राकृतिक स्त्रोतों पर लगाया होता तो आज क्षेत्र के किसानों को यह दिन देखना नहीं पड़ता। प्रोफेसर शर्मा ने कहा कि सरकार को मुफ्त की बात बंद करके अगर आधारभूत संरचना में जिसमें पानी की व्यवस्था विशेष रूप से शामिल है पर खर्च करें तो टिकाऊ और आनंदमय विकास हो सकता है।

# ई.आर.सी.पी. कांग्रेस के चुनावी कैंपेन का मुख्य मुद्दा होगा

## ज्योति मिर्धा के भाजपा में जाने के बाद कांग्रेस कर सकती है आरएलपी से गठबंधन

**जयपुर, (का.प्र.)।** कांग्रेस विधानसभा चुनावों में ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की तैयारी कर रही है। यह मुद्दा पूर्वी राजस्थान के लोगों का भावनात्मक मुद्दा है और कांग्रेस इस मुद्दे को बनाकर भाजपा पर हमलावर रुख अपनाना चाहती है। इसी के साथ कांग्रेस की पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा के भाजपा में जाने के बाद अब कांग्रेस को उस क्षेत्र में गठबंधन की जरूरत महसूस होने लगी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इशारा भी कर दिया है कि आने वाले समय में आरएलपी से कांग्रेस का समझौता भी हो सकता है।

डोटासरा कैंपेन कमिटी के अध्यक्ष गोविंद मेघवाल और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मौजूदगी में हुई कांग्रेस कैंपने कमेटी की बैठक में चुनाव अभियान का रोडमैप तय किया गया है। टिकटों से पहले और टिकटों की घोषणा के बाद अलग अलग कैंपेन चलाने का फैसला किया है।

डोटासरा ने बैठक को लेकर कहा कि कांग्रेस वॉर रूम मे कैंपेन कमेटी की बैठक में यह तय हुआ है कि ईआरसीपी को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया जाए। इसके लिए ईआरसीपी वाले 13 जिलों में पांच दिन की यात्रा निकालने का फैसला किया गया है। सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में लाभार्थी सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। दरअसल आरसीपी का असर पूर्वी राजस्थान के 13 से ज्यादा जिलों में पड़ सकता है। इन जिलों में अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, दौसा, जयपुर, अजमेर, टोंक, बूंदी, कोटा, बारां और झालावाड़ शामिल हैं। दरअसल यही वे जिले हैं जहां सचिन पायलट का गढ़ माना जाता है। ऐसे में कांग्रेस अच्छी तरह से जानती है कि इस भावनात्मक मुद्दे से लोगों को जोड़कर एक बार फिर वोट हासिल किया जा सकते हैं। कैंपेन कमेटी की बैठक में सबकी राय जानी है। सब एक रोडमेप बनाएंगे और हम जल्दी एक-दो दिन में हमारी कैंपेनिंग की घोषणा करेंगे। ईआरसीपी के 13 जिलों में हम इसी महीने पांच दिन की यात्रा निकालेंगे और इन 13 जिलों के लोगों को बताएंगे। केंद्र को मजबूर करेंगे कि नहर हमारा हक है, इसे लेकर रहेंगे। ईआरसीपी के लिए के लिए हमारी सरकार ने बजट दिया है, इसके कामों का शिलान्यास भी हम करेंगे। हम बीजेपी और केंद्र सरकार को एक्सपोज करेंगे कि वसुंधरा राजे के राज में बनाए ईआरसीपी प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं दिया गया।

चुनाव अभियान को प्रोफेशनल एजेंसी की मदद से धारदार और आक्रामक बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई है। केंद्र सरकार को घेरने वाले मुद्दे छांटकर जवाबी हमला करने की रणनीति तैयार की गई है। कमेटी की बैठक में मौजूद नेताओं ने इस बात पर राय दी कि योजनाओं के प्रचार प्रचार के अलावा केंद्र सरकार और बीजेपी की नीतियों पर धारदार हमले किकए जाने चाहिए।

## जिंदा बम से जुड़े प्रकरण में आईएएस जोगाराम के हुए बयान

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर बम ब्लास्ट मामले की विशेष अदालत में वर्ष 2008 में हुए जयपुर सीरियल बम कांड के दौरान जिंदा मिले बम के मामले में आईएएस जोगाराम के बयान दर्ज हुए। जोगाराम ने बतौर कलेक्टर रहते प्रकरण में विस्फोटक अधिनियम के तहत अभियोजन स्वीकृति दी थी। जानकारी के अनुसार जोगाराम ने अपने बयानों में कहा कि उन्होंने पत्रावली का अवलोकन कर नियमानुसार प्रकरण में मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी।

गौरतलब है कि 13 मई 2008 को शहर की चारदीवारी के भीतर स्थित बाजारों में सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। जिसमें दर्जनों लोगों की मौत के साथ ही कई लोग घायल हुए थे। वहीं इस दौरान एक जगह से बम निरोधक दस्ते ने जिंदा बम भी बरामद किया था। प्रकरण में बम धमाकों के मामले में सुनवाई करते हुए विशेष न्यायालय ने मोहम्मद सैफ और सरवर आजमी सहित अन्य को आरोपी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई थी।

# पुष्य नक्षत्र में किया गणेशजी का अभिषेक



पुष्य नक्षत्र में सोमवार को मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में भगवान गणेशजी का अभिषेक किया गया। महंत कैलाश शर्मा ने सर्वप्रथम संकल्प लिया गया। तत्पश्चता 251 किलो दूध, 25 किलो बूरा, 50 किलो दही, 11 किलो शहद और 11 किलो घी से तैयार पंचामृत से अभिषेक के बाद गुलाब जल और केवड़ा जल से अभिषेक किया गया। इस मौके धर्म सिंह सर्किल से मोती डूंगरी गणेश मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 1100 महिलाओं ने हिस्सा लिया।


## तीये की बैठक



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय **चन्द्रकान्त जॉगिड** (गोलू) पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार जाँगिड़ का 10.09.2023 को आकस्मिक निधन हो गया है। तीये की बैठक 12.09.2023 को शाम 4.00 से 5.00 बजे ग्रीन पार्क शिव मन्दिर के सामने रखी गयी है।
**शोकाकुल**- नानगराम, चिरंजीलाल, श्रीकिशन, बनवारीलाल, कैलाशचन्द जाँगिड (MES), (धनावड वाले) निवासः- प्लाट नं.29, ग्रीन पार्क, आगरा रोड, जयपुर।
मो.नं.9928137541, 9784036773

## नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को मेरे अभिभाष्य ताज मोहम्मद पुत्र अली मोहम्मद, 126, उदय नगर, झोटवाडा, जयपुर की ओर से सूचित करता हूँ कि मेरे अभिभाष्य का पुत्र इमरान व पुत्रवधु जरीना उनके कहने में नहीं है तथा उनसे मेरे अभिभाष्य को जान, माल व इज्जत का खतरा है। मेरे अभिभाष्य ने इन दोनों व इनके बच्चों को अपनी सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा उनसे कोई लेना देना नहीं है। कोई व्यक्ति या संस्था इनसे लेन देन करता है तो उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी तथा पुत्र पुत्रवधु के मध्य कोई विवाद होता है तो मेरे अभिभाष्य का कोई लेना देना नहीं होगा।
(भारत गुप्ता) एडवोकेट मो. 9351945672

**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य श्री बजरंग लाल शर्मा पुत्र स्व. श्री रामेश्वर प्रसाद शर्मा निवासी म.नं. 190, प्रतापनगर, आगरा रोड, जामडोली, जयपुर की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य का पुत्र जीतेन्द्र शर्मा एवं ममता उर्फ ललिता (पुत्रवधु) मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है इस कारण पिता-पुत्र का सम्बन्ध समाप्त कर लिया है और उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में दोनों से यदि कोई व्यक्ति लेन-देन आदि संव्यवहार करेगा तो मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
जयपुर (महेन्द्र कुमार खींची) एडवोकेट मो. 9351683233

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य असलम पुत्र स्व. श्री अच्छु खां निवासी-1254 मर्दान खा की गली, एम.डी. रोड, जयपुर का पुत्र शाहरूक खान व पुत्र वधु मुस्कान मेरे अभिभाष्य के कहे में नहीं है जिस कारण मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र शाहरूक खान व पुत्र वधु मुस्कान को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति शाहरूक खान व मुस्कान से किसी प्रकार का कोई लेन देन या संव्यवहार करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहे।
जयपुर (अख्तर नईम) एडवोकेट
दिनांक- 11.09.2023 मो. 9829571847

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य राधेश्याम सैनी पुत्र श्री नाथूराम सैनी निवासी-123, प्रवासी मुरलीपुरा, जयपुर के पुत्र रोहित कटारिया व पुत्र वधु रूबी सैनी मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है, उन्होंने पसन्द से शादी की है इसलिए मेरे अभिभाष्य अपने पुत्र व पुत्रवधु को अपने व अपने परिवार के जीवन से व अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता है, तथा भविष्य में यदि कोई व्यक्ति, संस्था किसी प्रकार का इन दोनों से संव्यवहार करता है तो उसके लिए वह स्वयं ही जिम्मेदार होंगे एवं इनके किसी भी कर्म, कृत्य व संव्यवहार से मेरा अभिभाष्य व उनके परिवारजन जिम्मेदार नहीं है, अतः सूचित रहे।
जयपुर (मुनाजिर इस्लाम) एडवोकेट
दिनांक-08.09.2023 मो. 98291827454

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-9457 दिनांक-11.09.2023
**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 262/47 (EWS) (एरिया 66.675 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन दीपा कुमार दरियानी पुत्री स्व. श्री नारायण दास को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 6160 दिनांक 21.10.2003 को जारी किया गया। श्रीमती बसन्ती देवी पत्नी श्री भगवान पुरी के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 1542/64 दिनांक 07.04.2010 के द्वारा किया गया। श्रीमती बसन्ती देवी के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 28.04.2010 को उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये।
श्री बसन्ती देवी द्वारा उक्त आवास का विक्रय दिनांक 24.11.2016 को श्रीमती मीरा अग्रवाल पत्नी श्री सत्यनारायण अग्रवाल के नाम किया जाकर विक्रय पत्र उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती मीरा अग्रवाल द्वारा उक्त आवास का विक्रय दिनांक 15.02.2021 को श्री जय नारायण गहलोत पुत्र श्री राम देव के नाम किया जाकर विक्रय पत्र उप पंजीयक जयपुर-प्रथम में पंजीकृत करवाया गया।
श्री जय नारायण गहलोत की मृत्यु दिनांक 09.04.2023 को हो जाने के कारण हकत्याग पत्र के आधार पर इनके पुत्रान 1. श्री महेश गहलोत 2. श्री नरेश गहलोत 3. श्री सुरेश गहलोत पुत्रान स्व. श्री जय नारायण गहलोत द्वारा पंजीकृत हकत्याग एवं संयुक्त सम्पत्ति बाबत बंटवारानामा के आधार पर उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है 1. श्री महेश गहलोत 2. श्री नरेश गहलोत 3. श्री सुरेश गहलोत पुत्रान स्व. श्री जय नारायण गहलोत का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य सुरेश चन्द सैन प्लॉट नम्बर 85 लक्ष्मी विहार-सी, सिरसी रोड, जयपुर का पुत्र राजेश चन्द सैन अपने पिता के कहने में नहीं है। राजेश परिवार के हितों के विपरीत कृत्य कर रहा है स्वेच्छा से बालाबाला संव्यवहार, लेनदेन करता है। राजेश मेरे अभिभाष्य को हैरान, परेशान कर मनमानी राशि की मांग करता है इसलिये मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र राजेश को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। राजेश का मेरे अभिभाष्य की सम्पत्ति से कोई सरोकार नहीं रहा है। जो कोई राजेश से किसी प्रकार का संव्यवहार करेगा तो मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, सूचित रहे।
जयपुर (अजीत सैनी) एडवोकेट
दिनांक-10.09.2023 मो. 7976589955

**राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त- प्रथम, प्रताप नगर**
क्रमांक: 9278 **आम जाहिर सूचना** दिनांक 04.09.2023
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 80/255 (EWS) (एरिया 36.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री रूपनारायण पुत्र श्री बैनीराम को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2048 दिनांक 12.10.1989 को जारी किया गया। श्री रूपनारायण की मृत्यु दिनांक 11.02.2006 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. श्री रूपनारायण द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. श्री रूपनारायण का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।
**संपदा प्रबंधक, वृत प्रथम, राज. आ. मण्डल, जयपुर**

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण तुलसी खटवानी पुत्र स्व. श्री कौड़ोमल एवं श्रीमती शोभा खटवानी पत्नी श्री तुलसी खटवानी, निवासी- मकान नं. 10/812, मालवीय नगर, जयपुर के पुत्र रितेश खटवानी व पुत्रवधु दीक्षा खटवानी मेरे अभिभाष्यगण से विगत 03 वर्षो से अलग निवास कर रहे है तथा उनका व्यवहार मेरे अभिभाष्यगण से अच्छा नहीं होने के कारण तथा मेरे अभिभाष्यगण को लगातार हैरान व परेशान करने व उनके कहने में नहीं होने के कारण मेरे अभिभाष्यगण ने अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से उन्हे बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन व संव्यवहार की जिम्मेदारी मेरे अभिभाष्यगण की नहीं होगी। सूचित रहे।
भवदीय-
(हेमन्त कुमार पलोड़) एडवोकेट, मो. नं. 9314511091

## खोया पाया

मेरे मकान संख्या सी-280 कल्पना नगर, आगरा रोड, जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें-सुशीला कँवर-9024702664

गिर्राज नामा पुत्र श्री मोहनलाल नामा प्लॉट नंबर 133-ए, 133-बी, आयकर नगर-।। के मूल आवंटन पत्र साईड प्लान व रसीद कहीं गिरकर गुम गया है किसी भी व्यक्ति को मिलने पर वापस देने की कृपा करें। 9785456920

मेरा आवास संख्या 193/137, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा जारी बकाया मांग राशि प्रमाण पत्र एवं रसीदे मुझसे कही गुम हो गया है । मिलने पर सूचित करे रमेश जुनेजा मो.न. 9352727181

## नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम विजय कुमार नन्दवानी से बदल कर विजय नन्दवानी कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। पता- फ्लैट नं. एस-3, प्लाट नं. 18, पटेल नगर, मुहाना मण्डी रोड, गणेश बाग, सांगानेर, जयपुर

मैंने अपना नाम प्रिया से बदलकर प्रिया सरकार पुत्री श्री संजीत कुमार सरकार कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। पता-5-ए, दुर्गा निवास, गणेश नगर, सुशीलपुरा, सोडाला, जयपुर, राजस्थान-302006

मैंने मेरा नाम जया लालवानी पुत्री मोहन दास लालवानी से बदलकर विवाहउपरान्त जया रंगवानी पत्नी श्री राजीव रंगवानी रख लिया है, भविष्य में मुझे जया रंगवानी के नाम से जाना जाये। पता-16, नगर परिषद कॉलोनी के सामने, कंवर नगर, चांदी की टकसाल, जयपुर

मैंने अपना नाम अनिल कुमार माथुर से बदलकर अनिल माथुर रख लिया है। भविष्य में मुझे अनिल माथुर पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण माथुर निवासी 3750 नाहरगढरोड, पुरानी बस्ती, जयपुर के नाम से जाना जावें।

मेरे रेलवे सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम केवल अनिता दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम अनिता-महेश कडेला है। अतः भविष्य में वास्तविक नाम अनिता-महेश कडेला के नाम से ही जाना व पहचाना जावें। अनिता-महेश कडेला पुत्री राकेश कुमार वर्मा 28 पांच बत्ती चौराहा एलबीएस कॉलोनी, फुलेरा।

I, Rina Bera Wife of NO. 14930104H hav Bimal Bera Residing Vill- Keleara, Post- Lakshi Pari, Dist- Paschim Medinipur, State- West Bengal, Pin 721155 have Changed my Name from Rina Bera to Rina Khatua Bera vide Affidavit Dated 24/08/2023 before Jaisalmer

I have changed my name from Shaila Singh to Shaila Chauhan for all purposes R/o- New guard colony, Phulera Distt. Jaipur (Raj.)

# कार में रखा रसोई गैस सिलेण्डर फटा, युवक जिंदा जला

## सीट से चिपका रह गया बिजनेसमैन, निकालते समय बिखरा शव

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। श्रीगंगानगर शहर के जस्सा सिंह मार्ग पर पेट्रोल पंप के पीछे चलती कार में रखा रसोई गैस सिलेंडर फट जाने से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार की छत करीब अलग होकर 10 फीट दूर जा गिरी। युवक का शव जलकर सीट से ही चिपका रह गया। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से शव कार से बाहर निकाला। शव निकालते समय बिखर गया। कोतवाली पुलिस ने शव सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वहीं एलपीजी गैस एजेंसी संचालक का कहना है कि ऐसा हादसा पहली बार ही सामने आया है। या तो कार में कोई स्पार्किंग हुई होगी या युवक ने सिगरेट पी होगी। अब यह जांच में ही स्पष्ट हो पाएगा।

हादसे के बाद जब आसपास के लोगों ने उसे संभाला तो वह जली हुई स्थिति में कार की सीट के साथ चिपका हुआ था। उसे बड़ी मुश्किल से लोगों व पुलिस की टीम ने कार की सीट से अलग किया। कार से निकालते समय उसका जला शव बिखर गया। हादसे के बाद कार के शीशे टूट कर इधर-उधर बिखर गए। आसपास के लोगों का कहना था कि हादसा पेट्रोल पंप के पीछे की तरफ अंदरूनी गली में हुआ। यदि किसी व्यस्त सड़क पर कार रही होती तो आसपास के लोगों को जबरदस्त नुकसान हो सकता था।

- **कार की छत करीब अलग होकर 10 फीट दूर जा गिरी**
- **'या तो कार में कोई स्पार्किंग हुई होगी या युवक ने सिगरेट पी होगी'**

हादसे में कार का स्टीयरिंग और उसके आसपास का पूरा हिस्सा बिखर गया।

सीओ सिटी प्रशांत कौशिक ने बताया कि घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर न्यू चावला कॉलोनी में रहने वाला युवक संकेत बंसल (30) ऑनलाइन बिजनैस से जुड़ा हुआ था। वह सुबह करीब दस बजे कार से अपने घर के लिए रसोई गैस सिलेंडर लेने के लिए निकला था। वह रसोई गैस सिलेंडर भरवा कर लौट रहा था। कार में पीछे सिलेंडर रखा था। इसी दौरान अचानक सिलेंडर में विस्फोट हो गया। ब्लास्ट इतना तेज था कि काफी दूर तक इसकी आवाज सुनाई दी। वहीं कार की छत भी दूर जा गिरी। संकेत को इतना समय नहीं मिल पाया कि वह कार से बाहर निकल सकता और वह बुरी तरह झुलस गया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

पुलिस के उच्च अधिकारियों के साथ एफएसएल ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। मृतक का घर घटनास्थल के पास ही होने से सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचकर कार और युवक की हालत देखकर उनका रो-रोकर बुरा हाल था। गैस एजेंसी संचालक अजय मित्तल ने बताया कि कार के अंदर स्पार्किंग या स्मोकिंग कारण हो सकता है। आमतौर पर रखा हुआ सिलेंडर बिना किसी कारण के नहीं फटता। कार में सिलेंडर पीछे रखा था। हो सकता है वहां कहीं वायरिंग में स्पार्किंग हुई हो और सिलेंडर ने आग पकड़ ली हो अथवा कार में ही ड्राइवर ने स्मोकिंग की हो। रखे हुए सिलेंडर का अचानक फट जाना, ऐसा मामला अब से पहले सामने नहीं आया है। गैस सिलेंडर ज्यादा गर्मी सहने में सक्षम होते हैं। ऐसे में गर्मी भी सिलेंडर फटने का कारण नहीं हो सकती।

## एसएचओ लाइन हाजिर

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर के बैजनाथ महादेव मंदिर में शनिवार की रात को एक पुजारी पर हुए हमले की रिपोर्ट 24 घंटे बाद दर्ज की गई। इसको गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपायुक्त ने थानाधिकारी को लाइन हाजिर कर दिया। हमलावरों को आज तीसरे दिन भी पता नहीं चला है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें लगाई है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम गौरव यादव ने बताया कि सूरसागर थाने के थानाधिकारी दिलीप सिंह शेखावत को लाइन हाजिर किया गया है। बैजनाथ मंदिर पुजारी कैलाशनाथ पर शनिवार की रात को हमला हुआ था। मगर एफआईआर दर्ज करने में 24 घंटे लगा दिए। पर्चा बयान पर ही मामला दर्ज कर लेना चाहिए था। अब उन्हें लाइन में भेज दिया गया है। डीसीपी वेस्ट यादव ने बताया कि मामले में आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगा रखी है, जल्द ही पकड़ लिए जाएंगे। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात को बैजनाथ महादेव मंदिर के पुजारी कैलाश नाथ पर आपसी विवाद के चलते सुरेशनाथ, किरणनाथ, भजननाथ एवं बंशीनाथ आदि ने प्राणघातक हमला किया था। जिससे पुजारी के सिर, हाथ व पैर पर गंभीर चोटें लगी थी।

# सचिन पायलट आज अजमेर में

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन पायलट मंगलवार को अजमेर आएंगे वह यहां आम कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर आगामी विधानसभा चुनाव के संदर्भ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे।

शहर कांग्रेस प्रवक्ता मुजफ्फर भारती के अनुसार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट मंगलवार को सुबह 11 बजे अजमेर सर्किट हाउस पर पहुंचेंगे जहां उनका कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात का कार्यक्रम है। उसके बाद वह कांग्रेस नेताओं से वन टू वन मुलाकात कर आगामी विधानसभा चुनाव के संदर्भ में फीडबैक लेंगे। सुबह 11 सर्किट हाउस में शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन की अगुवाई में जिला कांग्रेस के पदाधिकारी अग्रिम संगठन विभाग प्रकोष्ठ ब्लॉक के अध्यक्ष पायलट की अगवानी करेंगे। इस दौरान सचिन पायलट सर्किट हाउस में ही पत्रकारों को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद उनका भीलवाड़ा जाने का कार्यक्रम है।

- **आगामी विधानसभा चुनाव के संदर्भ में सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से होंगे रूबरू**

नेशनल कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य, प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राजस्थान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट के अजमेर आने पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव महेन्द्र सिंह रलावता के नेतृत्व में अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस जन सर्किट हाउस में मंगलवार को सुबह 11 बजे उनका स्वागत करेंगे। रलावता ने बताया कि इस अवसर पर पायलट कांग्रेसजनों से विचार-विमर्श करेंगे। साथ ही अजमेर जिले के राजनैतिक हालात के बारे में जानकारी लेंगे। उल्लेखनीय है कि नेशनल कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य बनने के बाद पायलट पहली बार अजमेर आ रहे है।


# दो पुत्रियों को लेकर विवाहिता कुएं में कूदी, एक बेटी की मौत

## विवाहिता व उसकी दूसरी बेटी को एसडीआरएफ की टीम ने बचा लिया

**निवाई,** (निसं)। बरोनी थानान्तर्गत गांव छोटी बरथल में एक विवाहिता अपनी दो बेटियों को गोद में लेकर कुंए में कूद गई। इस घटना में एक बेटी की मौत हो गई एवं विवाहिता व उसकी दूसरी बेटी को एसडीआरएफ की टीम ने बचा लिया।

- **पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा**

थाना प्रभारी राजकुमार नायक ने बताया कि छोटी बरथल निवासी रामघणी पत्नी बुद्धिप्रकाश पारिवारिक मामले को लेकर सोमवार को अपनी दोनों बेटियों को गोद में लेकर कुंए में गिर गई। जिनको निकालने के लिए परिजनों एवं ग्रामीणों ने प्रयास किया एवं पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलवाया। एसडीआरएफ के जवानों ने विवाहिता सहित दोनों बच्चियों को बाहर निकाला। पानी में डूबने से विवाहिता की डेढ वर्ष की पुत्री जिया की मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने दूसरी बेटी खुशी व रामघणी को बचा लिया। पुलिस ने स्थानीय राजकीय सामुदायिक अस्पताल में जिया के शव का पोस्ट मार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



एसडीआरएफ के जवानों ने बच्ची के शव को बाहर निकाला।

## उपराष्ट्रपति आज श्रीमहावीरजी एवं गुडला पहाड़ी आयेंगे


**करौली,** (निसं)। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि उपराष्ट्रपति एवं उनकी पत्नि डॉ. सुदेश धनकड श्रीमहावीरजी में मंगलवार को प्रातः हेलीकॉप्टर से आयेंगे। उन्होंने बताया कि उपराष्ट्रपति महावीर जी पहुंच कर श्रीमहावीरजी के मंदिर के दर्शन करेंगे इसके पश्चात सडक मार्ग से 9:50 बजे गुडला पहाड़ी करौली पहुचेंगे। इस संबंध में जिला कलेक्टर ने बताया कि अतिरिक्त जिला कलेक्टर निशु कुमार अग्निहोत्री करौली नोडल अधिकारी रहेंगे। इसके अलावा उन्होने संबंधित समस्त अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है एवं समन्वयता के साथ सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिये है। जिला कलेक्टर ने उपराष्ट्रपति के आगमन कार्यक्रम व आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु 10 ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर विभिन्न स्थानों पर कार्य करने सहित अन्य निर्देश दिये है। उपराष्ट्रपति के महावीर जी आने के कार्यक्रम के तहत तैयारिया की जा रही थी लेकिन सोमवार को अचानक उनके यात्रा कार्यक्रम मे बदलाब हुआ और गुडला पहाडी का कार्यक्रम भी बन गया गुडला पहाडी गॉव में मंगलवार को गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिती के संयोजक स्वर्गीय कर्नल किरोडी सिंह बैसला का जन्म दिवस महोत्सव कार्यक्रम है।

# फायरिंग मामले में बदमाशों को गिरफ्तार किया

## बदमाशों को गिरफ्तार कर हथियार बरामद किए

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। पुलिस ने फायरिंग मामले में बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर अवैध हथियार बरामद किये है। शीतला कॉलोनी में प्लाट पर कब्जा करने को लेकर फायरिंग की थी।

महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर द्वारा एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों की धरपकड़ व अवैध हथियारों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान देवेन्द्र कुमार विश्नोई आईपीएस जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व प्रकाश चन्द आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गंगापुर सिटी तथा बाबूलाल विश्नोई आरपीएस वृत्ताधिकारी वृत्त गंगापुर सिटी के सुपरविजन में एवं लाखन सिंह उ०नि० थानाधिकारी थाना उदेई मोड के नेतृव में गठित टीम सुरेश चन्द स.उ.नि., विजय सिंह कानि., विश्वनाथ प्रताप सिंह कानि., अनिल कुमार कानि. द्वारा रविवार को थानाधिकारी लाखन सिंह उ.नि. को सूचना मिली कि शीतला कोलोनी गंगापुर सिटी में सतीश अग्रवाल के उपर जानलेवा हमला करने की नियत से हुई फायरिंग की घटना में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुलजिमान अरमान खांन पुत्र बबलू उर्फ हटटू जाति भिश्ती मुसलमान उम्र 19 साल निवासी नहर रोड इस्लामपुरा थाना उदेई मोड गंगापुर सिटी तथा उमर फारूख पुत्र सुलेमान जाति तेली मुसलमान उम्र 26 साल निवासी मदरसा के पीछे जनता कोलोनी थाना उदेई मोड गंगापुर सिटी को शीतला कोलोनी शेड रोड गंगापुर सिटी से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा 12 बोर व ०2 जिन्दा कारतूस बरामद किये जाकर मुकदमा दर्ज किया गया है।



गंगापुर सिटी में फायरिंग के आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

# डॉ. तनुज दुनिया के शीर्ष 20 वैज्ञानिकों की सूची में शामिल

## डॉ. तनुज कंचन फॉरेंसिक मेडिसिन के क्षेत्र में प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं, जिनके 550 से अधिक प्रकाशन हैं

**जोधपुर।** एम्स, जोधपुर के डीन (रिसर्च) और फोरेंसिक मेडिसिन और टॉक्सिकोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. तनुज कंचन ने स्टैनफोर्ड के विशेषज्ञों द्वारा संकलित दुनिया के शीर्ष 20 वैज्ञानिकों की हाल ही में जारी सूची में एक प्रतिष्ठित स्थान अर्जित किया है।

विश्वविद्यालय, विश्व स्तर पर शोधकर्ताओं के अनुसंधान योगदान और आउटपुट के आधार पर जो कि उनके अब तक के करियर के दौरान वैज्ञानिकों के योगदान पर आधारित है, इसमें 22 से अधिक वैज्ञानिक क्षेत्रों और 176 से अधिक उपक्षेत्रों में दुनिया भर के 200409 वैज्ञानिक शामिल हैं। उनकी समग्र रैंकिंग जोधपुर के सभी वैज्ञानिकों में सर्वश्रेष्ठ है, जिनका नाम कैरियर-वार रैंकिंग सूची में आता है, और सूची में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले एकमात्र हैं।

- **एम्स, जोधपुर के डीन (रिसर्च) और फोरेंसिक मेडिसिन और टॉक्सिकोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख है डॉ. तनुज कंचन**
- **विश्व स्तर पर अपने विषय क्षेत्र में 73वीं रैंक हासिल की है**

डॉ. तनुज कंचन फॉरेंसिक मेडिसिन के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं, जिनके नाम 68 के एच-इंडेक्स के साथ 550 से अधिक प्रकाशन हैं। उन्होंने विश्व स्तर पर अपने विषय क्षेत्र में 73वीं रैंक हासिल की है, और इस विशिष्ट सूची में अपनी स्थापना के बाद से लगातार पाँच वर्षों तक शामिल होते रहे हैं। डॉ. कंचन पूरे भारत के सभी नए एम्स से इस प्रतिष्ठित करियर सूची में शामिल होने वाले एकमात्र व्यक्ति हैं।

## अनियंत्रित बस पलटी, 19 यात्री घायल

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में टायर फटने से बस पलट गई। हादसे में उन्नीस यात्री घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर शहर के प्रतापनरग थाना क्षैत्रदेबारी आरएसी लाईन की तरफ जाने वाले रास्ते के सामने भेरूजी मंदिर के समीप सोमवार सवेरे लसाड़िया से उदयपुर की तरफ आ रही मिनी बस का पिछला टायर फटने से पलट गई। हादसे की सूचना मिलने पर प्रतापनगर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल सज्जनसिंह, अमरसिंह मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर हादसे में घायल हुए उन्नीस यात्रियों को उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

- **बस का टायर फटने से हादसा हुआ**

# तीन लाख रुपए की शराब पकड़ी, दो गिरफ्तार

**मनोहरपुर,** (निसं)। थाना पुलिस ने तीन लाख रुपए की महंगे ब्रांड की 116 शराब बोतल सहित कार जप्त कर दो आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस महानिदेशक जयपुर रेंज उमेश चंद दत्ता ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ अभियान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण डॉ. राजीव पचार ने सभी सेक्टर प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दे रखे हैं। प्राप्त निर्देशों की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरिप्रसाद एवं वृताधिकारी वृत शाहपुरा उमेश निठारवाल के सुपर विजन में रविन्द्र कुमार उ. नि थानाधिकारी, मनोहरपुर को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। जिसके तहत 11 सितंबर को इतला मिली कि कोटपूतली की तरफ से एक कार आ रही है। जिसमें अवैध अंग्रेजी शराब भरी होने की संभावना हैं।

- **दिल्ली से जयपुर जाने वाली रोड पर बिजली ग्रेड के पास नाकाबंदी में कार्रवाई की**

इत्तला पर दिल्ली से जयपुर जाने वाली रोड पर बिजली ग्रेड के पास नाकाबंदी की गई जिस पर दिल्ली की तरफ से आने वाले वाहनों को चेक किया गया तो चेकिंग के मुताबिक कार को रुकवाया गया और चेक किया गया तो कार चालक द्वारा कार में भरे सामान के बारे में जानकारी करने पर चालक द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं देने पर कार की तलाशी की गई तो कार के बोनट व डिग्गी के पास की बॉडी में खाली जगह पर करीब 3 लाख रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब की 116 बोतलों को छुपा रखी थी।

गहनता से अनुसंधान किया गया तो अवैध अंग्रेजी शराब परिवहन करने वाले आरोपी निकुल पुत्र लक्ष्मीचंद चौहान जिला बड़ोदरा गुजरात, इसी प्रकार जतिन पुत्र लक्ष्मीचंद थाना गोरवा जिला बड़ोदरा गुजरात को मनोहरपुर बिजली ग्रेड से गिरफ्तार कर लिया।

## चाकू से हमला कर युवक की हत्या

**उदयपुर,** (कासं)। गवरी खेलने के दौरान आरोपी ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में गंभीर घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोगुन्दा थाना क्षैत्र दादिया मोटा वीडा निवासी अर्जुनलाल पुत्र शांतिलाल गमेती की आरोपी खिमा पुत्र मोती गमेती निवासी शिवडिया ने चाकू से हमला कर हत्या कर फरार हो गया।

खिमा वर्ष 2018 में अपने पिता की हत्या के मामले में जेल में बंद था एवं दो माह पूर्व ही वह जेल से बाहर आया था। नौ सितंबर रात में अर्जुन गवरी खेल रहा था। रात में पैशाब करने जा रहा था। इस दौरान पिछा कर आरोपी खिमा ने पिछा कर चाकू से अर्जुन पर हमला कर फरार हो गया। हमले में पेट एवं भुजा में गंभीर चोट लगने से वह घायल होकर नीचे गिर पड़ा तथा उपचार के लिए चिकित्सलाय पहुंचा। जहां से रेफर करने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाा। जहां उसकी मौत हो गई।

## अधिवक्ता से दुर्व्यवहार मामले में बनी सहमति

### एसआई द्वारा लिखित माफी देने के बाद आन्दोलन समाप्त किया

**बीदासर,** (निसं)। अधिवक्ता महेश कुमार छापोला के साथ दुर्व्यवहार के मामले में अभिभाषक संघ बीदासर ने सोमवार को बीदासर के सभी न्यायालयों में पूर्ण कार्य बहिष्कार रखा, जिसके कारण न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों में कोई कार्यवाही नहीं हो सकी।

सोमवार को बीदासर बार संघ द्वारा बार संघ सभागार में बैठक आहूत की गई जिसमें सभी अधिवक्ताओं में आम सहमति बनी और पुलिस थाना बीदासर के एसआई पप्पूराम द्वारा अपने कृत्य के प्रति यदि लिखित माफी नहीं मांगी गई तो कठोर कार्यवाही करवाये जाने का निर्णय लिया। जिसके उपरान्त पुलिस थाना बीदासर के थानाधिकारी जगदीश सिंह के साथ हुई वार्ता के बाद एसआई पप्पुराम के द्वारा बार संघ बीदासर में आकर अधिवक्ताओं के समक्ष लिखित माफीनामा देने के बाद अधिवक्ताओं ने अपना आन्दोलन समाप्त किया और मंगलवार से पुनः नियमित कार्य संचालन का निर्णय लिया।

इस दौरान बार संघ के अध्यक्ष रघुवीर भामू, सचिव दीनदयाल प्रजापत, सहसचिव गौतम सैनी, कोषाध्यक्ष अरविन्द चौधरी, ज्ञानाराम चौधरी, पुस्तकालयाध्यक्ष महेश कुमार छापोला, अधिवक्ता मनोज गोदारा, निरंजन सोनी, अमर सिंह राठौड़, कमल गोयतान, जगदीश प्रजापत, गोवर्धन सिंह, सज्जन चोटिया, परमानन्द बिजारणिया, रजतराज शर्मा, रजत पाण्डे, लालचन्द जाट, नरेन्द्र सिंह, कालीचरण सोनी, मनीष शर्मा सहित अनेक अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# भाजपा की राष्ट्रीय सचिव अल्का गुर्जर ने डिग्गी पहुंचकर संत सियाराम बाबा को श्रद्धांजलि दी

**मालपुरा,** (निसं)। डिग्गी के भूरिया महादेव बगीची में संत सियाराम दास बाबा की हुई निर्मम हत्या का 13 दिनों बाद भी खुलासा नहीं होने पर सोमवार को डिग्गी पहुंची भाजपा की राष्ट्रीय सचिव अल्का गुर्जर ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा कर रहे साधु संतों की हो रही निर्मम हत्याएं प्रदेश की कांग्रेस सरकार के हिन्दू विरोधी चेहरा होने का सबसे बड़ा प्रमाण है। साथ ही कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण की नीति को दर्शा रहा है।

अल्का गुर्जर ने कहा कि संत सियाराम बाबा की रात के अंधेरे में मंदिर में हत्या हो जाने को 13 दिन बीते जाने के बाद भी पुलिस को हत्यारों का कोई सुराग नहीं लगना कानून व्यवस्था पर अनगिनत सवालियां निशान लगा रहा है। धर्म नगरी डिग्गी में एक व्योवृद्ध संत की हत्या होने के बावजूद बीते दिन निवाई पहुंची कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा अपने उद्बोधन में डिग्गी कल्याणजी की कथा सुनाकर कल्याण भक्तों को लुभाने का प्रयास तो किया लेकिन एक संत की हुई निर्मम हत्या को लेकर कोई बयान नहीं दिया गया। जबकि उसी मंच पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट सहित कांग्रेस के कई नेता मौजूद थे। गहलोत सरकार के कार्यकाल में राजस्थान में सनातन धर्म की रक्षा करने वाले संतों पर हमले व हत्याएं सहित महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचार सहित सरकार से त्रस्त सरकारी तंत्र द्वारा आये दिन धरना प्रदर्शन व कार्य बहिष्कार सहित जीवनदायिनी 108 एम्बूलेंस तक हडताल पर चले जाने से आमजन त्रस्त हो चुका है। इस बार प्रदेश में सत्ता परिर्वतन के लिए प्रदेश का हर एक मतदाता चुनाव घोषणा का इंतजार कर रहा है।



भाजपा की राष्ट्रीय सचिव अल्का गुर्जर ने डिग्गी पहुंच सियाराम बाबा को श्रद्धांजलि दी।

- **सनातन धर्म की रक्षा कर रहे साधु संतों की हो रही हत्याएं कांग्रेस सरकार के हिन्दू विरोधी चेहरा होने का सबसे बड़ा प्रमाण : गुर्जर**
- **'तेरह दिन बाद भी हत्यारों का सुराग नहीं लगना कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल'**

अल्का गुर्जर ने सियाराम बाबा की हत्या की उच्च स्तरीय जांच करवाने के लिए सरकार व डीजीपी को पत्र लिखा। अल्का गुर्जर ने सियाराम बाबा के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंली देने के पश्चात कल्याणजी के मंदिर पहुंच दर्शन कर हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी व प्रदेश में खुशहाली की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपाई व ग्रामीण मौजूद रहे। जिन्होंने उक्त मामले में जांच के नाम पर पुलिस प्रशासन द्वारा डिग्गी के लोगों के साथ-साथ कल्याण जी दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं को थाने बुलाकर पूछताछ के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसे तत्काल रूकवा मामले की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की।

# टीले पर नई सड़क को उखाड़कर जेडीए के इंजीनियर्स ने दुबारा बनवा दी सड़क

## जोन-12 के इंजीनियर्स का तर्क है कि सड़क पर पानी भरता था, इसलिए दुबारा निर्माण करवाया गया है, जबकि हकीकत में टीले पर ऊंचाई के कारण पानी ठहरता तक नहीं

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के इंजीनियर्स की मेहरबानी हो तो ठेकेदार की पौ-बारह पक्की है। कुछ ऐसा ही माजरा जोन-12 में भांकरोटा के नीमेडा में सड़क निर्माण के दौरान सामने आया है। जहां पर इंजीनियर्स ने ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए नई सड़क पर दुबारा डामर पुतवाकर और हल्की कंक्रीट बिछाकर नई सड़क का भुगतान देने का इंतजाम करवा दिया। दरअसल यूं तो नीमेडा के आसपास कई जेडीए अप्रूव्ड कॉलोनियों में लोग सड़कों की खातिर तरस रहे हैं, लेकिन इंजीनियर्स ने यह भी नहीं देखा कि कहां पर सड़क जरूरत है और कहां नहीं। उन्होंने ऐसी जगह पर सड़क बना दी, जहां पहले से ही सड़क बनी हुई थी। जब उच्चाधिकारियों ने पूछताछ की तो इंजीनियर्स ने यह तर्क देकर पीछा छुड़वाने का प्रयास किया कि, जिस जगह पर सड़क बनाई गई है, वहां पर पानी भरता है। जबकि हकीकत में मौके पर ऊंचाई के टीले हैं, वहां पानी रूकता ही नहीं है।



सूत्रों की मानें तो देखा जाए तो नीमेडा की आसपास की जेडीए अप्रूव्ड कॉलोनियों में रह रहे लोग काफी समय से सड़क बनाने की मांग कर रहे हैं। यहां आज भी लोगों को कच्ची सड़कों से गुजरना पड़ता है, लेकिन इन कॉलोनियों में सड़क बनाने में जेडीए के अफसरों को कोई फायदा नहीं होता। ऐसे में ऐसी जगहों को चुना जाता है, जहां पहले से सड़क बनी हुई है। वहां मेटेरियल भी ज्यादा नहीं लगाना पड़ता और काम भी आसानी से हो जाता है। इस तरह के निर्माण के लिए रेट कांट्रेक्ट पर ठेकेदार को काम दिया जाता है। इसमें सबसे बड़ा फायदा यह मिलता है कि ठेकेदार को ज्यादा दरों पर काम मिलता है। टैंडर लगाने पर अन्य ठेकेदारों से प्रतियोगिता करनी पड़ती है, जिससे रेट भी कम दरों पर आने की संभावना रहती है। कई बार आपसी प्रतियोगिता में ठेकेदार टैंडर की लागत से भी कम रेट पर टैंडर उठा लेते हैं। रेट कांट्रेक्ट में मनचाहे और मनमर्जी के ठेकेदार को काम देकर आसानी से अपना फायदा ले लिया जाता है।

सूत्रों की मानें तो नीमेडा में हाल ही बनाई गई रोड के मामले में भी ऐसा ही हुआ है। एक ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए उससे सही सड़क पर पानी भरने का बहाना बना कर सीसी कराने का रेट कांट्रेक्ट पर काम दिया गया। बाद में सही सड़क को भी मामूली उखाड़कर नई सड़क बना दी गई, जो नई सड़क बनाई गई, उसमें भी डामर की मोटाई पूरी नहीं ली। ऐसे में काम की क्वालिटी भी प्रभावित हुई।

**■ स्थानीय लोगों का कहना है कि नीमेडा में कई जेडीए अप्रूव्ड कॉलोनियां है, जहां पर सड़क निर्माण की जरूरत है, लोग इसकी मांग भी उठा रहे हैं, इसके बावजूद जेडीए के इंजीनियर्स ने ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए नई बनी हुई सड़क तोड़कर दुबारा निर्माण किया**

**"नीमेडा में जो सड़क बनाई गई है, वहां पानी भरता था। यहां हर बार पेचवर्क करना पड़ता था, ऐसे में कुछ जगह पर सी.सी. का काम दिया गया था, अब अगर सही सड़क को भी उखाड़कर दुबारा डामरीकरण किया गया है तो इसे चैक करवा लेते हैं, अगर गड़बड़ी हुई तो कार्रवाई की जायेगी।"**

राम प्रसाद, अतिरिक्त मुख्य अभियंता
जयपुर विकास प्राधिकरण

## उधारी के पैसे नहीं देने पर फायरिंग करने वाला दबोचा

**जयपुर** (कासं)। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने खोह नागोरियान थाना इलाके में फायरिंग कर दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके पास से दो देसी कट्टा सहित दो खाली कारतूस बरामद किए गए है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि उधार दिए गए वापस नहीं देने पर आरोपित ने फायरिंग की थी। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत सीएसटी ने नागोरियान थाना इलाके मे फायरिंग कर दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए विनोद कुमार गुर्जर (29) निवासी जमवारामगढ़ जिला जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास से दो देसी कट्टा सहित दो खाली कारतूस बरामद किए गए है। गिरफ्तार आरोपित विनोद कुमार गुर्जर जो खोह-नागोरियान में अवैध शराब की ब्रांच चलाता है। जिसने नाई की दुकान चलाने वाले अजय सैन 30 हजार रुपये उधार दिये थे। आरोपित की ओर से बार-बार पैसे मांगने पर पैसे नहीं दिये तो वह अजय सैन के घर पर गया। जहां उसकी माता एवं पिता व अन्य लोग मौजूद मिले। जहां अजय सैन की माता ने आरोपी को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। जिसके बाद आरोपी तेस में आ गया और अपने पास रखे देशी कट्टा से दो फायर कर दिए। आरोपित यह अवैध हथियार महुआ के पास खिलचीपुर से लाना बताया। आरोपी से अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## बच्छ बारस पर किया गाय-बछड़े का पूजन



**जयपुर**। भाद्रपद कृष्ण पक्ष द्वादशी सोमवार को गोवत्स द्वादशी (बच्छ बारस) के रूप में मनाई गई। पुत्र की सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना के साथ महिलाओं ने गाय और बछड़े की पूजा की। व्रत रखकर महिलाओं ने अकुंरित मूंग, मोठ, बाजरा गाय और बछड़े को खिलाया। महिलाओं ने बच्छ बारस की कहानी भी सुनी। म्हारा कानूडे री लाज राखजे गऊ मैय्या समेत कई गीत गाए। शाम को आहार में भी यही अन्न ग्रहण किया गया। ज्योतिषाचार्य पंडित महेन्द्र जोशी ने बताया कि बच्छ बारस पर्व मनाने के पीछे मान्यता है कि इस दिन श्रीकृष्ण पहली बार गाय चराने घर से बाहर निकले थे। यह माता यशोदा और पुत्र कृष्ण के बीच प्रेम के जीवंत उदाहरण का प्रतीक पर्व है। गोशालाओं में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सामूहिक रूप से गोवंश की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। गायों को तिलक लगाकर हरी घास, गुड़ खिलाया। सांगानेर की पिंजरापोल गोशाला, दुर्गापुरा की गोशाला में मेले सा माहौल दिखा।

## पुरस्कार वितरण आज

**जयपुर**। राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी की ओर से 12 सितम्बर का पहली बार आयोजित ब्रजभाषा रचनाकार प्रतियोगिता के पन्द्रह विजेताओं को झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित अकादमी संकुल सभागार में पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। अकादमी सचिव गोपाल गुप्ता ने बताया कि राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गोपाल कृष्ण व्यास के सानिध्य में आयोजित समारोह के विशिष्ट अतिथि राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रमेश बोराणा एवं कला, साहित्य, संस्कृति, पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ होंगी।

## तीन शातिर नकबजन-वाहन चोर गिरफ्तार


**जयपुर**। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने वाहन चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए तीन शातिर वाहनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में तीनों बदमाशों ने एक दर्जन मोटरसाइकिल चोरी करना व एक दर्जन सोसायटियों व निर्माणाधीन मकानों से लोहे के चैम्बर व एसी वायर चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का माल बरामद कर लिया है। जब्तशुदा सामान में आरोपियों ने मुहाना इलाके से दो मोटरसाइकिल व शिप्रा पथ इलाके से एक चोरी की बाइक सहित पांच चोरी के वाहन बरामद किए है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पूर्व में आधा दर्जन नकबजनी व वाहन चोरी के मामले चालान शुदा है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश चंद विश्नोई ने बताया कि सीएसटी ने मालपुरा गेट थाना पुलिस ने वाहन चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए शोएब उर्फ छोटू खान(22) निवासी श्योपुरा कोतवाली हाल खानाबदोश, तुलसीराम (23) निवासी गंगापुर सिटी और गौरव (23) निवासी कोलीवाडा गंगापुर सिटी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने मुहाना व शिप्रा पथ से बाइक चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के चैम्बर व बाइक बरामद कर ली है। पुलिस पूछताछ में शातिर नकबजनों ने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया है। पुलिस ने तीनों बदमाशों की निशानदेही पर 7 लोहे के चैम्बर, मुहाना से चोरी की गई दो मोटरसाइकिल, शिप्रा पथ से चोरी हुई एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

## पांच मनचले गिरफ्तार

**जयपुर**। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन "सतर्क जयपुर :सुरक्षित जयपुर" के विषय में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राहुल प्रकाश ने बताया कि निर्भया स्क्वॉड द्वारा डयूटी करते हुए 5 मनचलों को गिरफ्तार कर 6 जनों को समझाइश कर छोड़ दिया गया। वहीं 600 महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। झोटवाडा स्थित मॉल में एक लडकी का पीछा करते हुए कमेंट करने के आरोप टीम ने गोपाल जांगिड़ वार्ड नम्बर -4 खाचरियावास दातारामगढ सीकर हाल झोटवाडा निवासी को गिरफ्तार कर लिया। झोटवाडा महिला से मारपीट करने वाले शिवेंद्र कुमार (34) ओम शिव कॉलोनी झोटवाडा निवासी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि महिला व आरोपी आसपास कैफे चलाते है ग्राहकों की बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। पुलिस ने आरोपी को समझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन वो नहीं माना तो पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मानसरोवर में टीम ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने व उत्पाद बचाने भगवान सिंह (48) स्वर्ण पथ, मानसरोवर निवासी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी सेक्टर-42 में स्थित पार्क में बैठकर शराब पी कर उत्पात मचा रहा था।

## नरेन्द्र व्यास जयपुर ग्रेटर के अध्यक्ष

**जयपुर** (कासं)। बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणबीर पटेरिया ने जयपुर में दादी का फाटक निवासी नरेन्द्र कुमार व्यास को जयपुर ग्रेटर का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति आगामी 3 वर्षों के लिए मान्य रहेगी। पटेरिया ने नरेन्द्र व्यास को शुभकामनाएं देते हुए समाज हित में हिंदू एकता को ऊंचे शिखर पर पहुंचाने की अपील की है।






**सतीशचंद्र अग्रवाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट और राजस्थान उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन जयपुर की ओर से स्व. सतीशचंद्र अग्रवाल की 26वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। जहां सुबह 10 से शाम 5 बजे से 70 यूनिट से ज्यादा रक्तदान हुआ। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष महेन्द्र शांडिल्य, महासचिव बलराम वशिष्ठ और ट्रस्टी शशांक अग्रवाल समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।**

# आत्महत्या रोकथाम के लिए सभी स्तरों पर प्रो-एक्टिव प्रयास जरूरी : शुभ्रा सिंह

## विश्व आत्महत्या व रोकथाम दिवस पर स्वास्थ्य भवन से वेबीनार आयोजित

**जयपुर**। आत्महत्या जैसे संवेदनशील मुद्दे को समझना व इसकी रोकथाम के लिए परामर्श, उपचार सुलभ कराने के लिए प्रशासनिक प्रयास के साथ ही जनसमुदाय में प्रत्येक स्तर पर प्रो-एक्टिव प्रयास करना बेहद जरूरी है। आमजन को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी एवं सुलभ परामर्श, उपचार सेवाओं आदि के बारे में भी जानकारी दी जानी चाहिए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने सोमवार को विश्व आत्महत्या एवं रोकथाम दिवस पर स्वास्थ्य भवन से आयोजित बेवीनार में यह बात कही। इस दौरान सुसाइड रोकने एवं टेलीमानस हैल्पलाइन विषय पर मुद्रित पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस दिवस की थीम कर्म के द्वारा आशा जगाना निर्धारित की गयी है। इस वेबीनार से संयुक्त निदेशक, मनोचिकित्सा विभागों के प्रभारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सीएचसी इंचार्ज सहित संबंधित अधिकारीगण जुड़े।

शुभ्रा सिंह ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनियाभर में प्रति वर्ष 7 लाख से अधिक व्यक्तियों की मत्यु सुसाइड के कारण होती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021 के दौरान भारत में कुल 1 लाख 64 हजार 33 व्यक्तियों की मृत्यु सुसाइड के कारण हुई है, यानी विश्वभर में लगभग 25 प्रतिशत आत्महत्याएं भारत में होती हैं जो कि लोकस्वास्थ्य की दृष्टि से एक गंभीर चनौती है। इससे निपटने के लिए एक समग्र रूप से कार्ययोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना चाहिए, ताकि एक सशक्त सपोर्ट सिस्टम तैयार हो सके।




**अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने सुसाइड रोकने और टेलीमानस हैल्पलाइन विषय पर मुद्रित पोस्टर का विमोचन किया।**

एसीएस ने बताया कि टेलीमानस टोल फ्री हैल्पलाईन नं. 14416 या 1800-89-14416 परामर्श एवं उपचार संबंधी लाइनअप के लिए काफी सहयोगी साबित हो रहा है। उन्होंने मन में सुसाइड का विचार आना, डिप्रेशन या अन्य किसी भी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या से परामर्श के लिए एक बार इस टोल फ्री हैल्पलाइन पर अवश्य संपर्क करने की अपील की। उन्होंने टेलीमानस हैल्पलाईऩ के बारे में संक्षिप्त जानकारी विद्यार्थियों की बुक्स के अंतिम कवर पेज पर मुद्रित कराने की आवश्यकता पर भी बल दिया। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि संवादहीनता ही आत्महत्या के महत्वपूर्ण कारकों में से एक है। उन्होंने कहा कि परिवार में ऐसा माहौल तैयार किया जाना चाहिए, ताकि हरेक व्यक्ति खुलकर अपनी बात कर सके। उन्होंने कर्म के द्वारा आशा जगाने का संकल्प लेकर मानसिक स्वास्थ्य को बेहकर बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मनो चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. ललित बत्रा ने प्रजेंटेशन के माध्यम से मानसिक सुसाइड स्थितियों जैसे गंभीर डिप्रेशन, करियर, पढ़ाई, रिलेशन संबंधी परेशानियां आदि से बचाव के तरीकों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। टेलीमानस की सीनियर टीम लीडर डॉ. वंदना ने टेलीमानस हैल्पलाईन एवं इसकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा ने वेबीनार का संचालन किया।

## लाखों की नकदी-जेवर लेकर ड्राइवर हुआ फरार

**जयपुर**। आदर्श नगर थाना इलाके में ड्राइवर अपने ही मालिक की आंखों में धूल झोंक लाखों की नकदी व जेवरात लेकर फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फ्रन्टियर कॉलोनी निवासी बलदेव नागपाल का खोले के हनुमान जी के पास हेडिक्राफ्ट का शोरूम है। शोरूम सामान लाने -ले जाने के लिए गाडी पर ड्राईवर रखा हुआ था। 9 सितम्बर को घर पर कोई नहीं था। तभी अर्जुन नेपाली ने अपने दोस्त के साथ मिलकर अलमारी में रखे तीन लाख रुपए नकद, एक सोने की रिंग, एक ब्रासलेट व बच्चों के गुल्ले से चालीस हजार रुपए निकाल कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## तलवार लेकर घूमते हुए युवक गिरफ्तार

**जयपुर**। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने इलाके में दहशत फैलाने के लिए तलवार लेकर घूमते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि युवक अपना वर्चस्व कायम करने के लिए इलाके के लोगों में दहशत फैलाना चाहता था। लेकिन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली की उडान कैफे के पास एक युवक तलवार लेकर घूम रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तलवार सहित अक्षय शर्मा (25) निवासी नृसिंह मंदिर को गिरफ्तार कर लिया। वहीं मालपुरा गेट थाना पुलिस ने स्थाई वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो स्थाई वारंटी व एक जमानती वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञान चंद यादव ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार स्थाई वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें मालपुरा गेट थाना पुलिस टीम ने स्थाई वारंटी जगदीश प्रसाद शर्मा (72) कुंदन नगर, सांगानेर निवासी व जगदीश जाट (64) डिग्गी निवासी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं जमानती वारंटी राकेश छीपा (35) अनीता कॉलोनी रामपुरा रोड निवासी को न्यायालय में पेश कर निस्तारण कराया।

## सार-समाचार

### जे.के.जाजू को भामाशाह सम्मान



**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर में आयोजित राज्यस्तरीय भामशाह सम्मान समारोह में शिक्षा मंत्री बी.डी. कल्ला द्वारा जे.के. जाजू अध्यक्ष जागृति को "शिक्षा भूषण" व भामाशाह सम्मान से लगातार आठवीं बार सम्मानित किया गया। जागृति एक समाज सेवी संस्था है जो अनेक समाज सेवा और शिक्षा के कार्यों को समर्पित है, समाज सेवा व् शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए जागृति अध्यक्ष जाजू को अनेक राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर नॉएडा में आयोजित समारोह में "नेशनल यूथ अवार्ड" से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित किया गया। अभी हाल ही में दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित समरोह में सामाजिक कल्याण और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए केंद्रीय मंत्री जनरल डा. वी.के. सिंह द्वारा "प्राइड ऑफ़ नेशन अवार्ड" से उन्हें सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा जाजू को 2016 में "स्टेट क्लीनलीनेस अवार्ड", व् महाराजा सवाई मानसिंह म्यूज़ियम ट्रस्ट द्वारा आयोजित "राजा दूल्हे रायअवार्ड" प्रदान किया गया। जागृति का मुख्य उद्देश्य कच्ची बस्ती के गरीब वंचित वर्ग के बच्चो को शिक्षा से जोड़ना व निरंत्तर उनके विकास में सहयोग करना है, इसी उद्देश्य को लेकर जागृति ने जयपुर में 12 और अजमेर में 3 राजकीय विद्यालय गोद लेकर उनमें उत्थान कार्य किये है, लगभग 5455 कच्ची बस्तियों के बच्चे इन विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

### खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**जयपुर**, (का.सं.)। व्यास सेवा संस्थान जयपुर द्वारा स्वर्गीय इन्दू व्यास की पुण्य स्मृति दिवस पर बालाजी वेलकम गार्डन में खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संस्कृत विद्यालय वोयथवाला उच्च प्राथमिक विद्यालय चरण नदी प्रथम एवं विशिष्ट विद्यालय माइलस्टोन के लगभग चार सो बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। विजेता उपविजेताओं को मुख्य अतिथि विप्र कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष मंजू शर्मा ने पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैलाश चंद शर्मा (राष्ट्रदूत) द्वारा की गई। इस अवसर पर सभी बच्चों को उत्कर्ष संस्थान एवं व्यास संस्थान की तरफ से निशुल्क स्टेशनरी वितरण किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा इंदुव्यास के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए संस्थापक सचिव नरेंद्र व्यास द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। अंत में सुभाष चंद्र झा द्वारा सभी व्यक्तियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महेश भारद्वाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम उपरांत सभी बच्चों उपस्थित अतिथियों की भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी रखी गई।

### धूमधाम से मनाया नन्दोत्सव

**जयपुर**। राजधानी के गोपालपुरा बाईपास इलाके में स्थित त्रिवेणी नगर के त्रिनेश्वर महादेव मंदिर में महिला मंडल की ओर से राधाष्टमी व नन्दोत्सव मनाया गया। नन्दोत्सव के दौरान कथा, झांकियों व रासलीलाओं का आयोजन किया गया। साथी भक्तों ने भजन से अपने आराध्य देव को रिझाया। समिति मीडिया प्रभारी सुनीता शालू सैनी ने बताया की मन्दिर में सुदामा, राधा कृष्ण, देवकी वासुदेव की झांकियां सजाई गई। श्याम भजनों पर भक्तों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। आरती के बाद हजारों महिलाओं व बच्चों ने भगवान का प्रसाद व उपहार प्राप्त किया। कार्यक्रम में सीपी माथुर, रेणु सोनी, जया राठौर, आशा गुप्ता, निर्मला माथुर, किरण सैन, रीता माथुर, गीता झालानी, स्नेहा शर्मा, मधु शर्मा, राजकुमारी सक्सेना, रिया गुप्ता, हिमांशी व खुशी आदि उपस्थित रहे।

### आरपीए में हितधारकों की बैठक कल

**जयपुर**। राजस्थान मिशन- 2030 के तहत पुलिस का 'विजन दस्तावेज-2030' में सुझाव के लिए 13 सितम्बर को शाम 4 से 6 बजे तक राजस्थान पुलिस अकादमी में हितधारकों, प्रबुद्धजनों, विषय-विशेषज्ञों के साथ राज्य स्तरीय परामर्श बैठक का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक एससीआरबी साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएं एवं अध्यक्ष राज्य स्तरीय प्रोग्राम मॉनिटरिंग यूनिट डॉ. रविप्रकाश मेहरडा की अध्यक्षता में सोमवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित बैठक में यह जानकारी दी गयी। डॉ. मेहरड़ा ने बताया कि बैठक के आयोजन के लिए 5 कमेटियों का गठन किया गया है। हितधाराकों का चयन, सूचना एवं आमंत्रण कमेटी की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कम्यूनिटी पुलिसिंग संजीव कुमार नार्जरी करेंगे। मंच संचालन व सजावट सें संबंधित कमेटी की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं वी. के. सिंह करेंगे। मीडिया प्रबन्धन कमेटी की अध्यक्षता पुलिस महानिरीक्षक अपराध शाखा प्रफुल कुमार करेंगे। जलपान कमेटी की अध्यक्षता निदेशक आरपीए पी.रामजी एवं यातायात व्यवस्था कमेटी की अध्यक्षता डीसीपी ट्रेफिक प्रहलाद कृष्णियां करेंगे।

### फार्मासिस्ट का 2 घंटे कार्य बहिष्कार

**जयपुर**। प्रदेश में अब फार्मासिस्ट की ओर से राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया गया है। एसएमएस अस्पताल सहित सभी अस्पतालों में सोमवार को फार्मासिस्टों ने दो घंटे सुबह आठ से दस बजे तक का कार्य बहिष्कार किया। प्रदेश में करीब दो हजार से ज्यादा फार्मासिस्टों ने आज कार्य बहिष्कार किया। जिसकी वजह से मरीजों को दवा नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ा। दवा काउंटरों के बाहर मरीजों की कतारें लग गई। हालांकि इमरजेंसी और आईसीयू में फार्मासिस्टों की ओर से सेवाएं जारी रखी गई। एसएमएस अस्पताल में फार्मासिस्टों की ओर से सरकार के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन किया गया। राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ एकीकृत के प्रदेशव्यापी आव्हान पर कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। यूनियन के तिलक चंद शर्मा ने कहा कि फार्मासिस्ट संवर्ग अपनी 7 सूत्रीय मांगों जिसमें नर्सिंग संवर्ग के समान विभिन्न भत्ते, 11 वर्षों से लंबित वेतन विसंगति दूर कर फार्मासिस्ट का एंट्री लेवल ग्रेड पे एल-11, फार्मासिस्ट ग्रेड-प्रथम की ग्रेड पे एल-12, अधीक्षक फार्मासिस्ट की ग्रेड पे एल-14 करने, फार्मासिस्ट एवं फार्मासिस्ट ग्रेड प्रथम का पदनाम परिवर्तन कर फार्मेसी ऑफिसर एवं सीनियर फार्मेसी ऑफिसर करने जैसी मांगे कर रहे है।

### विहिप स्थापना दिवस मनाया

**जयपुर**, (का.सं.)। शिव हनुमान मंदिर संजय नगर मे आयोजित समारोह मे मुख्य अतिथि विहिप धर्मप्रसार प्रांत प्रमुख सी.एम. भार्गव ने विहिप स्थापना के तत्कालीन कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पराधीनता सदैव बड़ी दुखदायी और कष्टकारी होती है, एक हजार वर्षों के परतंत्रता कालखण्ड मे हम अपना स्वत्व और स्वाभिमान ही नही अपितु यह भी भूल गए कि हम राम, कृष्ण, गौतम, महावीर, शंकराचार्य, चाणक्य एंव पतंजलि की वंश परम्परा से है। हम यह भी भूल गए कि हम उस देश के वासी है जहां वेद, शास्त्र, पुराण, रामायण महाभारत, गीता जैसे ग्रंथो का प्रणयन हुआ था तथा पतित-पावनी, पाप-नाशनी और पुण्य-प्रदापिनी गंगा बहती है लेकिन कालचक्र की इसी गति के कारण हम उदासीन हो गये।



## Gym Day

For those who are already loving going to the gym or for those who know they want to, Gym Day is the ideal time to show some celebration and appreciation for the motivation and community spirit that comes from working out at a local gym. The whole point of the day is to inspire people to move!The purpose of observing Gym Day is to encourage people to take care of their health. Being active not only helps with physical health, but also mental health, confidence and even social connections.

#ALL-TIME-FAVOURITE

# Chocolate Milkshake Day

Go out for a chocolate milkshake, or make one of these delicious creamy treats yourself. Lactose intolerant? Try a substitute milkshake with soy, oat, or nut milk.



In 1885 a wonderful thing happened: the term "milkshake" was first recorded and introduced into the dessert world. While it is important to know that the milkshakes of that time were a much different creation than that which are commonly consumed today, they still served as the predecessor to the beloved modern chocolate milkshake.

At that time a milkshake referred to something far more akin to what is often now called "Eggnog", which was a mixture of eggs, whiskey, and a variety of spices and flavourings. It didn't take long for that to change as, in the 1900's, the word "milkshake" became a term for a much more wholesome beverage. The ice cream was still not officially part of the mix yet, though it was commonly ordered along with the drink.

While getting closer, it wasn't until the invention of the electric mixer that the milkshake as we know it came to pass. In fact, the histories of these two are intricately connected as both came about in 1922.

As may be fairly obvious by now, the chocolate milkshake actually predates the milkshake as we know it today, but it truly reached perfection once ice cream became a natural part of the drink. The story goes that a Walgreens employee in Chicago got a little crazy and decided to put two scoops of ice cream in a chocolate malt, which was made using an electric blender. After that, the drink quickly became a hit all throughout the United States. The rest is milkshake history!

What is often unknown is that milkshakes were not always called milkshakes, in the 1950's they were called frosted drinks, cabinets, velvets, or frappes. But no matter what they are called, all around the world people should take this day to delight in everything to do with Chocolate Milkshakes!

Here is a super easy, quick and yummy recipe to make



Chocolate Shake with cocoa powder, milk, sugar and chocolate ice cream.

### Ingredients

For the cocoa syrup

- ¼ cup water – warm
- 3 tablespoons cocoa powder
- ¼ cup sugar or add as per taste

Other ingredients

- 2.5 cups whole milk – cold
- 6 to 8 ice cubes – optional
- 2 to 3 scoops chocolate ice cream – optional
- 2 to 3 tablespoon chocolate sauce – optional

### Preparation

Making cocoa syrup

1. In a small bowl, take warm water.
2. Add 3 tablespoons cocoa powder. You can also opt to add 2 tablespoons cocoa powder.
3. Next add sugar. You can add sugar less or more according to your taste preferences.
4. Mix very well so that the sugar as well as the cocoa powder is dissolved in the warm water.

Making chocolate milkshake

1. Now pour this cocoa syrup in a blender or mixer.
2. Add some ice cubes and 2.5 cups milk.
3. Blend till smooth.
4. Drizzle some chocolate syrup at the sides of glasses. This is an optional step.
5. Pour chocolate milkshake in glasses.
6. Then add a scoop of chocolate ice cream.
7. Serve immediately.




# A Few Drops of rain for my Parched Land

My Ma gave me,
her eldest boy, to a man,
she said he will take care of you
I have too many mouths to feed,
maybe you earn something for us
I beg at traffic lights, day and night
I go to the car windows,
I have learnt how to look helpless
I like dancing in the rain

We milk coins from the cars owners
My master keeps us in his sight
The one who cannot beg enough coins
goes without the only meal
we get at night
I like dancing in the rain




Pawan Shorey
*(Doctor naturalist and poet)*

#MONSOON



No season in India evokes such myriad emotions as the monsoon season. It is at once an exhilaration to see dark clouds when sweltering in searing heat of the summer. It is a sign of hope and sustenance for the farmer. The earth wakes up, there are new germinating plants, new shoots on trees and a feast for birds as insects swarm the air. This time of plenty is also the breeding season of the birds. It is a time of outdoor forays for us, a time for picnics, 'Goths', etc. It is also a time of calamities, of floods, of destruction.

Some have likened the monsoon to a women. She is a demure girl with downcast eyes when the monsoon arrives. She is a full blooded, fecund woman ready to take on the world when the monsoon is at its peak. She is Durga, eager to destroy and decimate when excessive rainfall is unleashed as floods. She is a frail old woman, tottering in her steps when the monsoon is weak and retreating. All in a poet's imagination. The following five poems represent different societal strata and the way monsoon evokes emotions in them. There is a street child, there is a prostitute and there is a lonely, ailing mother waiting for her son to be by her side. These poems may evoke different emotions in different people but they all celebrate the monsoon season.



## A walk in the rain



**The** first monsoon showers arrive
The fragrance of the earth will waft up now
On a whim, I saunter into the rain
And walk at a pace my age will allow

I unfurl the umbrella, a gentle tapping
of raindrops starts
Where is the fragrance of the moist earth
It is lost to roads and concrete jungles
It is lost to development for all it's worth

The rain is heavy now, a faster pitter patter
The drains brim with fast flowing water
As children, we would float paper boats
Now what floats are only plastic bags
and plastic matter

I close the umbrella, let the rain drench me
As children, we were shooed to the
rooftop by our mother
Remove your clothes and dance in the rain
The heat rashes on your back will disappear

Now I am ankle deep in water
I am careful at every step
An open manhole may lurk underwater
somewhere
A fallen branch of a Peepal tree, I sidestep

The fun of walking in the rain is still there
One has to let go for once
Shower water on yourself from
dripping branches
Let the child in you be out for once.

## Watching the rain from my window



**I** wake up to thunder at dawn
I look out of the window
Everything is cloaked in blue light
It has not rained though

I look around me
My small room, my special stroke bed
I ring the bedside bell
A person comes and elevates the head

A light shower commences
It's exhilarating to see the raindrops fall
Raindrops cling to the overhead wires and travel
ahead
Till they merge into a big raindrop and fall

I suffered from stroke, I live alone
I am in an old peoples' home now
My son lives in US, he arranged
everything on phone
Don't worry Ma, you are stable as of now

A spider web has caught the raindrops
They shimmer like pearls in morning light
The trees sway to the rhythm of the rain
Their washed leaves so green and bright

Raindrops tiptoe on the leaves
A gentle patter comes through
Memories tiptoe in my being,
My son says, I am in US, I still take care of you

Wind picks up and there is a raging storm
Thunderbolts light up the lawn
Broken branches and uprooted trees everywhere
I have never seen such a stormy dawn

I don't need your money, I can live by
But now, I want you by my side
Alas, you are always very busy
My life is now an ebbing tide

I don't want to live here anymore
I want to breathe my last on my bed at home
I ring up my son in US
I am in a meeting, he says
Anything important Ma? He hangs up
I look out of the window
The rain has turned gentle now

## I like dancing in the rain



**My** Ma gave me,
her eldest boy, to a man,
she said he will take care of you
I have too many mouths to feed,
maybe you earn something for us
I beg at traffic lights, day and night
I go to the car windows,
I have learnt how to look helpless
I like dancing in the rain

We milk coins from the cars owners
My master keeps us in his sight
The one who cannot beg enough coins
goes without the only meal
we get at night
I like dancing in the rain


Some car owners feel for us
A Madam brings us biscuits and clothes
They are snatched away by our master
Or by a policeman in plain clothes
I like dancing in the rain

The madam from child shelter homes
Comes to us, we will help you, your life is
so hard
We flee at the sight of their wagon
We have heard stories of bullying
and beatings by their guards
I like dancing in the rain

At night, my master invites the girls to
his bed
Our eyes half closed, we pretend we are
sleeping
There are shrieks, there are cries in pain
Till they come to the floor weeping
I like dancing in the rain

I like dancing in the rain
I imagine
I am going to school
My stomach is full
I am kicking football
I am living in a house, not a chawl
As the rain pours down on me
I forget for a moment who I am
I keep dancing in the rain

## Whispers of a fallen flower



**A** pink flower falls on the wet ground,
forsaken
It looks up at the mother tree
You used me to meet your ends
Now I am of no use to you, you shed me

I lie on the cold floor of an unlit room
Ravaged by customers through the night
Ma, I was your first born, your love of life
You sold me to a pimp and said everything
will be alright

Ma said I am a widow
I have three mouths to feed
Do this sacrifice for your sisters and broth-
er
Marry this old man and we will remember
your pious deed

I was just fifteen then, a child
How could I be given in marriage
I cried, I fought, I ran away from home
But they brought me back, married me to a
man thrice my age

He ravished my body for months,
sold me to a brothel
I was helpless, had to learn their ways
Adjust! Adjust! Madame would say
I just live my life from day to day

It is monsoon now, the street outside is cov-
ered with rain and sludge
It would be monsoon in my village
Swings would be strung on Mango trees
I remember the light shower,
the gentle breeze

The flower looks at the mother tree
You abandoned me and I will die
I look at the empty darkness of the room
Ma, I was your tender flower
You abandoned me, I want to die

## A few drops of rain on my parched land



**The** killing heat from the heartless sun
carved fissures on the bosom of earth
Half dead drooping trees look at the merciless sky
When will you pour your manna and give us a rebirth

My heartscape is as barren and parched
Memories roar through like a dust storm
Ruffling me from my patch of solace
Abuses, misdeeds, recriminations,
they all come along

A few drops are enough, the trees say
We will straighten ourselves and wait
Will the showers drench us
It is life and death for us, hurry
before it is too late

A few drops of celestial love are enough for me
Unburden me from the past and future
Let me exult in this moment
Where my mind is still and no
thoughts to nurture

The rain comes in torrents
The thunderstorm unleashes its power
The trees are grateful, the parched earth gulps
All beings welcome this life sustaining water


The love of the Lord permeates my heart
Inundating me with pure bliss
There is silence in my being
And I travel to my inner core in peace

rajeshsharma1049@gmail.com

#LEADERSHIP

# Communicating "WHY"

When someone asks you to alter a current behaviour, your first question is usually..."Why?"



In an ongoing crisis, clear communication is more important and more difficult than when things seem normal. Employees and customers are hungry for information, so we're tempted to pull together presentations and communicate with urgency instead of with careful planning. But if we present without addressing our audience's core questions of what, how, and why, we'll sow more confusion than we bring clarity.

At any company, we rework thousands of talks each year for large brands and high-powered executives. When their communications are high-stakes, most of the clients come prepared with what needs to happen and how, but they've rarely answered the question 'why'.

### So, why answer why?

Let's put it this way: If your boss comes to you and says, "I need you take on this additional project on top of your current work load," what is your first question going to be? It probably has nothing to do with setting your alarm, re-arranging your schedule, or any other version of how you're going to get the extra work done. When someone asks you to alter a current behaviour, your first question is usually why? Because you're not going to try something new or hard unless you're motivated to do so.

Your audience is no different. If they don't know why a new action is necessary, they won't be motivated to help you. They'll continue with their current comfortable behaviours, thank you very much.

Communicators often overlook answering why for two key reasons:

- They assume explaining what and how is the fastest way to influence their audience.
- They think the answer to why is so self-evident it doesn't need unpacking.



Let's dissect this example a bit more.

Leaders explain the 'what' of their insights and the how of applying the findings. This is how most leaders approach their talks, especially professionals who are deep subject matter experts. They focus on the content they want to share. Many leaders don't even consider the why from the audience perspective because it seems so self-evident to them, they think it's obvious to everyone.

On the other hand, let's say you inject your talk with a compelling why — "We can reduce secondary infection rates by 40%, saving thousands of lives" or "We can reach more people and help them advance their careers if we release our content for free." Answering "why" often leads to a human, who will benefit from the action you're asking people to take. It suddenly matters.

There's a good chance your 'why' won't be as clear cut as the example above. So here are three strategies to help you get to the heart of the why in your next presentation.



### Ask some good what questions.

The answers to why often hide in our subconscious, and you may have to coax them out. Sometimes, you can get to 'why' by asking yourself a few good "what" questions such as: What is at stake if we do or do not do this? What will the future look like if we get this done? What would the state of the human condition be if we did or didn't do this? Another way to get to 'why' is to have someone else ask you "so what" until you can't answer it anymore. That'll get you to the root of "why."

### Follow up with because.


Just considering the why isn't enough — you have to clearly articulate the why. Think about what action you're asking your audience to take, and then follow it with "because."For example, "We need to improve our process, because ____." Whatever reason follows a "we need to ______, because ______ ." Whatever that second blank is, will answer the question of "why."

### State alternate perspectives.

Address skeptics and resistance by addressing potential perspectives you've eliminated. It might sound counterintuitive to reveal anything other than the action you're influencing them to take, but you can better persuade an audience by sharing ideas you abandoned and, you guessed it, "why" you've eliminated them. By sharing the ideas that you considered, explored, tested, and then abandoned, you'll demonstrate that you've thought through all the possibilities.


Answering 'why' is an act of empathy and adds a layer of persuasion to your communications. When people know why they're being asked to do something, they're much more likely to do it.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# ससुराल आए युवक की पत्नी और सालों ने मिलकर हत्या की

## सबूत नष्ट करने के इरादे से शव को सड़क किनारे फेंका

**केकड़ी,** (निसं)। युवक की हत्या कर शव को केकड़ी के नाइखेड़ा के पास सड़क किनारे फेंकने के मामले का पुलिस ने मात्र 12 घंटे में खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी व दो सालों को गिरफ्तार किया है।

मामला केकड़ी जिले के सरवाड़ थाने का है। जहां प्रतापपुरा गांव में ससुराल आए युवक की उसकी पत्नी और साले ने रस्सी से बांधकर पीट पीटकर हत्या कर दी थी तथा सबूत नष्ट करने के लिए शव को प्रतापपुरा से बाइक पर नाईखेड़ा के पास ले जाकर सड़क के किनारे फेंक दिया था।

केकड़ी जिला पुलिस अधीक्षक राजकुमार गुप्ता ने बताया कि रविवार अलसुबह नाईखेड़ा के समीप युवक का शव मिलने पर उसकी शिनाख्ती का प्रयास किया गया। पड़ताल के दौरान युवक की शिनाख्त नारायण कंजर पुत्र प्रताप कंजर निवासी दाखिया थाना मेहंदवास जिला टोंक के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के भाई धर्मराज की रिपोर्ट पर मृतक की पत्नी, सालों एवं अन्य के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक राजकुमार गुप्ता ने पुलिस उप अधीक्षक संजय सिंह चम्पावत के सुपरविजन में विशेष टीम का गठन कर



**युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी व सालों को गिरफ्तार किया।**

आरोपियों की धरपकड़ के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी पानवती उर्फ पाना, साले बनवारी कंजर व हिम्मत सिंह उर्फ हिम्मतियां कंजर पुत्र बाबूलाल कंजर निवासी प्रतापुरा थाना सरवाड़ को दस्तयाब कर पूछताछ की। आरोपियों द्वारा वारदात में संलिप्तता स्वीकार करने पर पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त बाइक भी जब्त की है।

पुलिस के अनुसार नारायण का नाता विवाह करीब आठ साल पहले पानवती के साथ हुआ था। विवाह से दोनों के एक पुत्र हुआ, जिसकी वर्तमान में आयु 6 वर्ष है। मृतक नारायण व उसके साले बनवारी के बीच झगड़े की राशि को लेकर विवाद चल रहा था। वहीं मृतक नारायण व पत्नी पानवती के मध्य पुत्र गिरधारी की कस्टडी को लेकर विवाद चल रहा था। उपरोक्त विवादों के चलते पानवती पिछले दो माह से अपने पीहर प्रतापपुरा में ही रह रही थी। पानवती के बुलाने पर अपने पुत्र गिरधारी को लेकर 9 सितम्बर को दाखिया से प्रतापपुरा आ गया। जहां गिरधारी को अन्य रिश्तेदार के यहां छोड़ कर ससुराल पहुंच गया। यहां झगड़े की राशि व पुत्र की कस्टडी को लेकर बनवारी व पानवती ने रस्सी से नारायण के हाथ पैर बांधकर उसके साथ लाठी सरियों से मारपीट शुरू कर दी।

- **पुलिस ने 12 घंटे में किया हत्या का खुलासा, बाइक भी जब्त**

मार से बचने के लिए नारायण ने पुत्र गिरधारी के बारे में बता दिया, जिसे उसकी पत्नी अपने साथ लेकर आ गई। वापस आने के बाद उन्होंने नारायण के हाथ-पैर खोल दिए, लेकिन तब तक नारायण की मौत हो गई। नारायण की मौत का पता चलते ही दोनों भाई-बहन के हाथ पैर फूल गए। हत्या की वारदात को छिपाने एवं सबूत मिटाने के उद्देश्य से आरोपियों ने आनन फानन में एक दूसरे साले हिम्मत उर्फ हिम्मतिया व अन्य रिश्तेदार की सहायता से नारायण के शव को बाइक पर रख कर नाईखेड़ा के समीप सड़क किनारे फेंक दिया। वारदात का खुलासा करने में पुलिस उप अधीक्षक संजय सिंह चम्पावत, सरवाड़ थानाधिकारी सुरेन्द्र गोदारा, जिला स्पेशल टीम के प्रभारी एएसआई रामसिंह, कांस्टेबल राजकिरण सिंह व नवल सिंह, साइबर सेल के कांस्टेबल रामराज सामरिया, गजराज व शिवराज व सरवाड़ थाना पुलिस के कांस्टेबल कमल ने सराहनीय भूमिका निभाई है।

# 10 हजार का इनामी बदमाश अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

## 315 बोर देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद

**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। बहरोड़ थाना पुलिस ने करीब 4 साल से फरार चल रहे 10000 रुपए के इनामी बदमाश को 315 बोर देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ नेशनल हाईवे नंबर 48 से जो कि गोकुलपुर डेयरी पर फायरिंग के मामले में फरार चल रहा था को गिरफ्तार किया गया।

कोटपूतली बहरोड़ जिला पुलिस द्वारा महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज द्वारा विधानसभा चुनावों को मध्य नजर रखते हुए रेंज स्तरीय अभियान के तहत अवैध हथियार रखने वालों पर कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा एवं अतिरिक्त एसपी जगराम मीणा एवं उप अधीक्षक तेज पाठक के नेतृत्व में थाना अधिकारी महेंद्र सिंह की टीम द्वारा कार्यवाही की गई।

रविवार को रात्रि में चेकिंग गस्त के दौरान होटल ढाबों पर कार्यवाही के बहाने मुखबिर की खास सूचना पर नेशनल हाईवे नंबर 48 के न्यू कोर्ट रोड मोड पर पुलिस की गाड़ी को देखकर झाड़ियों के पीछे छिपने पर जाब्ते की मदद से पवन उर्फ अटैक पुत्र मानसिंह गुर्जर निवासी पहाड़ी तथा घबराते हुए पायजामे में पीछे की तरफ 315 बोर देसी कट्टा तथा जेब में एक जिंदा कारतूस जप्त करते आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया गया। वहीं अपराधिक रिकार्ड में उक्त बदमाश पर करीब 5 मामले दर्ज पाए गए।



**बहरोड़ थाना पुलिस ने इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया।**

## सड़क हादसे में तीन घायल

**सुजानगढ़,** (निसं)। मोटरसाइकिल से टक्कर लगने से पैदल चल रहे व्यक्ति के साथ ही दो बाइक सवार भी घायल हो गए। जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन के पास मारूति मंगल गैस एजेंसी के सामने पैदल चल रहे सुल्तान पुत्र गफूर सब्जी फरोश के मोटरसाइकिल चालक ने टक्कर ने मार दी।

जिससे सुल्तान के साथ ही बाइक सवार इलियास पुत्र मो. फारूक बिसायती, इम्तियाज पुत्र मो. हबीब बिसायती घायल हो गए। तीनों घायलों को टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार, भवानी गुलेरिया व अन्य अस्तपाल के इंमरजेंसी वार्ड में पहुंचा कर उपचार शुरू करवाया। डॉ. रामरतन बिस्सू, संगीता, राजकुमार ने घायलों का उपचार किया। गंभीरावस्था में सुल्तान को रैफर कर दिया गया। कोतवाली थाने के हैड कांस्टेबल रामसिंह ने हादसे की जानकारी ली।

# डिप्रेशन में युवती ने किया सुसाइड

**भीलवाड़ा।** शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र की रमा विहार कॉलोनी में आर जे एस परीक्षा में फेल होने के बाद डिप्रेशन में चल रही एक 28 साल की युवती ने अपने घर में सुसाइड कर लिया। घटना के समय युवती के माता-पिता व भाई बाहर गए हुए थे। दोपहर को जब युवती की मां घर लौटी तो अंदर से दरवाजा बंद था। इसके बाद दरवाजा तोड़कर अंदर जाने पर युवती का शव फंदे पर लटका हुआ मिला।

- **आर.जे.एस. परीक्षा में फेल होने के बाद डिप्रेशन में चल रही थी युवती**

घटना की सूचना मिलने के बाद सुभाष नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को नीचे उतारकर मोर्चरी पहुंचाया गया। इधर, युवती के सुसाइड की सूचना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सुभाष नगर थाना प्रभारी जय सुल्तान कविया ने बताया कि सोमवार को थाना क्षेत्र के रमा विहार में रहने वाली आकांशा उर्फ खुशबू (28) पुत्री लक्ष्मीलाल ओझा ने अपने कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतार मोर्चरी पहुंचाया। मृतका के माता-पिता दोनो टीचर है। सोमवार सुबह वह स्कूल के लिए निकली गए थे।

वहीं आकांशा के भाई भी घर से बाहर निकल गया था। घर में आकांशा अकेली ही थी। पीछे से साड़ी का फंदा बनाकर सुसाइड कर लिया। दोपहर को करीब 2 बजे जब आकांशा की मां स्कूल से वापस आई तो आकांशा को आवाज लगाई। इस पर उसने दरवाजा नहीं खोला। काफी देर आवाज लगाने पर अंदर से कोई जवाब नहीं आया तो पड़ोसियों की मदद से घर का दरवाजा तोड़ा गया। आकांशा अहमदाबाद में आरजेएस की तैयारी कर रही थी। 16 अगस्त को ही उसका परिणाम आया था। जिसमें आकांशा फेल हो गई थी। इसके बाद से ही आकांशा डिप्रेशन में चल रही थी।

# रोडवेज बस चालक पर कैम्पर में आये युवकों ने फायरिंग की, चालक घायल

- **बस खड़ी कर उतार रहा था सवारियां, कैंपर में आए लोग और चला दी गोली**
- **बस की टाइमिंग को लेकर निजी बस संचालक व स्टाफ से विवाद बताया**

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर से दिल्ली रूट पर चलने वाली रोडवेज की बस पर देर शाम को म्यूजियम सर्किल पर कैम्पर में आए बदमाशों ने हमला कर दिया। फायरिंग की, जिससे बस चालक घायल हो गया।

बीकानेर रोडवेज की बस दिल्ली वाया झुंझुनूं चलती है। उदयपुरवाटी से एक निजी बस चलती है, जो झुंझुनूं होकर बीकानेर आती है। रोडवेज की बस निजी बस के आगे चलती है। बस की टाइमिंग को लेकर निजी बस संचालक व स्टाफ से विवाद चल रहा है। उदयपुरवाटी से निकलते ही निजी बस चालक-परिचालक झगड़ा करने लगे। वहां से यात्रियों व स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर बस को रवाना किया। निजी बस बीकानेर के सुरेश बिश्नोई की है। वारदात का पता चलने पर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम, सीओ सदर शालिनी बजाज व एसएचओ सदर ट्रोमा सेंटर पहुंचे।

परिचालक लेखराम के मुताबिक, रतनगढ़ में निजी बस के चालक ने रोडवेज के चालक रामसिंह को कहा कि बस को ओवरटेक क्यों कर रहे हो। इस बात को लेकर वह झगड़ा करने लगा। तब निजी बस के परिचालक ने बीकानेर में देख लेने की धमकी दी। शाम करीब साढ़े आठ बजे जब रोडवेज बस म्यूजियम सर्किल पहुंची। बस से सवारियां उतार ही रहे थे, तभी एक कैम्पर गाड़ी आई। कैम्पर गाड़ी में सवार लोगों ने चालक के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। तब उन्हें धक्का-देकर बस से नीचे उतारा। आरोपियों ने चालक की तरफ जाकर दो बार फायरिंग की। इससे चालक रामसिंह की पीठ में गोली लगी। बाद में आरोपी वहां से भाग छूटे।

वारदात की इत्तला मिलने पर बीकानेर रोडवेज आगार के प्रबंधक अंकित शर्मा, प्रबंधक यातायात भोमसिंह, शिवराज सिंह, कुलभूषण सिंह, गजेन्द्र सिंह, इमरान खान, एटक यूनियन के मदनगोपाल भांभू, सूरजाराम, सुरेन्द्र डेलू सहित अन्य कर्मचारी अधिकारी ट्रोमा सेंटर पहुंचे। रोडवेज कर्मचारियों ने आरोपियों को गिरफ्तार कर सख़्त कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# लावारिस हालत में मिले बैग को मालिक को लौटाया

**सुजानगढ़,** (निसं)। गांधी आश्रम के सामने लावारिस हालत मिले बैग को सोनू वेदी ने उसके असली मालिक को लौटाया। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह गांधी आश्रम के अध्यक्ष सुभाष वेदी के पुत्र सोनू को एक बैग मिला, जिसमें आधार कार्ड सहित अन्य जरूरी दस्तावेज और कपड़े एवं अन्य सामान था।

वेदी ने टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार से सम्पर्क किया। जिसके बाद स्वर्णकार ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लगाई। जिसके कुछ ही देर में कोतवाली थाने के कांस्टेबल प्रवीण पंवार ने स्वर्णकार से सम्पर्क किया। जिसके बाद सोनू वेदी एवं श्याम स्वर्णकार कोतवाली थाने पहुंचे। जहां पर बैग के असली मालिक रामचंद्र पुत्र ताराचंद जाट निवासी जीतपुरा, तहसील भिवानी, दादरी, हरियाणा जो कि रिपोर्ट लिखवाने आया था, को सौंप दिए।



**लावारिस मिले बैग को सोनू वेदी ने उसके असली मालिक को लौटाया।**

रामचंद्र ने बताया कि रविवार को वह ट्रैन से सुजानगढ़ आया था तथा खाना खाकर पंचायत समिति के पास कहीं सो गया। नींद में कोई अज्ञात व्यक्ति उसका मोबाइल, पर्स और बैग चुरा ले गया। पर्स और बैग से करीब 30-35 हजार रूपये निकालकर बैग को गांधी आश्रम के सामने फेंक दिया।

## चार लाख की हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। युवक से नौ ग्राम हेरोइन को बरामद किया गया। बाजार मूल्य करीब साढ़े चार लाख रुपए है। युवक के पास से एक बाइक और बिक्री के 70 हजार पांच सौ रुपए भी बरामद किए गए हैं। श्रीगंगानगर शहर पुलिस ने युवक को मौसम विभाग रोड से पकड़ा था। पुलिस को छजगरिया बस्ती के एक व्यक्ति के हेरोइन की बिक्री करने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने मौसम विभाग के पास कार्रवाई की। यहां छजगिरया मोहल्ले का युवक शालू पुत्र किदाराम हेरोइन लेकर बाइक पर बिक्री के लिए निकला था। एसआई देवेंद्र सोनी ने नाका लगाकर युवक को रोका। युवक की घबराहट देखकर पुलिस को शक हुआ। तलाशी में उसके पास नौ ग्राम हेरोइन बरामद हुई। हेरोइन के मुख्य सप्लायर का पता लगाने को लेकर पूछताछ की जाएगी। बरामद हेरोइन की कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपए है।

## अवैध बजरी से भरे चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

**मालपुरा,** (निसं)। टोडारायसिंह थाना क्षेत्र के मोर थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन पर कार्यवाही करते हुए अवैध बजरी से भरी चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त की। थानाधिकारी रतन सिंह तंवर ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर थाना पुलिस टीम ने नांकाबंदी कर अवैध बजरी परिवहन करते चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्ती की कार्यवाही की। पुलिस जीप को आता देख चालक ट्रैक्टर छोड़ मौके से फरार हो गये। चालकों के विरूद्ध एमएमआरडी एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

## डेढ़ साल से फरार 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

- **दुष्कर्म व धमकी देकर वसूली के आरोप में था वांछित**

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। महिला थाना पुलिस की टीम ने दुष्कर्म और जबरन वसूली के मामले में डेढ़ साल से फरार चल रहे आरोपी जयभगवान मीणा पुत्र बत्ती लाल (28) निवासी परीता थाना कुड़गांव जिला करौली को रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी हर्षवर्धन अग्रवाल ने बताया कि 8 दिसंबर 2021 को पीड़िता ने महिला थाना पर रिपोर्ट दी कि उसकी वर्ष 2018 में उसकी फोन पर जय भगवान से जान पहचान हुई थी। आरोपी ने झूठी बातों में फंसा होटलों में ले जाकर दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना वायरल करने की धमकी थी। डरा धमकाकर बैंक से 3.50 लाख रुपए का उसका लोन करवा पूरी रकम हड़प ली। एसपी अग्रवाल ने बताया कि लंबे समय से वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एडिशनल एसपी हिमांशु शर्मा व सीओ दीपक खंडेलवाल के सुपरविजन में टीम गठित की गई। आरोपी पर 10 हजार का इनाम भी घोषित किया गया। महिला थाना एसएचओ नरगिस खान के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## फर्जी आईडी के साथ छह लोग पकड़े

**पोकरण,** (निसं)। पोकरण के निकट लाठी में मिलिट्री इंटेलिजेंस ने बडी कार्रवाई लाठी टोल नाके पर अंजाम दी। सेना के अधिकारियों की फर्जी आईडी के साथ 6 लोगों को दबोचा गया। यह लोग दो अलग-अलग गाड़ियों में सवार थे।

बाबा रामदेव की झंडी लगी हुई मिली। इस पर सेना की सुरक्षा एजेंसियों ने कार्रवाई कर उक्त लोगों को पोकरण पुलिस थाने को सुपुर्द किया। पुलिस व सुरक्षा एजेंसी में कड़ी पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जिसे न्यायिक हिरासत भेजा गया।

## दो घरों में लाखों रुपयों के जेवर व नकदी चोरी

**बीकानेर,** (कासं)। शहर में चोरों का कहर बरप रहा है। चोर हर दिन वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताजा घटनाएं मुक्ताप्रसाद नगर थाना इलाके में हुई, जहां दो घरों में चोरों ने सेंधमारी की। चोर यहां से लाखों रुपए के जेवर व नकदी ले गए। एक घर में दिनदहाड़े चोरी की, जबकि दूसरे घर का मालिक दो दिन बाद घर आया, तो वारदात का पता चला। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस सीसीटीवी के फुटेज खंगाल रही है। साथ ही संदिग्धों को पकड़ कर पूछताछ कर रही है।

मुक्ताप्रसाद नगर थाना पुलिस के अनुसार सेक्टर 9/55 निवासी वासुदेव सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आठ सितंबर की दोपहर वह तीन बजे पीबीएम अस्पताल गया था। उसके बेटे की बहू भर्ती थी। वापस शाम को आठ बजे घर आया, तब देखा कि सीढ़ियों का दरवाजा टूटा हुआ है। अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। आलमारी में से सोने का जड़ाऊ हार 150 ग्राम, सोने की चार अंगूठी, सोने का मंगलसूत्र 45 ग्राम एवं 85 हजार रुपए नकदी गायब थे।

दूसरा मामला मुक्ताप्रसाद नगर सेक्टर 13/297 निवासी चिरंजीलाल शर्मा के घर का है। उन्होंने बताया कि वह परिवार के साथ तीन दिन से गांव गया हुआ था। नौ सितंबर को आया, तो देखा घर के ताले टूटे हुए थे। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर घर से सोने का हार सेट, दस अंगूठी, रखड़ी सेट, नोज पिन छह, पायल चार नग, सोने की चेन दो, मंगलसूत्र, चांदी 150 ग्राम चुरा ले गए। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पूर्व में चोरी के मामलों में गिरफ्तार आरोपियों से भी पूछताछ कर रही है।

## दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। विवाहिता के साथ दुष्कर्म करने अश्लिल वीडियो तैयार कर ब्लेकमेल करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने अमरान अली पुत्र जाकिन हुसैन के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि कुछ समय पूर्व आरोपी ने मेरा संपर्क हुआ। मोबाईल पर बातचीत होने के दौरान नजदीकिया बढ गई। जिसके चलते आरोपी ने मेरे साथ दुष्कर्म किया तथा अश्लिी वीडियों तैयार कर लिया। कुछ समय बाद आरोपी ने मुझे ब्लेकमेल करना शुरू कर दिया। इनकार करने पर उसने मुझे वीड़ियों बताते हुए धमकाया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच अम्बामाता थाना एसआई तुलसीराम कर रहे है।

# परिवर्तन संकल्प यात्रा लालसोट विधानसभा क्षेत्र के दावेदारों में शक्ति प्रदर्शन का जरिया बनी

## दावेदारों ने अलग-अलग जमाए मंच, फोटो खींचाने की लगी रही होड़

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिस उद्देश्य से परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाली जा रही थी उसका रंग रूप बदला हुआ मिला। भारतीय जनता पार्टी की निकाली जा रही परिवर्तन संकल्प यात्रा सोमवार को लालसोट विधानसभा क्षेत्र में पहुंची जहां पर जिस उद्देश्य से इस परिवर्तन संकल्प यात्रा को निकाला जा रहा था उस उद्देश्य से भटकी हुई नजर आई।

इस परिवर्तन संकल्प यात्रा को लालसोट विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले दावेदारों द्वारा महज शक्ति प्रदर्शन का जरिया बना कर रख दिया गया। इन दावेदारों द्वारा प्रदेश सरकार के खिलाफ एवं उसकी नीति सहित बढ़ रहे भ्रष्टाचार अपराध आदि को बैनर पोस्टरों में सार्वजनिक करने के बजाय ज्यादातर झंडे बैनर पोस्टरों में खुद की फोटो एवं आगंतुक भाजपा नेताओं की फोटो लगाकर लालसोट विधानसभा क्षेत्र से खुद की मजबूत दावेदारी पेश करते नजर आए। भाजपा की परिवर्तन



**लालसोट पहुंचने पर परिवर्तन संकल्प रथ का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जेसीबी मशीन पर चढ़कर पुष्प वर्षा से स्वागत किया।**

संकल्प यात्रा के दौरान ऐसा लग रहा था कि यह भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा नहीं होकर टिकट वितरण यात्रा थी। इस परिवर्तन संकल्प यात्रा में लालसोट विधानसभा क्षेत्र में तीन गुट नजर आए।

यहां सभी दावेदार बड़े भाजपा नेताओं के साथ खुद की सेल्फी लेते नजर आए ताकि सोशल मीडिया के माध्यम से खुद की दावेदारी उन नेताओं से नजदीकी बताते हुए आम लोगों के बीच पेश कर सकें। तीनों गुटों द्वारा खुद के अलग अलग मंच बनाकर इस परिवर्तन संकल्प यात्रा के स्वागत की तैयारी की गई थी। इस मामले को लेकर चर्चा रही कि लालसोट विधानसभा में आगामी चुनाव लड़ने के लिए कुछ दावेदार तो ऐसे हैं जो केवल पोस्टर बैनर तक ही सीमित रहे हैं। उपखंड मुख्यालय पर परिवर्तन संकल्प निकलने वाला पूरा मार्ग लालसोट विधानसभा क्षेत्र से दावेदारी पेश करने वाले लोगों के झंडी बैनर पोस्ट से अटा पड़ा था। पोस्टर बैनर के माध्यम से विधानसभा चुनाव में दावेदारी पेश करने वाले ऐसे नेता कभी पिछले पांच सालों में लालसोट विधानसभा क्षेत्र के लोगों से नहीं मिले एवं ना ही उनके दुख दर्द सहित विभिन्न हो रहे घोटाले अनियमितता आदि पर खुद का विरोध जता पाए थे।

चर्चा रही कि आप आगामी विधानसभा चुनाव में ना कोई विजन ना कोई जिम्मेदारी रखने वाले तथाकथित नेता किस मुंह से जनता के बीच वोट मांगने जाएंगे। बरहाल उपखंड मुख्यालय पर कांग्रेस पार्टी का जो होना जो होगा लेकिन भाजपा का दावेदारों की लंबी संख्या एवं बने हुए समर्थकों के तीन गुटों के चलते संभावित तौर पर पिछले चुनाव जैसा हाल होता नजर आ रहा है। चर्चा रही कि जब भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा निकाली जा रही परिवर्तन संकल्प यात्रा में ही एक जगह नहीं बैठ पाए तो आगामी विधानसभा चुनाव में एक जगह बैठ जाएंगे इसकी क्या गारंटी है।

वहीं मौजूदा समय में लालसोट विधानसभा से भाजपा के लिए रामविलास मीणा डूंगरपुर हरकेश मटलाना वीरेंद्र मीणा मूर्ति मीणा जयसिंह मीणा सुमन मीणा भामाशाह प्रहलाद मीणा द्वारा दावेदारी पेश की जा रही है। अब देखना यह होगा कि भारतीय जनता पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए लालसोट विधानसभा क्षेत्र से किसे प्रत्याशी के तौर पर प्रोजेक्ट करती है और आने वाला समय ही तय करेगा कि लालसोट विधानसभा क्षेत्र में सत्ता की चाबी किसके हाथ जाती है। इस परिवर्तन संकल्प यात्रा का विधानसभा क्षेत्र में कई जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारी द्वारा भव्य स्वागत भी किया गया।

## कांग्रेस पर्यवेक्षक ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली

**शाहपुरा, (निसं)।** शहर के नजदीक बिदारा स्थित निजी होटल में कांग्रेस के एआईसीसी लोकसभा वरिष्ठ पर्यवेक्षक राव दानसिंह यादव व जयपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल मीणा की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक पीसीसी सदस्य मनीष यादव के नेतृत्व में आयोजित की गई।

पर्यवेक्षक राव दानसिंह ने दावा किया कि राज्य में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी और प्रदेश में एक नया इतिहास रचा जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षकों को सौंपे गए विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस टिकट दावेदारों में पार्टी के सर्वे के आधार पर विधानसभा प्रत्याशी का टिकट दिया जायेगा। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन बद्री प्रसाद सैनी, पूर्व प्रधान नंदलाल गोठवाल, पूर्व चैयरमैन प्रेम देवी जाट ने पार्टी के सबसे मजबूत कार्यकर्ता पीसीसी सदस्य मनीष यादव को विधानसभा प्रत्याशी का टिकट देने की मजबूती से बात रखते हुए कहा कि शाहपुरा क्षैत्र में राज्य सरकार की योजनाओं का घर घर तक प्रचार कर आमजन को लाभ दिलवायें। इस मौके पर शिवराम गुर्जर पं.स. सदस्य भीमसिंह चौहान पं.स. सदस्य, पं.स.सदस्य प्रतिनीधी मुकेश देव गुर्जर, पार्षद घनश्याम सैनी, पं.स. सदस्य बनवारी, पं.स. सदस्य, श्यामलाल, पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया, पूर्व सरपंच कालुराम पूर्व सरपंच, मुरलीधर पूर्व सरपंच, पूर्व पं.स. सदस्य समदाराम, अब्दुल वहीद काजी आदि मौजूद रहे।

# 'महिला अपराध जैसे मामलों में राजस्थान विकसित राज्य की श्रेणी में आया है'



लालसोट उपखंड मुख्यालय पर परिवर्तन संकल्प रैली की जनसभा को केंद्रीय मंत्री वी.के. सिंह ने संबोधित किया।

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जा रही परिवर्तन संकल्प यात्रा की जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री वी.के. सिंह ने कहा कि पेपर लीक, महिला अपराध, भ्रष्टाचार आदि मामलों में राजस्थान राज्य विकसित राज्य की श्रेणी में आया है।

केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि, राजस्थान प्रदेश में सरकार की नुमाइंदगी कर रहे लोगों द्वारा ही सौदेबाजी करते हुए कई बार पेपर लीककर युवाओं के सपनों को नेस्तनाबूत किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि, जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में पूरी दुनिया में भारत देश का डंका बज रहा है उसी तरह राजस्थान प्रदेश में गहलोत सरकार के भ्रष्टाचार एवं बढ़ते गंभीर प्रवृत्ति के अपराधों का डंका बजा हुआ है।

■ 'जी-20 सम्मेलन से देश की इज्जत पूरे विश्व में बढ़ी है'

उन्होंने कहा कि आए दिन महिलाओं को निर्वस्त्र कर गैंगरेप अकेला पाकर उनका अपहरण कर उनके साथ दुष्कर्म हत्या लूट जैसी गंभीर वारदातों ने राजस्थान प्रदेश में जड़ जमा ली है। पूरे देश को अगर विकसित क्षेत्र की श्रेणी में लाना है तो वह कार्य केवल बीजेपी सरकारी कर सकती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूरा राजस्थान शुरू से ही रणबांकुरे एवं योद्धाओं की भूमि के नाम से प्रसिद्ध है। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित हो रहे जी 20 सम्मेलन से देश दुनिया में भारत की इज्जत बढ़ी है।

पूरी दुनिया में ताकतवर माने जाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा भी यह कहना कि उनको फक्र है की भारत में आयोजित हो रहे जी 20 जैसे सम्मेलन में उनको शिरकत करने का मौका मिला है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज देश को विकसित देशों की श्रेणी में लाकर खड़ा करने वाले प्रधानमंत्री मोदी को दोबारा से केंद्र में बैठाने के लिए आ रहे विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की सरकार बनाकर मजबूत करना होगा ताकि देश और ज्यादा तेजी से तरक्की कर सकें।

केंद्रीय मंत्री ने आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब यहां से भाजपा के विधायक को चुनकर भेजेंगे तो मैं दोबारा लालसोट की पावन धरती पर आऊंगा। इस परिवर्तन संकल्प यात्रा की आमसभा को यात्रा संयोजक पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी, सांसद जसकौर मीणा, भाजपा नेता जितेंद्र गोठवाल आदि द्वारा भी संबोधित किया गया। इस जनसभा के दौरान भाजपा नेता रामविलास डूंगरपुर सतपाल मीणा ब्रजमोहन मीणा हरकेश मीणा मटलाना रैली के डॉक्यूमेंटेशन प्रभारी रवि हाडा चंद्रशेखर सोनी आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय वालीबॉल में वनस्थली विद्यापीठ प्रथम

**टोंक, (निसं)।** 67वीं जिला स्तरीय बालीबॉल प्रतियोगिता छात्र -छात्रा 17से 19 आयु वर्ग में रा.उ.मा. वि. फुलेता में रंगारंग कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुई ।

प्रधानाचार्य धन्ना लाल मीणा ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से खिलाडियों के लिये खानपान की व्यवस्था की गई,कार्यक्रम के समापन के मौके पर मुख्य अतिथि लादू लाल मीणा जिला प्रतिनिधि जिला शिक्षा प्रतिनिधि मुख्य अतिथि लादू लाल मीणा ने कहा कि छात्र और छात्राओं की एक स्थान पर प्रतियोगिता सरकार द्वारा करवा कर आपसी भाईचारा और खेल के प्रति भावना को देखकर के खिलाड़ियों में जोश और उत्साह वर्धन देखने को मिला। अध्यक्षता फुलेता सरपंच सरिता मीणा, उपसरपंच पूरण मल वर्मा एसएमसी सदस्य एवं ,बाबू लाल चोपदार, जितेन्द्र दाधीच, रमेश मीणा भामाशाह आदि मौजूद थे। इस दौरान 17 वर्ष छात्रा में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय निवाई ने प्रथम स्थान एवं द्वितिय स्थान पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बमोर रही। वही छात्र वर्ग में प्रथम स्थान पर रा.उ.मा. विद्यालय चांदली द्वितिय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झाडली रही। 19 वर्ष छात्रा वर्ग मेंप्रथम शारदा मन्दिर विद्यालय वनस्थली निवाई एवं द्वितीय - राउ. मा. वि दाखिया रही तथा 19 वर्ष छात्र वर्ग में प्रथम स्थान रा.उ.मा. वि. निवाई व द्वितीय स्थान रा.उ. मा. वि झाडली रही।

## सार-समाचार

### भागवत कथा के समापन पर प्रसादी बांटी



**पावटा, (निसं)।** क्षेत्र के ग्राम ग्राम मांजूकोट में हनुमान जी महाराज की बगीची में ब्रह्मजोडी महंत हरिदास महाराज नरसिंह मंदिर, मांजूकोट जयरामदास, जनार्दन दास महाराज, रामेश्वर दास महाराज, रामधनदास महाराज, पोखरदास महाराज, भिवादास महाराज के सानिध्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर सोमवार को कथास्थल पर हवन यज्ञ और प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर भोजन प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। कथा व्यास कथावाचक बृज बिहारी शास्त्री वृंदावन वाले ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुडने और सत्कर्म करने को कहा। सोमवार को ब्रह्मजोडी महंत हरिदास महाराज नरसिंह मंदिर, मांजूकोट जयरामदास महाराज ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। श्रीमद् भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। समापन पर सामाजिक कार्यकर्ता राजेश शर्मा, जुगल किशोर यादव, श्यामलाल सेन, जयराम यादव, बद्री यादव, अजय यादव, रामनिवास सैनी, मंजीत यादव, हरिराम सैनी, पुष्कर शर्मा, महेश यादव, सत्यनारायण सेन सहित बडी संया मे श्रद्धालु व महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वही अंत मे आयोजकों ने सभी दानदाताओं व आगंतुक लोगों का आभार व्यक्त किया।

### राजस्थान विजन-2030 पर चर्चा

**पावटा, (निसं)।** प्रदेश के चहुंमुखी विकास, प्रदेशवासियों की खुशहाली, उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने और राजस्थान को वर्ष 2030 तक देश का अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से विकसित राजस्थान के लिए विजन दस्तावेज 2030 को लेकर विराटनगर पुलिस थाना परिसर में वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला की अध्यक्षता व विराटनगर थाना प्रभारी प्रकाश सिंह की उपस्थिति में सीएलजी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थानाधिकारी प्रकाश सिंह ने सदस्यों से विचार मांगे। इस दौरान वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला व थानाधिकारी प्रकाश सिंह ने बताया कि बैठक में आगामी विजन 2030 को लेकर पुलिस और आम जनता में बेहतर समन्वय, अपराध नियंत्रण, महिला अत्याचार और बाल अपराध अत्याचार नियंत्रण, जन-सेवाओ की बेहतर प्रदायगी, मानव संसाधन का विकास को लेकर उपस्थित सदस्यों से सुझाव मांगे गए तथा विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर ग्राम रक्षक, पुलिस मित्र, सुरक्षा सखी, सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

### जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई की

**अलवर, (निसं)।** जिला कलेक्टर पुखराज सेन ने मिनी सचिवालय में नियमित जनसुनवाई कर जिलेभर से आए फरियादियों को ससम्मान बैठाकर उनकी परिवेदनाओं को सुना तथा परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई में आने वाली सभी परिवेदनाओं को पंजीकृत कर एक कॉपी संबंधित अधिकारी को दी गई तथा एक कॉपी प्रकरण की मॉनिटरिंग हेतु जिला कलक्टर कार्यालय में रखी गई। नियमित जनसुनवाई में जिलेभर से बडी संख्या में लोगों ने आकर अपनी फरियाद जिला कलेक्टर को दी। फरियादियों ने ससम्मान सभागार में बैठाकर परिवेदना सुनने पर जिला कलक्टर की संवेदनशीलता की तारीफ की। जिला कलक्टर की नियमित जनसुनवाई में आने वाली सभी परिदनाओं की नियमित तौर पर जिला कलक्टर द्वारा हर सप्ताह मॉनिटरिंग की जाती है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है परिवेदना के निस्तारण के उपरान्त फरियादी को उसकी सूचना दी जावे।

### गणेश जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** मंदिर श्री गोपाल जी कुंडवाला ट्रस्ट ठठेरा समाज श्रीमाधोपुर के मंत्री महावीर ठठेरा ने बताया कि मंदिर श्री गणेशजी कुंडवाला में गणेश जी के महा अभिषेक के साथ गणेश जन्मोत्सव की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ वेद पंडित मदनलाल हरितवाल द्वारा मंत्र उच्चारण के बाद ही पंचामृत ,दुग्ध अभिषेक, दही ,धृत, शहद ,शर्करा, पंच गव्य ,फलारस ,इत्र आदि से अभिषेक करते हुए नवीन पोशाक पोशाक धारण करवा कर भगवान श्री गणेशजी के मोदक का भोग लगाकर व आरती के बाद ध्वज लगाकर प्रसाद वितरण के साथ गणेश जन्मोत्सव का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में पंडित मक्खन लाल शर्मा, कृष्णा डूडी, विष्णु सैनी, शंकर लाल सैनी, चिरंजीलाल, ललित सैनी, राहुल खुडानिया, दलवीर सिंह सामोता, नरेश पंजाबी, प्रकाश बिजारणिया आदि अनेकों भक्त उपस्थित थे।

# बराला को जन्मदिन की बधाई देने जन सैलाब उमड़ा


पीसीसी सचिव और प्रयास फाउंडेशन की अध्यक्षा डॉ. शिखा मील बराला को जन्मदिन की बधाई देने जन सैलाब उमड़ा।

**चौमूं / कालाडेरा, (निसं)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पीसीसी सचिव और प्रयास फाउंडेशन की अध्यक्षा डॉ. शिखा मील बराला के जन्मदिन के कार्यक्रम में बधाई देने वालों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। डॉ. शिखा मील बराला ने अपने जन्मदिन को स्नेह मिलन समारोह के रूप में बराला निवास पर मनाया।

शुभचिंतकों ने डॉ. शिखा मील बराला का राजस्थानी पंरपरा के अनुसार साफा बंधवाकर, माला व गुलदस्ते और चुनरी ओढ़ाकर दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व डॉ. शिखा मील बराला ने दिन की शुरुआत बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर, अपने आराध्य देव को प्रणाम किया। जन्मदिन की बधाई देने वालों का सिलसिला सुबह से देर रात तक जारी रहा।

चौमूं विधानसभा और अन्य स्थानों से आए हुए सभी गणमान्य लोगों का डॉ. शिखा मील बराला ने आभार जताया और कहा कि आपका यही साथ और प्यार मुझे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है, ईश्वर से कामना है कि समाज सेवा के लिए बड़ा कार्य करूं।

जन्मदिन पर आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में कई जन प्रतिनिधि, समाजसेवी, चिकित्सक, शिक्षक, व्यवसायी और ग्रामीणों ने जन्मदिन की बधाइयां दी।

साथ ही जन्मदिन के कार्यक्रम में कई पार्टी के राजनेता पहुंचे जो की एक चर्चा का विषय भी रहा।

## 24 घंटे में बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर थाना पुलिस ने चोरी हुई बाइक को बरामद कर आरोपी को धर दबोचा है।

थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रार्थी गोवर्धनलाल पिता हनुमान सहाय ने थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई कि 10 सितम्बर रविवार शाम ग्राम भोजेरा में आयोजित भैरू बाबा के मेले से अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गया। जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा द्वारा नकबजनी की बढ़ती वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए दिये गए निर्देशों पर एएसपी कोटपुतली विद्या प्रकाश के निर्देशन एवं विराटनगर वृत्ताधिकारी रोहित सांखला के सुपरविजन व विराटनगर थाना प्रभारी प्रकाश सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने बाइक चोरी दर्ज प्रकरण में कार्यवाही करते हुए बाइक व मुल्जिम की गहनता से तलाश करते हुए 24 घंटों में मुल्जिम गोविंद उर्फ कब्बू पुत्र अर्जुन उम्र 19 साल निवासी ज्ञानपुरा को गिरफ्तार कर चोरी गई बाइक बरामद की।

# सांभर में ट्रेनों के ठहराव के लिए बनाई रणनीति

**सांभरझील, (निसं)।** रेलवे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों का ठहराव की मांग लंबे समय से किए जाने के बावजूद बरती रही अनदेखी से व्यथित होकर आखिरकार स्थानीय स्तर पर भी दैनिक रेल यात्री संघ की ओर से सांभर के कटला बाजार स्थित गांधी बालबाड़ी में एक सामूहिक बैठक का आयोजन करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इसके लिए मजबूती से कदम उठाए जाने हेतु पदाधिकारीयों को नियुक्त कर इसके लिए खास जिम्मेदारी सौंपी गई व उनके मार्गदर्शन में सभी ने एक साथ चलने का भी संकल्प लिया। दैनिक रेल यात्री संघ अध्यक्ष व समाजसेवी कैलाश नागला ने कहा कि यह सांभर ही नहीं बल्कि क्षेत्र के लोगों के लिए एक पीड़ादायक बात है की लंबे समय से यहां के सैकड़ो मुसाफिर ट्रेन का ठहराव नहीं होने से सड़क मार्ग अथवा फुलेरा जाकर ट्रेन से सफर करना पड़ रहा है, यह दैनिक रेल यात्रियों के लिए मानसिक, शारीरिक कष्ट के अलावा आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है।

■ सहमति के बाद पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी

बैठक में प्रमुख रूप से निर्णय लिया गया कि सांभर में बाड़मेर शालीमार एक्सप्रेस, मालाणी बाड़मेर एक्सप्रेस सहित अन्य प्रमुख रेलों का सांभर रेलवे स्टेशन पर ठहराव किए जाने व फुलेरा जयपुर शटल को जयपुर से मकराना तक किए जाने हेतु लिए रेल मंत्री माननीय अश्विनी वैष्णव को जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किए जाने हेतु सहमति भी बनी तथा अन्य मुद्दों पर भी चर्चा कर उस पर भी रणनीति तैयार की गई।

मीटिंग में जितेन्द्र पारीक, महामंत्री मुबारक बैग, संरक्षक नितेन्द्र वैष्णव, दीपक पारीक सहित अनेक सदस्यों मौजूदगी रही। इससे पहले नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत भी किया गया।

## मिर्धा के बीजेपी में जाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा : बेनीवाल

**अलवर, (निसं)।** पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा के बीजेपी में शामिल होने के बाद नागौर के सांसद हनुमान बेनीवाल ने अलवर में कहा ज्योति मिर्धा के बीजेपी में जाने से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। उनको दो बार चुनाव हरा चुके। एक बार तो जमानत जब्त तक कराई है।

बेनीवाल ने कहा ज्योति मिर्धा ईडी सीबीआई के डर से पार्टी बदलने को मजबूर हुई हैं। उनकी इंडिया बुल कंपनी की जांच चल रही थी। वैसे भी कांग्रेस में क्रिमिनल केस व एसीबी केस वाले नेता रुख कर रहे हैं। वहीं बीजेपी में ईडी व सीबीआई की जांच वाले जाने को मजबूर हैं। ऐसे नेताओं के आने-जाने से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला।

छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगाने के बाद राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के मुखिया हनुमान बेनीवाल प्रदेश के दौरे पर हैं। इसी के तहत सोमवार को वे अलवर आए। यहां छात्रों को संबोधित कर 14 सितंबर को जयपुर में होने वाली हुंकार रैली में पहुंचने का आव्हान किया।

# विधायक की अभिशंषा पर 67.50 लाख के विकास कार्य होंगे

**पीपलू, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की 3 ग्राम पंचायतों के लिए विधायक प्रशांत बैरवा की अभिशंषा पर विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में जिला परिषद सीईओ ने 67 लाख 50 हजार रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी करके प्रथम किश्त की राशि भी हंस्तारित किए जाने के आदेश जारी किए हैं।

ग्राम पंचायत पीपलू, हाडीकलां, डोडवाडी के सरपंचों द्वारा विकास कार्यो को लेकर विधायक प्रशांत बैरवा को अवगत करवाया गया था। जिस पर विधायक ने विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में ग्राम पंचायत हाडीकलां में तीन कार्यो के लिए 21 लाख रुपए, ग्राम पंचायत पीपलू में 4 कार्यो के लिए 40 लाख रुपए, ग्राम पंचायत डोडवाडी में 3 कार्यो के लिए 6.50 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। साथ ही प्रथम किश्त भी हंस्तारित की गई हैं। पीपलू विकास अधिकारी योगेशकुमार मीणा ने बताया कि ग्राम पंचायत हाडीकलां में मदन सुराना के बाडे से खाल की ओर के लिए 8 लाख रुपए, रैगरो के नाडे से नाथूलाल बैरवा के बाडे की ओर के लिए 5 लाख रुपए, राउप्रावि ककराज कलां से कीरों की ढाणी की ओर जाने वाले रास्ते पर सीसी सडक निर्माण के लिए 8 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। ग्राम पंचायत पीपलू में सीसी रोड निर्माण कार्य केदार शर्मा के मकान से डाक बंगला की ओर के लिए 10 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हरिजन मौहल्ला के लिए 10 लाख, अंबेडकर भवन निर्माण कार्य के लिए 15 लाख रुपए, ग्राम पंचायत के लिए राजबाग की तारबंदी के लिए 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृति की है।

# कलेक्टर ने संवाद कर मांगे सुझाव



खैरथल जिला सचिवालय में विजन-2030 को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. ओमप्रकाश बैरवा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की।

**खैरथल, (निसं)।** राजस्थान मिशन 2030 को सफल बनाने के उद्देश्य से सोमवार को सचिवालय खैरतल-तिजारा के वीसी रूम में जिला कलेक्टर डॉ. ओमप्रकाश बैरवा की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर से सभी अधिकारी, कार्मिक, आमजन, हितधारक, विषय विशेषज्ञ, युवाओं ने बड़ी संख्या में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। जिला कलेक्टर डॉ. ओमप्रकाश बैरवा ने विजन 2030 कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों कार्मिकों विषय विशेषज्ञों युवाओं एवं अन्य हितधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान के चहुंमुखी विकास एवं प्रदेश वासियों की खुशहाली व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान मिशन- 2030 अभियान शुरू किया है।

■ राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

विकसित राजस्थान 2030 दस्तावेज तैयार करने के लिए प्रदेश के प्रबुद्ध जनों, विषय विशेषज्ञों, हितधारकों, युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों से अपेक्षाएं, सुझाव और विचार आमंत्रित किए जा रहे है। इसके लिए वेबसाइट भी बनाई गई है। जिसके माध्यम से कोई भी आम व्यक्ति एवं विषय विशेषज्ञ अपने विचार रख सकता है। जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारी को निर्देशित किया कि वे अपने अपने विभागों से संबंधित प्रबुद्ध जनों, विषय विशेषज्ञों, हितधारकों, युवाओं सहित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के विचारो, सुझावों को आमंत्रित कर उन्हे विजन डॉक्यूमेंट 2030 में संधारित करे। कलेक्टर ने बजट घोषणाओं के माध्यम से जिले में हुए विकास कार्यों के बारे में भी जानकारी दी।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने कार्यक्रम में वीडियो और पीपीटी के माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी एवं फ्लैगशिप योजनाओं एवं जिले के महत्वपूर्ण विकास कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर साहरण ने बताया कि कॉन्टेस्ट के माध्यम से राजस्थान - मिशन 2030 के लिए अपने सुझाव वाले वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर प्रतिदिन पुरस्कार जीते जा सकते हैं। इसके आलावा सरकारी एवं गैर-सरकारी स्कूलों एवं कॉलेजों में राजस्थान-मिशन 2030 विषय पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रत्येक विद्यालय, महाविद्यालय स्तर पर प्रमाण पत्र, पुरस्कार तथा विजेताओं को जिला स्तरीय विशेष पुरस्कार भी प्रदान किये जाएंगे। इस दौरान एसडीएम मुंडावर प्रियंका बडगूजर, डीएसओ प्रशांत यादव, डिप्टी सीएमएचओ पूरण मीणा, तहसीलदार रामकिशन सहित जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और जिले के विषय विशेषज्ञ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## वनकर्मी शहीद दिवस आयोजित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के वन रेंज परिसर में वनकर्मी शहीद दिवस का आयोजन किया गया।

क्षेत्रीय वन अधिकारी देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि राजस्थान की वीरांगना अमृता देवी ने अपने 363 सहयोगियों के साथ वृक्षों को बचाने के लिए 11 सितंबर 1732 को अपने प्राणों को बलिदान कर दिया था ।वृक्षों की रक्षा हेतु बलिदान की इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए वन विभाग के 22 कर्मचारी व अधिकारी वन एवं वन्य जीवों की रक्षा करते हुए शहीद हो चुके हैं ।

प्रतिवर्ष इन वन कर्मियों की बलिदान की स्मृति में इस दिवस को वन कर्मी शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ ने वन शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की व उपस्थित कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम वन शहीदों द्वारा वन्यजीवों को बचा पाएंगे ।हमें निडर होकर वन अपराध को प्रभावी तरीके से रोकना होगा। कार्य में कोताही बरतने में आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी।

इस अवसर पर महेश कुमार मीणा, कमलेश शर्मा, अजयपाल, दलपत सिंह आदि ने वन शहीदों को 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**खुली ई - निविदा**
**ई - टेंडर नोटिस नंबर: एसएनटी-जेपी-22-2023-24 दिनांक: 08.09.2023**
मंडल रेल प्रबंधक/सं एवं दू. उ. प. रे . जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्र पति के लिए एवं उनकी और से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई - निविदा का ऑनलाइन ई - टेंडर आमंत्रित किया जाता है। **कार्य का नाम व लोकेशन:** एलसी-गेट्स पर कोडल कम कंडीशन के आधार पर इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर (ईएलबी) का प्रतिस्थापन एवं जयपुर मंडल में पीआई/आरआरआई सिस्टम वाले स्टेशन से जुड़े ओ एस एल गेट्स और डब्ल्यू एस एल गेट्स पर रिजिड लॉकिंग के साथ संशोधित स्लाइडिंग बूम व्यवस्था का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** रू. 22358498.77/-. **बिड सिक्यूरिटी:** रू. 261800.00/-. **वेबसाइट पर टेंडर भरने की अंतिम तिथि एवं समय:** 03.10.23 समय 5.00 बजे तक। **वेबसाईट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन:** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड लोकेशन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, पवार हाउस रोड, जयपुर। 970-AK/23
हमें /NWRailways पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**ई - निविदा सूचना**
भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)-चतुर्थ उत्तर पश्चिम उदयपुर निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (दो पैकेट प्रणाली) आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना संख्या: DNRP-RTM-T-13. कार्य का नाम स्थान सहित:** Construction of Station Building, ROB, RUB/LHS, Major Bridges, Earthwork in Cutting and Filling, Platform, Passenger Amenities work etc. from Chainage 142.9-154.4 & 161.5-176.6 Km other ancillary works etc. in connection with Dungarpur-Ratlam via Banswara project. **कार्य की अनुमानित लागत:** रूपये 3291310991.14. **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** रूपये 10000000/-. **ई-निविदा समापन की अंतिम तिथि एवं समय:** 30.09.2023 को 14.00 Hr. **वेबसाइट का विवरण जहां पर ई-निविदा देखी एवं भरी जा सकती है:** www.ireps.gov.in **कार्यालय ई-मेल का पता:** dycecivudz@gmail.com **नोट-** कोई भी निविदा व्यक्तिगत रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी। 972-AK/23
हमें /NWRailways पर फॉलो करें

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
A.D.J. No.4 जयपुर महानगर द्वितीय
मनीष कश्यप विरूद्ध कैनरा बैंक
वाद/प्रार्थना पत्र 09R13CPC
प्रार्थना-पत्र संख्या - 600/17
नाम मैसर्स सोम इण्डिया ओवरसीज (एकल स्वामित्व प्रतिष्ठान) पता जरिये मालिक/प्रोपराइटर श्री सोमनाथ मल्होत्रा गोपालपुरा बाईपास, जयपुर उक्त ... ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि...
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 18 माह 09 सन् 2023 को 10.30 ए.एम. पूर्वान्हे में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 24 माह 08 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर
वरिष्ठ रीडर
अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश क्रम-4, जयपुर महानगर द्वितीय

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
A.D.J. No.4 जयपुर महानगर द्वितीय
मनीष कश्यप विरूद्ध कैनरा बैंक
वाद/प्रार्थना पत्र 09R13CPC
प्रार्थना-पत्र संख्या-CMC 600/17
नाम सोमनाथ मल्होत्रा पुत्र... जाति... पता बी-55, शांति नगर गुर्जर की थडी गोपालपुरा बाईपास, जयपुर
उक्त.... ने इस कार्यालय में यह आवेदन किया है कि.....
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 18 माह 09 सन् 2023 को 10.30 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 24 माह 08 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर
वरिष्ठ रीडर
अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश क्रम-4, जयपुर महानगर द्वितीय

D No 2822 / 21.08.2023
**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राज. )**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद संख्या 1550/2023
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र।
प्रार्थी-नाम उमा मित्तल W/o स्व. लक्ष्मणदास जाति महाजन
विवाद स्थान D-40 मित्तल भवन, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर
मृतक लक्ष्मणदास उर्फ लक्ष्मणदास अग्रवाल की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक - 14.09.2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/ प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम लक्ष्मणदास उर्फ लक्ष्मणदास अग्रवाल पुत्र कन्हैयालाल जाति महाजन निवासी D-40 सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।
अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 14 माह 09 सन 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 18 माह 08 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थीया द्वारा मृतक लक्ष्मणदास के नाम प्रार्थना पत्र में वर्णित शेयर्स की प्राप्ति बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
आज्ञा न्यायालय से
मुहर
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय, जयपुर महानगर प्रथम

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 36/23
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम श्रीमती रेवा देवी पत्नि स्व. प्रकाशचन्द जाति ब्राह्मण विवाद स्थान आयकर विभाग द्वारा मृतक प्रकाशचन्द शर्मा के नाम रिफण्ड सर्टिफिकेट नं. 793840370081220 मृतक दि. 08.12.20 राशि रु. 356528 की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 18.10.2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम प्रकाश चन्द शर्मा पुत्र स्व. रामजीलाल जाति ब्राह्मण निवासी सांगानेर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 18 माह 10 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 02 माह 09 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-शरिस्तेदार
जिला एवं सैंशन न्यायाधीश संख्या 10 जयपुर महानगर प्रथम सांगानेर

# पांच साल धरातल से नदारद रहे भाजपा नेता रथों पर चढ़कर कर रहे दिखावा: सचिन पायलट

**दौसा,** (निसं)। जिले के बांदीकुई एक कार्यक्रम में शरीक होने के लिए जाने से पहले दौसा जिला मुख्यालय पर रुके पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा पर पलटवार करते हुए कहा कि, पांच साल धरातल से नदारद रहे भाजपा नेता अब रथों पर चढ़कर दिखावा कर रहे हैं।

पायलट ने कहा कि, पूरे पांच साल भारतीय जनता पार्टी के ये रथ पर चढ़कर ढोंग कर रहे नेता किसी भी मुद्दे को लेकर धरातल पर नहीं दिखे थे। लेकिन अब चुनाव नजदीक आते ही

- **'विफल जनाक्रोश यात्रा के बाद अब परिवर्तन संकल्प यात्रा केवल मात्र दिखावा'**

बरसाती मेंढ़क की तरह चारों ओर दिखाई देने लगे हैं। पायलट ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि, पहले उनके द्वारा जन आक्रोश यात्रा निकाली गई थी लेकिन उसमें जनता का कोई आक्रोश नहीं था। केवल पार्टी का आक्रोश था जो पूरी तरह विफल रही थी। अब विधानसभा चुनाव के चलते भाजपा नेता दोबारा से परिवर्तन संकल्प जैसी यात्रा निकाल कर रथों पर चढ़कर सत्ता वापसी के लिए "मुंगेरीलाल जैसे हसीन सपने देख रहे हैं" जो कभी पूरे नहीं होंगे।

उन्होंने कहा कि, यात्रा के दूसरे दिन सिकंदरा में घटना हुई सबके सामने है। उन्होंने आगे कहा किसदन में चुने हुए नेता सदन में भाग नहीं ले रहे हैं। भाजपा नेता सोच रहे हैं कि इस मुहिम को चलाने से स्वत ही लोग भाजपा को आगामी चुनाव में वोट डाल देंगे, लेकिन मतदाता और आम जनता समझदार हो चुके हैं वह इस फरेब व चुंगल में नहीं फंस पाएंगे।

महिला अत्याचार के जैसे गम्भीर मामले को लेकर पायलट ने कहा कि, जैसे ही मामले सामने आते हैं उन पर विभिन्न सुसंगत एवं मजबूत धाराओं में मामलों को दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ पकड़कर कार्रवाई की गई है। पायलट ने कहा कि, पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश में भी अपराध के ग्राफ ज्यादा हैं उन जगहों पर भी गौर करना पड़ेगा। लेकिन मौजूदा समय चुनावी समय का होने के चलते विपक्ष को हर चीज याद आ रही है। लेकिन उनको यह देखना था कि वह पूरे पांच साल कहां थे, उन्होंने किन मुद्दों को लेकर जनता के हित में कार्य किया। पायलट ने कहा कि, अब चुनावी समय आ गया तो भाजपा नेता रथ पर चढ़ गए पूरे पांच साल उन्होंने आपसी खींचतान एवं मनमुटाव में ही निकाला है। इस दौरान भारी संख्या में राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा के नेतृत्व में पायलट समर्थक एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पायलट का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



**पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का बांदीकुई कार्यक्रम में जाते समय दौसा जिला मुख्यालय पर समर्थकों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।**

## रोजगार गारंटी योजना में फर्जीवाड़े का आरोप

**बौंली,** (निसं)। क्षेत्र में चलाई जा रही शहरी व ग्रामीण रोजगार गारंटी मनरेगा योजना संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे फर्जीवाड़े के कारण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती जा रही है।

सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया है कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजनाओं का लाभार्थी सर्वप्रथम बीपीएल, विधवा, विकलांग, परितजा एवं गरीब महिला, पुरुष होने चाहिए लेकिन एमआईएस डाटा अधिकारी, रोजगार सहायक एवं जेटीए द्वारा संपन्न व्यापारी एवं दुकानदारों का फर्जी नाम लिखे जा रहे हैं। बौंली नगर पालिका मुख्यालय के करीब सात पार्षद एवं अनेकों मेटों व मजदूरों ने एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया है कि पिछले 6 माह से नरेगा मजदूर व मेटो की मजदूरी नहीं दी गई है एवं अप्रशिक्षित मेटो को नियोजित किया जा रहा है व ब्लैकलिस्टेड मेटो को मस्टरोल दी जा रही है। एमआईएस डाटा अधिकारी विशाल अग्रवाल, व रोजगार सहायक रामनरेश मीना, जटिय जेटीए विजय कुमार द्वारा शहरी रोजगार गारंटी योजना में मनमानी की जा रही है दूसरा जीटीए कुलदीप यादव करीब 70 दिन से नगर पालिका बौंली में नहीं आ रहे हैं एवं बीच में एक दिन आते हैं और उपस्थिति दर्ज करा कर चले जाते हैं। मस्टरोल में आए मजदूरों के नाम के पन्ने सूचना पट पर नहीं चिपकाए जाते जिससे मजदूर अपने नाम के लिए भटकते रहते हैं एवं वह साइड पर नहीं पहुंच पाते और अधिकारी उनके नहीं पहुंचने पर लाइन खींच देते हैं। अधिकारियों द्वारा महिला मेटो व श्रमिकों के साथ अभद्रतासे व्यवहार किया जाता है। पार्षदो, मजदूरों व आम जनता ने राजस्थान की मुख्य सचिव रेखा शर्मा से इस भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है।

## सार-समाचार

### बच्छ बारस का पर्व मनाया



**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे में सोमवार को बच्छ बारस का पर्व महिलाओं ने बड़े ही धूमधाम से मनाया। जगह जगह गौ माताओं की पूजा अर्चना की गई। महिलाओं ने मंगलगीत गाए। धर्म प्रेमी सम्पत देवी व कमला देवी ने बताया की सनातन संस्कृति में ऐसे तीज त्योहारों और पर्व का विशेष महत्व है। गुलाब देवी माली ने बताया कि बच्छ बारस का व्रत भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की द्वादशी और कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की द्वादशी को किया जाता है। इसे गोवत्स द्वादशी के नाम से भी जाना जाता है। यह व्रत पुत्रवती स्त्रियां पुत्र की मंगल कामना और उनकी लंबी उम्र के लिए करती है। पूजन करने के बाद सभी ने कथा सुनी। सारा दिन व्रत करके गोधूलि में गौ माता की आरती की गई। उसके बाद भोजन ग्रहण किया। इस व्रत में द्विदलीय अन्न का प्रयोग किया गया। इस दिन गाय का दूध, दही, गेहूं और चावल नहीं खाने का विधान है। इनकी जगह इस दिन अंकुरित मोठ, मूंग, तथा चने आदि को भोजन में उपयोग किया जाता है और इन्हीं से बना प्रसाद चढ़ाया जाता है। इस दिन चाकू द्वारा काटा गया कोई भी पदार्थ भी खाना वर्जित होता है।

### बच्छ बारस श्रद्धापूर्वक मनाई

**पावटा,** (निसं)। सोमवार को पावटा उपखंड सहित आस पास के क्षेत्र में बछ बारस पर गाय बछडे की पूजा की गई। इस मौके पर महिलाओं ने पुत्र प्राप्ति और पुत्र रक्षा के लिए व्रत रखा। महिलाओं ने लकड़ी के पाटे पर गीली मिट्टी से गाय-बछडा ,बाघ-बाघिन की आकृति बनाकर उसकी पूजा की। गो पूजन कर गाय-बछडों को हरा चारा, गुड, दलिया आदि खिलाकर परिवार की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर महिलाओं ने बाजरे की रोटी दही खाकर उपवास खोला। वहीं कुछ सार्वजनिक स्थलों पर आवारा गायों को हरा चारा खिलाकर पुण्य कमाया। सुबह से महिलाएं आस-पास गाय बछडे की पुजा के लिए निकली महिलाओ ने बताया भारतीय ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जन्माष्टमी के ठीक 4 दिन बाद भाद्रपद माह में कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि को गोवत्स द्वादशी का पर्व मनाया जाता है। गाय-बछडे की पूजा के लिए समर्पित इस पर्व को लोक भाषा में बछ बारस या ओक द्वादशी भी कहते हैं। भाद्रपद की द्वादशी पर बछ बारस या गोवत्स द्वादशी व्रत पुत्र की लंबी उम्र के लिए रखा जाता है। इस दिन गोमाता की बछडे सहित पूजा की जाती है। वहीं माताएं अपने पुत्र की मंगल कामना के लिए व्रत रखती है और पूजा करती है।

### घर-घर संपर्क कर पीले चावल बांटे

**टोंक,** (निसं)। बीना जैन छामुनिया प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं पार्षद के नेतृत्व में टोंक शहर में घर-घर संपर्क कर पीले चावल बांटे, स्टीकर लगाए और कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए टोंक के बड़ा तख्ता रघुनाथ पुरी टोंक में महिलाओं के हाथों में मेहंदी लगाई। सभी महिलाओं के हाथों में साथ आए परिवर्तन लाएं और कमल खिलाएं और एक हाथ में कमल का फूल बनवाया महिलाओं का परिवर्तन यात्रा में आने के लिए बड़ा उत्साह था। सभी मातृशक्ति और पूरी जनता इस नाकारा निकम्मी महिला विरोधी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार बैठी है और आगामी चुनाव में भारी मतों से कमल खिलाकर भाजपा सरकार को लाने के लिए संकल्पित है। इस कार्यक्रम में वर्षा भगत, संतोष जी, मंजू गोयल, शालिनी, महिमा, रीना सोनी, आकांक्षा, सुनीता, कमला, राधा, साक्षी, सुमन, गीता, सरिता आदि अनेक महिलाओं ने मेहंदी कार्यक्रम में भाग लिया।

### कांग्रेस की डोर टू डोर प्रचार हेतु बैठक

**टोंक,** (निसं)। आगामी विधानसभा चुनाव में युवा कांग्रेस के महाअभियान के अंतर्गत जिले मुख्यालय में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक निमित्त नागदा के नेतृत्व में डोर टू डोर, पहले वोट, चलो पंचायत, वन राजस्थान पोस्टर विमोचन करके बैठक की, जिसमें युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष देवली उनियारा घनश्याम धारोला ने बताया , युवाओं को पहला वोट के अंतर्गत कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की। जिसने युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मुकेश मीणा निवाई पीपलु विनोद गुर्जर टोंक विधानसभा पार्षद रामदेव गुर्जर युवा नेता हंसराज गाता शैलेश गुर्जर चंद्र प्रकाश मीणा धर्मराज चतरपुरा जोर सिंह सिसोदिया मनीष मीणा आरती बैरवा रेखा गुर्जर खुशबू चौधरी रामकेश बेरवा खुशबू मीणा मानसिंह बेरवा सोना मीना आदि मौजूद रहे।

### मैराथन दौड़ आयोजित

**टोंक,** (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वाधान में टोंक में जिला मुख्यालय सहित सभी तहसील स्तरों पर वैश्य समाज के लोगों की मैराथन दौड़ आयोजित की गई। वैश्य महापंचायत व मैराथन दौड़ के जिला मुख्य संयोजक भाजपा नेता व समाजसेवी नरेश बंसल, एवं सह-संयोजक व उद्योगपति संजय संघी, सह-संयोजक राजेश कुमार मंगल ने बताया कि रविवार को किदवई पार्क टोंक से मैराथन दौड़ रवाना हुई, जो मुख्य बाजार होती हुई गाँधी पार्क स्थित रामलीला मैदान में जाकर सम्पन्न हुई।

## दैनिक रेल यात्री संघ ने आक्रोश रैली निकाली

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे में रविवार को दोपहर 3 बजे दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा के तत्वावधान में रेल यात्रियों ने अपनी जायज मांगों को लेकर बालाजी बाईपास सड़क स्थित ज्योतिबा फुले सर्किल से गांधी चौक तक आक्रोश रैली निकालकर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत के अध्यक्ष अशोक वासदेव के नेतृत्व में फुलेरा थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह को रेल मंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

- **रेल मंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा**

ज्ञापन में बताया कि अजमेर-फुलेरा-जयपुर के बीच में प्रतिदिन करीब 25 से 30 हजार दैनिक रेल यात्री अपनी रोजी-रोटी के दैनिक यात्रा करते हैं। साथ ही अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। जबकि कोरोना काल में कोविड-19 के कारण फुलेरा जंक्शन, आसलपुर जोबनेर, ढीण्ढा, नरैना, कनकपुरा व साँभरलेक रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनों का ठहराव बन्द कर दिया गया था। जिससे दैनिक रेल यात्री, आमजन, मजदूर वर्ग, विद्यार्थी वर्ग को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। वहीं आगे बताया कि कोरोना काल खत्म होने के बावजूद भी प्रशासन द्वारा ट्रेनों में पुरानी सुविधाऐं अब तक भी लागू नहीं की गई है। इसके चलते दैनिक रेलयात्री रोज़ी रोटी कमाने के लिए यात्रा करने हेतु ट्रेनों का ठहराव एवं ट्रेनों में एमएसटी से यात्रा करने के सम्बन्ध में पूर्व में भी कई बार जन-प्रतिनिधियों / रेल प्रशासन से मिलकर समस्या का समाधान हेतु लिखित में ज्ञापन दिये गये। जबकि सभी ट्रेनो (सुपरफास्ट / पैसेंजर) में जनरल टिकिट से यात्रा की अनुमति प्रदान कर दी गई है। परन्तु एम.एस.टी. से यात्रा की सुविधा नहीं दी गई। साथ ही आगे बताया कि यदि एम एस टी से यात्रा की सुविधा दी है तो वह भी ना की बराबर है।

जबकि हाल ही में फुलेरा, आसलपुर- जोबनेर व नरैना को अमृत भारत योजना में सम्मिलित कर विकास कार्य का उद्घाटन किया है। वहीं फुलेरा जंक्शन तो ए-क्लॉस श्रेणी में है।

इसके चलते कारोना काल में जिन ट्रेनों का ठहराव बन्द कर दिया गया था। उनका पूर्व की भाँति ठहराव (स्टोपेज) करने एवं सभी ट्रेनो में मासिक सीजन टिकट से यात्री करने की अनुमति प्रदान करवाने का आग्रह ज्ञापन के माध्यम से किया गया है। इस अवसर पर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मनोज अहूजा, मोहम्मद अयूब खान, गोरीशंकर सैनी, ओपी भवण, इकरामुद्दीन कुरैशी, भारत भूषण शर्मा, टीकम चन्द शर्मा सहित सैकड़ो दैनिक रेल यात्री उपस्थित रहे।

## गुर्जर समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह में 400 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**कोटपूतली,** (निसं)। श्री देवनारायण गुर्जर समाज कल्याण समिति, कोटपूतली के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 का कस्बा स्थित वीर गुर्जर छात्रावास परिसर में विराटनगर विधायक इन्द्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भामाशाह शंकर लाल कसाना ने 400 से अधिक प्रतिभाओं के साथ-साथ खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन, नव चयनित कर्मचारियों एवं सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विराटनगर विधायक इन्द्राज गुर्जर ने जिला मुख्यालय पर कर्मचारियों द्वारा बालिका छात्रावास एवं गुर्जर भवन निर्माण की संकल्पना की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने स्वयं की एक महीने की तनख्वाह देने एवं हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। गुर्जर ने कोटपूतली जिला मुख्यालय को गुर्जर समाज के विकास और संभावनाओं की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। मुख्य वक्ता राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश वी.एस सराधना ने सामाजिक विषमताओं से लडने के लिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व छात्रावास संरक्षक बंशीधर गुर्जर ने की।



**श्री देवनारायण गुर्जर समाज कल्याण समिति कोटपूतली के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।**

इस अवसर पर राजस्थान विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्य और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर पूर्व अध्यक्ष प्रो. पी एस वर्मा, वरिष्ठ शिक्षाविद् आर के गुर्जर व डॉ. कुलदीप सिंह महुआ ने कोटपूतली के गुर्जर समुदाय के बढ़ते कदमों की सराहना कर आने वाली चुनौतियों से आगाह किया। प्रो. पी एस वर्मा ने उच्च शिक्षा में अधिकाधिक प्रवेश की संभावनाओं पर विचार व्यक्त किए। प्रो. कैलाश गुर्जर ने शिक्षा पंचायत की अवधारणा से पे बैक टू सोसाइटी के साकार होने पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर भामाशाह रमेश पायला ने 05 कमरों के साथ-साथ बालिका छात्रावास हेतु 05 लाख रूपये देने की घोषणा की। इसी प्रकार बनवारी छावड़ी ने 3 कमरों, नरेंद्र रावत ने 2 कमरों, सुशील रैया ने 2 कमरों व संजय कसाना, शीशराम सरपंच, प्रकाश हनुमान कसाना पूतली, कैलाश रैया, दीनाराम खटाना, ग्राम

- **भामाशाहों ने 82 लाख रूपयों के विकास कार्यों की घोषणा की**

पंचायत मोलाहेड़ा के पूर्व सरपंच राजेन्द्र गुर्जर, ओमप्रकाश जांगल, हंसराज कसाना, कर्मचारी संघ मलपुरा, हनुमान रावत पनियाला, अमित चंद व परसराम पनियाला, विक्रम व विजेंद्र रावत गोनेड़ा व डॉ. राजेन्द्र कसाना एसएमएस अस्पताल जयपुर ने एक-एक कमरों के निर्माण की घोषणा की। बालिका छात्रावास निर्माण हेतु मां सरस्वती स्कूल के निदेशक रामावतार कसाना, आरएएस महाराम दौराता ने क्रमशः एक-एक लाख रूपये देने, सेवानिवृत शिक्षक दयाराम, समाजसेवी मालीराम कसाना, सेवानिवृत्त पीटीआई हंसराज रावत, बुधराम कसाना, हीरालाल व्याख्याता, महेंद्र रावत गोनेड़ा ने एक-एक महीने की तनख्वाह देने की घोषणा की। पूर्व विधायक रामचंद्र रावत ने सामाजिक प्रगति के लिए शिक्षा के साथ साथ शासन-प्रशासन में भागीदार की आवश्यकता पर जोर दिया। राम शिक्षा समिति व मां सरस्वती स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

## भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा चाकसू पहुंची

**चाकसू,** (निसं)। सोमवार रात्रि 8 बजे को भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा लालसोट से चाकसू विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करते हुए ग्राम पंचायत देहलाला, ठिकरिया गूजरान, गरूडवासी होते हुए चाकसू पहुंची। कोटखावदा रोड पर स्थित आदर्श विद्या मंदिर प्रांगण में स्वागत जनसभा का आयोजन किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री रिटायर्ड जनरल वी. के. सिंह ने कहा कि जो काम कांग्रेस 60 साल में नहीं कर पाई वह काम 9 साल में नरेंद्र मोदी सरकार ने कर दिखाया। 400 नए मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय और विश्वविद्यालय, एक्सप्रेस-वे, हाईवे , आधुनिक रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट का निर्माण भी तेज गति से हुआ है। आज भारत विश्व की पांचवी बडी अर्थव्यवस्था बन गया है। विश्व के महत्वपूर्ण फैसलों में भारत की राय को महत्व मिल रहा है। देश के करोडों लोगों की आस्था का द्योतक प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार होने को है। वहीं काशी विश्वनाथ, महाकाल कॉरिडोर की स्थापना कर अपनी सांस्कृतिक धरोहर का पुनर्निर्माण किया है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में बिजली की दरें संपूर्ण भारत में सबसे अधिक हैं, उसके बावजूद भी राजस्थान में जनता बिजली के लिए तरस रही है। महिलाएं सुरक्षित नहीं है आए दिन बलात्कार और हत्याएं हो रही है महिलाओं को मोबाईल मसालें नहीं

- **गहलोत सरकार केन्द्र की योजनाओं को अपने नाम कर रही है : वी.के. सिंह**
- **आज राजस्थान में महिला सुरक्षित नहीं : अरुण चतुर्वेदी**
- **सोमवार रात्रि 8 बजे भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा लालसोट से चाकसू विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करते हुए ग्राम पंचायत देहलाला, ठिकरिया गूजरान, गरूडवासी होते हुए चाकसू पहुंची**

चाहिए महिलाओं को सुरक्षा आज राजस्थान में भ्रष्टाचार चरम सीमा में है, वहीं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार समाज के हर तबके के लिए काम करने वाली है, राजस्थान को परिवर्तन की जरूरत है।

इसके लिए प्रदेश की जनता को डबल इंजन की भाजपा सरकार को लाना होगा। इससे पूर्व राजपूत समाज की ओर से केंद्रीय मंत्री वि.के.सिंह का तलवार भेंट कर स्वागत किया गया।

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व यात्रा संयोजक अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि आज राजस्थान में महिला सुरक्षित नहीं। कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी अभी निवाई टोंक आकर गई हैं , मैं उनेस आग्रह करता हूं कि वे दुष्कर्म पीड़ित महिलाओं के घर जाकर उनको संवेदना और आश्वासन दें कि महिलाएं राजस्थान में सुरक्षित है।

प्रियंका गांधी वाड्रा जो की उत्तरप्रदेश जाति थी तो महिला के लिए आवाज उठाने का नाटक किया करती थी नारा दिया था लड़की हु लड़ सकती हूं और उन्हें क्या राजस्थान में हो रहे महिलाओं माताओं बहनों पर अत्याचार दिखाई नहीं देते । आज प्रदेश के हाल इस कदर खराब हैं कि सरकार के मंत्री अशोक चाँदना खुद बिजली की समस्या को लेकर सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे हैं। आमसभा में दौसा सांसद जासकोर मीणा , पूर्व राज्यसभा सांसद रामकुंवर वर्मा ,परिवर्तन यात्रा सह संयोजक जितेंद्र गोठवाल ने भी आमजन को संबोधित किया ।

आमसभा के दौरान संभाग सह प्रभारी सत्यनारायण चौधरी , जिला प्रभारी शत्रुघ्न गौतम , सह प्रभारी विमल अग्रवाल , भाजपा जयपुर देहात दक्षिण जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ,परिवर्तन यात्रा जिला संयोजक रामानंद गुर्जर , विधानसभा संयोजक हेम सिंह,जिला प्रमुख रमा चोपड़ा,जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर, संयोजक हेमसिंह राठौड़, अवधेश शर्मा, मोहित अग्रवाल, एडवोकेट अर्जुनसिंह हिंगोनिया, पार्षद दिनेश शर्मा,नगर भाजपा अध्यक्ष केदार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## 11 हजार केवी हाईटेंशन लाइन का तार गिरने से मिठाई व्यापारी की मौत

**कोटपूतली,** (निसं)। एक ओर जहां अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश भर में आमजन से लेकर किसान बुरी तरह से त्रस्त है। वहीं दूसरी ओर हमेशा की तरह विद्युत विभाग की लापरवाही सोमवार को कस्बे में एक जिन्दगी पर भारी पड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे से होकर गुजर रहे अलवर-सीकर स्टेट हाईवे के बानसूर रोड़ स्थित पूर्वा सिनेमा तिराहे पर सोमवार तडके करीब 8 बजे एक मिठाई की दुकान रेवाड़ी मिष्ठान भण्डार का संचालक सोनू (35) पुत्र राजेन्द्र अपनी दुकान खोल कर काउण्टर साफ कर रहा था। इतनी ही देर में दुकान के ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाईन का तार टूट कर दुकान के आगे लगे लोहे के विधुत पोल व टीनशेड़ के सम्पर्क में आ गया। इसी दौरान व्यापारी सोनू टीनशेड़ के नीचे लगे काउण्टर व पोल के सम्पर्क में आने से बिजली के करन्ट से बुरी तरह झुलस गया। जिसे राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर जयपुर रैफर कर दिया। किन्तु उक्त व्यापारी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों समेत क्षेत्रवासी जमा हो गये।

**स्टेट हाईवे को जाम कर दिया धरना :** घटना की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। मौके पर बड़ी संख्या में आक्रोशित आमजन व स्थानीय व्यापारी भी जमा हो गये। साथ ही



**घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में आक्रोशित आमजन व स्थानीय व्यापारी एवं जनप्रतिनिधि अलवर-सीकर स्टेट हाईवे को जाम कर धरने पर बैठ गये।**

कोटपूतली पुलिस थाने का जाप्ता समेत विधुत विभाग के एक्सईएन उधम सिंह यादव समेत अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुँच गये। इसी दौरान भाजपा नेता मुकेश गोयल, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर बोकन, भाजपा नेता शंकर लाल कसाना समेत मृतक के परिजन भी अलवर-सीकर स्टेट हाईवे को जाम कर धरने पर बैठ गये। साथ ही 50 लाख रूपये मुआवजा व मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी की मांग पर अड़ गये। जाम लगने की सूचना पर एसडीएम मुकुट सिंह, तहसीलदार सौरभ गुर्जर, डीएसपी मदन लाल जैफ, कार्यवाहक एसएचओ शक्ति सिंह, सरूण्ड एसएचओ राजेश यादव समेत भारी मात्रा में पुलिस जाप्ता भी मौके पर पहुंच गया। अधिकारियों ने धरणार्थियों से धरना हटाकर मृतक के पोस्टमार्टम की बात कही। इस पर भाजपा नेता मुकेश गोयल, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना व भाजपा जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर बोकन की पुलिस प्रशासन के साथ जमकर तीखी नोक झोक भी हुई। भाजपा नेता गोयल ने कहा कि विभाग लगातार लापरवाह बना हुआ है, क्षेत्र में अधिकांशतः लाईन क्षतिग्रस्त है। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने भी पुलिस प्रशासन को फटकार लगाते हुए मामले में कड़ी कार्यवाही की मांग की। धरणार्थी मांगे पूरी ना होने तक धरना लगाये रहने की बात पर अड़े रहे।

धरने पर बैठे नगर परिषद उप सभापति अशोक शरण बंसल ने अवगत करवाया कि उक्त बिजली की एचटी लाईन विगत दो वर्षों से क्षतिग्रस्त है,जिसे हटाने के लिए कई बार वे विभाग के समक्ष निवेदन कर चुके है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। मौके पर मौजूद लोगों का कहना था कि कस्बे के बहुत से वार्डों में भी यही स्थिति है। लेकिन विधुत विभाग निरन्तर लापरवाह बना हुआ है। इस दौरान करीब 5 घण्टे तक लगातार धरना प्रदर्शन चलता रहा। बाद में विधुत विभाग द्वारा 5 लाख रूपये की सहायता राशि व मुख्यमंत्री सहायता कोष से

- **विद्युत विभाग की लापरवाही बनी जिन्दगी पर भारी**
- **घटना से आक्रोशित लोगों ने स्टेट हाईवे को जाम कर किया धरना प्रदर्शन**

उचित मुआवजा दिलवाने की सहमति पर परिजन शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए तैयार हुये एवं धरना समाप्त किया गया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर सोमवार देर शाम बेहद गमगीन माहौल में अन्तिम संस्कार किया गया।

इस दौरान बानसूर रोड़ पर भी दोनों ओर लम्बा जाम लग गया। जिसमें बड़ी संख्या में आपातकालीन गाडियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों की गाडियां भी फंस गई, वहीं धरणार्थियों से समझौते में लिये गये निर्णयों अनुसार तत्काल विधुत लाईनों को दुरूस्त करने एवं दुकानों के सामने लगे एचटी पोल हटवाने का कार्य भी शुरू किया गया। घटना को लेकर मृतक के भाई विनोद कुमार छीपी ने स्थानीय थाने में मृग रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

**पिता की हुई थी कोरोना में मृत्यु :** बताया जा रहा है कि मृतक सोनू के पिता राजेन्द्र की भी कोरोना काल के दौरान मृत्यु हो गई थी। 35 वर्षिय मृतक सोनू विवाहित है, जिसके दो छोटी बच्चियां व पत्नी गर्भवती भी है।



मैं खिलाड़ी की काबिलियत का आकलन इस आधार पर करता हूं कि वह कितने साल खेल सका। - रिकी पोंटिंग

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, खिलाड़ियों की काबिलियत को लेकर।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ जॉश लिटिल



हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस आईपीएल 2023 सीजन में अपना खिताब बचाने की कोशिश कर रही है। हालांकि अभी तक टीम पिछले सीजन जैसी लय में नजर नहीं आई है। उस पर अब गुजरात के लिए एक टेंशन और बढ़ गई है। पहली बार आईपीएल में खेल रहे बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज जॉश लिटिल को उनके देश से बुलावा आया है। आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने लिटिल को अगले महीने होने वाली अहम वनडे सीरीज के लिए स्क्वॉड में शामिल किया है। इस सीरीज के जरिए आयरलैंड के पास वनडे विश्व कप में सीधे क्वालिफाई करने का मौका है।

**क्या आप जानते हैं ?... क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल की पहली ट्रॉफी जुलियस रिमेट का डिजाइन फ्रांसीसी वास्तुकर एबेल लेफलुर ने तैयार किया था।

## यूएस ओपन : जोकोविच ने जीता ऐतिहासिक 24वां ग्रैंड स्लैम खिताब

न्यूयॉर्क, 11 सितंबर। नोवाक जोकोविच ने रविवार को यहां फाइनल में डेनियल मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराकर अपना चौथा अमेरिकी ओपन और रिकॉर्ड 24वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता। दूसरे और तीसरे वरीय के बीच हुए मुकाबले में जोकोविच ने मेदवेदेव को 6-3, 7-6(5), 6-3 से हराया। इस जीत के साथ 36 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी सबसे उम्रदराज अमेरिकी ओपन पुरुष एकल चैंपियन बन गए हैं। इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन और फ्रेंच ओपन जीतने के बाद जोकोविच एक सीज़न में चार बार तीन ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाले पहले खिलाडी बन गए हैं। जोकोविच ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं यहां आपके साथ खड़ा होकर 24वें ग्रैंड स्लैम के बारे में बात करूंगा। मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह हकीकत होगी लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मुझे लगा कि मेरे पास एक मौका है, मेरे पास इतिहास के लिए एक मौका है, और अगर यह मिलता है तो इसे क्यों न इसे लपक लिया जाए। इस जीत के साथ ही जोकोविच ने रूसी प्रतिद्वंदी मेदवेदेव से 2021 का बदला ले लिया जब मेदवेदेव ने उन्हें सीधे सेटों में हरा कर उनकी जीत की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिये थे। वर्ष 1969 में रॉड लेवर के बाद एक ही वर्ष में सभी चार ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच पहले व्यक्ति बन गए हैं।

## न्यूजीलैंड ने विश्व कप के लिये किया टीम का ऐलान

वेलिंग्टन, 11 सितंबर। न्यूजीलैंड ने भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए सोमवार को अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। ऑकलैंड के लेग स्पिनर ईश सोढ़ी को टीम में जगह मिली है जबकि आईपीएल के दौरान चोटिल 30 वर्षीय कप्तान केन विलियमसन के अलावा तेज गेंदबाज टिम साउदी को विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। साउदी और केन का यह चौथा विश्वकप होगा। सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन करने वाले मार्क चैपमैन ने विश्वकप के लिये चयनित टीम में जगह बनायी है वहीं इंग्लैंड के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 23 वर्षीय स्पिन-गेंदबाज और ऑलराउंडर रचिन रवींद्र भी टीम में शामिल किये गये हैं। टॉम लैथम बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज टीम मे चुने गये हं। न्यूजीलैंड के इंग्लैंड दौरे पर हाल ही में हैमस्ट्रिंग की चोट खाये एडम मिल्ने टीम से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने स्वीकार किया कि अंतिम टीम का चयन करते समय उन्हें कुछ कठिन फैसलों का सामना करना पड़ा, लेकिन उनका मानना है कि भारत में ले जाने के लिए उनके पास युवा और अनुभव का सही मिश्रण है। स्टीड ने कहा मैं आज चुने गए 15 खिलाड़ियों को बधाई देना चाहता हूं। विश्व कप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना एक बड़ा सम्मान है। अनुभवी केन और टिम से लेकर पहली बार चुने गए खिलाड़ियों तक का समय हमेशा बहुत रोमांचक होता है। न्यूजीलैंड पांच अक्टूबर को विश्व कप के शुरुआती मैच में 2019 फाइनल के रीमैच में इंग्लैंड से भिड़ेगी। टीम इस प्रकार है: केन विलियमसन (कप्तान), ट्रेंट बोल्ट, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउथी, विल युवा।

## शाहीन बनाम कोहली के बीच होगी दिलचस्प जंग : कैफ

कोलंबो 11 सितंबर। भारतीय टीम के पूर्व सदस्य और अब टीवी कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे मोहम्मद कैफ का मानना है कि एशिया कप 2023 में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दोनो टीमों की जीत हार में निर्णायक भूमिका निभायेंगे। फॉलो द ब्लूज लाइव पर स्टार स्पोर्ट्स से विशेष रूप से बात करते हुए कैफ ने कहा कि जब कोहली पाकिस्तान के खिलाफ मैदान पर उतरते हैं, तो उनका प्रदर्शन बहुत कुछ कहता है। उन्होंने कहा, चुनौतियों पर काबू पाना विराट के सर्वोत्तम गुणों में से एक है। यह उनकी आदत बन गई है। यह एक बड़ा मैच है और पाकिस्तान के खिलाफ उनका रिकॉर्ड बहुत अच्छा है। जब भी वह पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हैं, तो उनका बल्ला बोलता है और लोगों को उनसे बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा शाहीन अपनी इनस्विंग गेंदबाजी करते हुए गेंद को अंदर लाना जारी रखेंगे। उनका गेम प्लान बहुत सरल है, गेंद को तेजी से अंदर लाओ। बल्लेबाज जो भी करना चाहता है उसे करने दो। गेंद को अंदर लाओ, पैड पर मारो और स्टंप पर मारो। इसलिए विराट कोहली को उस फॉर्म में देखना रोमांचक होगा जिसमें वह उनसे मुकाबला करेंगे। यह गेम का सबसे महत्वपूर्ण मैचअप है। विराट को जो चीज खास बनाती है वह है बड़े मैचों में खेलने की उनकी क्षमता और वह बैकफुट पर नहीं खेलेंगे। गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच रविवार को वर्षा के कारण बीच में रोकना पड़ा था, उस समय भारतीय टीम 24.1 ओवर में दो विकेट पर 147 रन बना चुकी थी। सोमवार को भी बारिश के कारण खेल पौन दो घंटे का खेल बारिश की भेंट चढ चुका है।

# भारत की पाक पर इतिहास की सबसे बड़ी जीत





## एशिया कप में भारत ने 228 रन से पाक को हराया

## कोहली-राहुल के शतक, कुलदीप ने झटके 5 विकेट

कोलंबो । भारत ने पाकिस्तान पर वनडे इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल की है। टीम ने एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तानी टीम को 228 रनों से हराया। इससे पहले, यह रिकॉर्ड 104 रनों का था, जो भारत ने 2008 में मीरपुर के मैदान पर बनाया।

357 रन के बड़े टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने 5वें ही ओवर में इमाम-उल-हक का विकेट गंवा दिया। इमाम 9 रन ही बना सके, उन्हें जसप्रीत बुमराह ने शुभमन गिल के हाथों सेकेंड स्लिप में कैच कराया। नंबर-3 पर उतरे बाबर आजम और फखर जमान को भी शुरुआती ओवरों में परेशानी हुई। हालांकि टीम ने 10 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 43 रन बना लिए।

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में अपने सबसे बड़े स्कोर की बराबरी कर ली है। इससे पहले, टीम इंडिया ने 2005 में विशाखापट्टनम में पाकिस्तान के खिलाफ 356/9 का स्कोर बनाया था।

यह एशिया कप में भी पाकिस्तान के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले, भारत ने मीरपुर के मैदान पर 2012 में 330 रन बनाए थे। कोहली ने उस मैच में 183 रन की बेहतरीन पारी खेली थी। भारत के लिए विराट कोहली ने सबसे ज्यादा नाबाद 122, केएल राहुल ने नाबाद 111, शुभमन गिल ने 58 और कप्तान रोहित शर्मा ने 56 रन बनाए। कोहली ने वनडे का 47वां शतक जमाया, जबकि केएल राहुल ने छठी सेंचुरी पूरी की।

विराट कोहली ने करियर की 47वीं वनडे सेंचुरी जमाई। उन्होंने 94 गेंदों पर 122 रन की नाबाद पारी खेली। केएल राहुल ने करियर की छठी वनडे सेंचुरी जमाई है। उन्होंने 106 गेंदों पर 111 रन की नाबाद पारी खेली। दोनों ने 233 रन की नॉट आउट पार्टनरशिप भी की।

कोहली ने 84 गेंद पर सेंचुरी लगाई

विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ 84 बॉल पर सेंचुरी लगाई। उन्होंने शाहीन अफरीदी की बॉल पर सिंगल लेने के साथ अपने वनडे करियर का 47वां शतक लगाया। यह उनका तीनों फॉर्मेट मिलाकर 77वां शतक रहा, टेस्ट में उनके नाम 29 और टी-20 में भी एक सेंचुरी है। कोहली ने पारी में 98वां रन लेते ही वनडे करियर में 13 हजार रन भी पूरे कर लिए। वे भारत की ओर से 13 हजार रन बनाने वाले दूसरे ही भारतीय बने। उनसे ज्यादा रन सचिन तेंदुलकर ही बना सके हैं। सचिन के नाम वनडे में 18426 रन हैं।

कोहली ने 84 गेंद पर सेंचुरी लगाई। विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ 84 बॉल पर सेंचुरी लगाई। उन्होंने शाहीन अफरीदी की बॉल पर सिंगल लेने के साथ अपने वनडे करियर का 47वां शतक लगाया। यह उनका तीनों फॉर्मेट मिलाकर 77वां शतक रहा, टेस्ट में उनके नाम 29 और टी-20 में भी एक सेंचुरी है। कोहली ने पारी में 98वां रन लेते ही वनडे करियर में 13 हजार रन भी पूरे कर लिए। वे भारत की ओर से 13 हजार रन बनाने वाले दूसरे ही भारतीय बने। उनसे ज्यादा रन सचिन तेंदुलकर ही बना सके हैं। सचिन के नाम वनडे में 18426 रन हैं।

## रोहित श्रीलंका में सबसे ज्यादा सिक्स जमाने वाले विदेशी बैटर

कोलंबो, 11 सितम्बर। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान सुपर-4 मुकाबला रिजर्व-डे में जा चुका है। मैच अब दूसरे दिन सोमवार को पूरा खेला जाएगा। पहले दिन रविवार को भारत ने 24.1 ओवर में दो विकेट पर 147 रन ही बनाए थे कि बारिश आ गई। मुकाबला रोक दिया गया, जो दोबारा शुरू ही नहीं हुआ। भारतीय पारी में रोहित शर्मा और शुभमन गिल की बल्लेबाजी ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इन पारियों ने कई रिकॉर्ड तोड़े। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा श्रीलंकाई सरजमीं पर सबसे ज्यादा छक्के जमाने वाले विदेशी बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी अर्धशतकीय पारी में 4 छक्के जमाए। इस मैच में रोहित ने 49 गेंद पर 114.29 के स्ट्राइक रेट से 56 रन बनाए। तीनों फॉर्मेट मिलाकर रोहित के श्रीलंका में 33 छक्के हो गए। रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने पाकिस्तान के खिलाफ 121 रन की पार्टनरशिप की। इन दोनों ने नेपाल के खिलाफ भी 147 रन की साझेदारी की थी। रोहित-गिल एशिया कप में अब तक 2 सेंचुरी पार्टनरशिप कर चुके हैं। इस मामले में इन दोनों ने सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी की। दोनों ने भी एशिया कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा 2 सेंचुरी पार्टनरशिप कर रखी हैं। यह रोहित और गिल की ओवरऑल 5वीं सेंचुरी पार्टनरशिप भी रही। भारत के विकेटकीपर बैटर केएल राहुल पाकिस्तान के खिलाफ प्लेइंग-11 में शामिल किए गए। उन्होंने करीब 6 महीने बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की। पाकिस्तान के खिलाफ 14वां रन बनाते ही राहुल के वनडे क्रिकेट में 2000 रन पूरे हो गए। वे 53 पारियों में 2 हजार के आंकड़े तक पहुंचे। वह फिलहाल 17 रन बना चुके हैं और इसी स्कोर से वह आज पारी आगे बढ़ाएंगे। राहुल सबसे तेज 2 हजार रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में विराट के साथ नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने विराट कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी की, कोहली ने भी 53 पारियों में ही 2000 रन बनाए थे। शिखर धवन ने 48 पारियों में 2000 रन बनाए हैं, इस मुकाम तक पहुंचने वाले वह सबसे तेज भारतीय हैं। रोहित शर्मा ने वनडे करियर की 50वीं फिफ्टी जमाई। यह रोहित की एशिया कप में 9वीं फिफ्टी है। वे एशिया कप में सबसे ज्यादा फिफ्टी जमाने वाले भारतीयों के रिकॉर्ड में सचिन तेंदुलकर की बराबरी पर आ गए हैं। अब दोनों के नाम 9-9 हाफ सेंचुरी हैं। एक और फिफ्टी लगाते ही रोहित सचिन का रिकॉर्ड भी तोड़ देंगे।

## बेंगलुरु बंद के बीच अनिल कुंबले को बस से करना पड़ा सफर

बेंगलुरु, 11 सितंबर। बेंगलुरु में निजी ट्रांसपोर्टरों के विरोध के कारण ऐप-आधारित कैब न मिलने पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले को सोमवार को यहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से घर वापस जाने के लिए बीएमटीसी बस की सवारी करनी पड़ी। कुंबले ने बेंगलुरु बंद के बीच एक तस्वीर के साथ एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, बीएमटीसी बस से आज हवाईअड्डे से घर वापस आ रहा हूं। कर्नाटक प्राइवेट ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन राज्य सरकार की शक्ति योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। इस योजना के तहत महिलाएं गैर-लक्जरी बसों में मुफ्त बस यात्रा करती हैं, जिसका असर निजी ट्रांसपोर्टरों पर पड़ा है। वे सरकार से योजना के कारण राजस्व घाटे की भरपाई करने की मांग कर रहे हैं। इस बीच हवाईअड्डा अधिकारियों और विस्तारा एयरलाइन ने यात्रियों को बंद के बीच हवाईअड्डे तक अपनी यात्रा के लिए अधिक समय देने की सलाह जारी की है। विस्तारा जेड ने बताया कि 11 सितंबर को 'बेंगलुरु बंद' के कारण निजी परिवहन बाधित हो सकता है। बेंगलुरु से यात्रा करने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई अड्डे तक अपनी यात्रा के लिए अधिक समय दें।

## एशियन गेम्स से पहले बेंगलुरु में ट्रेनिंग करेगी इंडियन टीम

### पुरुष क्रिकेट टीम का कैम्प 12 दिन, महिला टीम का सिर्फ 4 दिन का होगा

दिल्ली, 11 सितम्बर। एशियन गेम्स के लिए पुरुष और महिला टीम की कैंप बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी में लगाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुरुष टीम का 12 दिन और वुमन टीम की 4 दिन का कैंप लगाया जाएगा। दरअसल एशियन गेम्स 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन में होना है। एशियन गेम्स में क्रिकेट को तीसरी बार शामिल किया गया है। इससे पहले 2010 और 2014 के एशियन गेम्स में क्रिकेट को शामिल किया गया था। यह टी-20 फॉर्मेट में खेला जाना है।

मेंस टीम का कैंप 12 सितंबर से मे पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण की निगरानी में आयोजित किया जाएगा। यह कैंप 12 सितंबर से 24 सितंबर के बीच आयोजित होगा। जबकि महिलाओं का कैंप 13 सितंबर से 16 सितंबर के बीच होगा। महिला टीम 17 सितंबर को चीन के लिए रवाना हो जाएगी।

वहीं पुरुष टीम का कैंप जारी रहेगा। महिला क्रिकेट टीम के मैच 19 सितंबर से 27 सितंबर तक खेले जाएंगे। वहीं पुरुष क्रिकेट टीम के मैच 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक खेले जाएंगे। विमेंस कैटेगरी में 14 टीमें और मेंस में 18 टीमें पार्टिसिपेट करेंगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियन गेम्स में अपने अभियान की शुरुआत 22 सितंबर से क्वार्टर फाइनल से करेगी। वहीं भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का अभियान 5 अक्टूबर से क्वार्टर फाइनल से शुरू होगा।

**एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम**
**विमेंस टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, देविका वैद्य, अंजलि सरवानी, तितास साधु, राजेश्वरी गायकवाड़, मिन्नू मणि, कनिका आहूजा, उमा छेत्री (विकेटकीपर) और अनुषा बरेड्डी। **स्टैंडबाय:** हरलीन देयोल, काशवी गौतम, स्नेह राणा, साइका इशाक और पूजा वस्त्राकर। ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, शिवम मावी, शिवम दुबे और प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)। **स्टैंडबाय:** यश ठाकुर, साई किशोर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुडा और साई सुदर्शन।

# इंग्लैंड ने न्यूज़ीलैंड को 79 रन से हराया

### सेंचुरी चूके लिविंगस्टोन रहे प्लेयर ऑफ द मैच, वनडे सीरीज 1-1 से बराबर



साउथैम्प्टन, 11 सितम्बर। इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को दूसरे वनडे में 79 रन से हरा दिया। साउथैम्प्टन के रोज बाउल मैदान पर न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। बारिश के कारण 34-34 ओवर के मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में 7 विकेट पर 226 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड टीम 26.5 ओवर में 147 रन बनाकर ही ऑल आउट हो गई। इंग्लैंड से 78 बॉल पर 95 रन की नॉट आउट पारी खेलने वाले लियाम लिविंगस्टोन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने ही सैम करन के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप कर इंग्लैंड को 200 रन के पार पहुंचाया था।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 8 रन के स्कोर पर ही 3 विकेट गंवा दिए। जॉनी बेयरस्टो 6 और बेन स्टोक्स एक रन बनाकर आउट हुए, वहीं जो रूट तो खाता भी नहीं खोल सके। तीनों विकेट लम्बे समय बाद वापसी कर रहे लेफ्ट आर्म पेसर ट्रेंट बोल्ट ने लिए। 28 रन के स्कोर पर हैरी ब्रूक भी 2 रन बनाकर मैट हेनरी का शिकार हो गए।

नंबर-5 पर बैटिंग करने उतरे कप्तान जोस बटलर ने तेजी से 30 रन बनाए, लेकिन वह भी मिचेल सैंटनर की गेंद पर बोल्ड हो गए। उनके बाद मोईन अली और लियाम लिविंगस्टोन ने 48 रन की पार्टनरशिप कर टीम को संभाला ही था कि मोईन भी 33 रन बनाकर टिम साउदी का शिकार हो गए। मोईन के बाद उतरे सैम करन ने तेजी से 35 बॉल पर 42 रन बनाए। उन्होंने लिविंगस्टोन के साथ 112 रन की पार्टनरशिप भी की और टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचा दिया। सैम करन 42 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद डेविड विली ने 2 गेंद पर 7 रन बनाए। उनके साथ लिविंगस्टोन भी 78 गेंद पर 95 रन बनाकर नॉट आउट रहे। टीम ने 34 ओवर में 7 विकेट पर 226 रन बनाए और इंग्लैंड को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

न्यूजीलैंड से बोल्ट के अलावा टिम साउदी ने 2 विकेट लिए। वहीं मैट हेनरी और मिचेल सैंटनर को 1-1 विकेट मिला। 34 ओवर में 227 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत भी खराब रही। टीम ने पहले ही ओवर में फिन एलन का विकेट गंवा दिया। फिन अपना खाता भी नहीं खोल सके। उनके बाद डेवोन कॉन्वे और विल यंग ने पारी संभाली, लेकिन 14 रन बनाकर कॉन्वे भी चलते बने। कॉन्वे के विकेट के बाद यंग भी 19 रन आउट हो गए। यंग ने 33 रन बनाए और टीम ने 55 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। शुरुआती विकेट जल्दी गंवाने के बाद कप्तान टॉम लैथम ने डेरिल मिचेल के साथ 56 रन की पार्टनरशिप की। लैथम 19 रन बनाकर रीस टॉप्ले का शिकार हुए और दोनों के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप टूटी। 111 के स्कोर पर चौथा विकेट गंवाने के बाद न्यूजीलैंड ने 123 रन के स्कोर तक छठा विकेट भी गंवा दिया। ग्लेन फिलिप्स 2 और रचिन रवींद्र 4 रन बनाकर आउट हो गए। तीनों विकेट रीस टॉप्ले ने लिए।

## चोटिल हारिस रउफ भारत के खिलाफ दूसरे दिन गेंदबाजी के लिए नहीं उतरे

कोलंबो 11 सितंबर। एशिया कप सुपर फ़ोर चरण मुकाबले में भारत के खिलाफ पहले दिन रविवार को पेट पर हल्की चोट लगने के कारण पाकिस्तानी तेज गेंदबाज़ हारिस रउफ़ सोमवार को रिजर्व डे में गेंदबाजी करने के लिये नहीं उतरे। हारिस की एमआरआई स्कैन कराई गई जिसकी रिपोर्ट सामान्य थी लेकिन सोमवार को भी दर्द महसूस कर रहे थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ले एक बयान जारी कर कहा रउफ़ की चोट कितनी गंभीर है यह स्पष्ट नहीं है। उन्हे एहतियातन एमआरआई के लिए ले जाया गया था, जिसमें परिणाम सामान्य है। वह टीम के मेडिकल पैनल की निगरानी में हैं। रउफ की गैर मौजूदगी में पाकिस्तान शाहीन शाह अफ़रीदी, नसीम शाह और फ़हीम अशरफ़ के रूप में तीन तेज गेंदबाजी विकल्प के साथ मैच में उतरा। इसके अलावा फिरकी गेंदबाज शादाब खान के साथ आगा सलमान और इफ्तिख़ार अहमद पार्ट टाइम गेंदबाज के तौर पर मैदान पर रहे। पहले दिन रउफ़ ने कुल पांच ओवर की गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 27 रन ख़र्च किए थे। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की आतिशी ओपनिंग साझेदारी पर रउफ़ ने लगाम लगाने का पूरा प्रयास किया था।

## खिलाड़ियों के परिवार वालों से कराया वर्ल्डकप टीम का ऐलान

## केन विलियम्सन वर्ल्ड कप में होंगे न्यूजीलैंड टीम के कप्तान, बोल्ट की वापसी

भारत की मेजबानी में 5 अक्टूबर से शुरू हो रहे वनडे वर्ल्ड कप के लिए, न्यूजीलैंड की टीम का ऐलान हो गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों के परिवार वालों से टीम का ऐलान कराया है। बोर्ड ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर इसका वीडियो पोस्ट किया है। टीम की कप्तानी चोट से वापसी कर रहे केन विलियमसन के पास रहेगी। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से हो रही है। पिछली बार की रनर-अप न्यूजीलैंड टीम का पहला मुकाबला 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड से होगा। केन विलियमसन (कप्तान), ट्रेंट बोल्ट, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम (उपकप्तान, विकेटकीपर), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी और विल यंग। 2023 के पहले मुकाबले (31 मार्च 2023) में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बाउंड्री लाइन पर कैच लेने की कोशिश में विलियमसन चोटिल हो गए थे। उनके दाएं घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद वो पूरे लीग से बाहर हो गए थे। लीग से बाहर होने के बाद विलियमसन न्यूजीलैंड लौट गए और अप्रैल में उनकी सर्जरी हुई। इस सीजन में वो गुजरात टाइटन्स टीम के हिस्सा थे। टीम में फिन एलन की जगह विल यंग को शामिल किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुए तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और एडम मिल्ने वर्ल्ड कप में नहीं खेलेंगे। ट्रेंट बोल्ट और जेम्स नीशम को भी टीम में जगह मिली है, हालांकि दोनों इस साल न्यूजीलैंड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल नहीं हैं। वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से भारत में होना है। सभी टीमें अपने स्क्वॉड में 15 प्लेयर्स रह सकेंगी, टीमें 3 स्टैंड-बाय खिलाड़ियों के नाम भी दे सकती हैं। वर्ल्ड कप में भाग लेने वाले सभी देशों को 28 सितंबर तक अपने स्क्वॉड की फाइनल लिस्ट इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को देनी है। भारत में अक्टूबर-नवंबर में 46 दिन तक वनडे वर्ल्ड होगा, जिसमें 48 मैच खेले जाएंगे। पहला मैच 5 अक्टूबर को पिछले वर्ल्ड कप की विजेता और उप-विजेता इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद में होगा। 12 नवंबर तक लीग स्टेज के 45 मैच होंगे। 15 और 16 नवंबर को 2 सेमीफाइनल और 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल खेला जाएगा। वर्ल्ड कप के मौजूदा सीजन की शुरुआत 5 अक्टूबर को डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड मुकाबले के साथ अहमदाबाद से होगी।

# किशोर जेना ने भाला फेंक में जीता स्वर्ण पदक

चंडीगढ़ 10 सितंबर। विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले किशोर जेना और अमोज जैकब ने रविवार को चंडीगढ़ में इंडियन ग्रां प्री 5 2023 एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतते हुए अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखा। भाला फेंक में किशोर जेना का 82.53 मीटर सर्वश्रेष्ठ थ्रो उनके पहले प्रयास में आया। इसके बाद उन्होंने 80.74 मीटर, 81.56 मीटर और 78.39 मीटर का थ्रो फेंका। 28 वर्षीय एथलीट ने अपने पांचवें प्रयास में फाउल कर दिया और अपने प्रदर्शन के आखिरी प्रयास में 78.98 मीटर के थ्रो के साथ समाप्त किया। किशोर जेना के सभी सही थ्रो दूसरे स्थान पर रहे और वह विकास यादव से बेहतर रहे, जिन्होंने 72.88 मीटर के थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। राजस्थान के हरीश कुमार 71.78 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। किशोर जेना पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप में पदक से चूक गए थे और 84.77 मीटर के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। गौरतलब है कि ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के नाम 89.94 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज है। पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों के 4400 एशियाई रिकॉर्ड को तोड़ने वाली टीम का हिस्सा रहे अमोज जैकब ने चंडीगढ़ में पुरुषों की 400 मीटर दौड़ जीती। उन्होंने 45.92 सेकेंड में फिनिश लाइन को पार करते हुए ओलंपियन नोह निर्मल टॉम को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। नोह निर्मल टॉम ने 46.55 सेकेंड के साथ रजत पदक जीता, जबकि कर्नाटक के निहाल विलियम ने 46.76 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। पुरुषों की 1500 मीटर में, राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक जिन्सन जॉनसन, जो 2018 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद से अपनी इंजरी से जूझ रहे हैं, उन्होंने शीर्ष स्थान के लिए अपना कोर्स 3:39:32 समय में पूरा किया। राहुल हरबीर सिंह 3:39:83 समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अभिनंद सुंदरेसन ने 3:44:36 समय के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखने वाली ज्योति याराजी ने पहली बार 400 मीटर स्प्रिंट में प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया। 23 वर्षीय खिलाड़ी याराजी इस स्पर्धा में 53.91 सेकेंड के साथ 10वें स्थान पर रहीं। तमिलनाडु की विथ्या रामराज ने 52.40 सेकेंड के समय के साथ महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता, जबकि सुभा वेंकटेशन ने 52.57 सेकेंड के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। सुभा वेंकटेशन भारत की 4400 मिश्रित रिले टीम का हिस्सा थीं, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में बैंकॉक में एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं, प्राची 53.01 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों के 100 मीटर में, पंजाब के हरजीत सिंह ने 10.55 सेकेंड के साथ जीत हासिल की और वह अमलान बोरगोहेन से आगे रहे, जिन्होंने 10.57 सेकेंड के साथ अपनी रेस पूरी की। तमिलनाडु के शिव कुमार ने अमिय कुमार मलिक को 0.14 सेकेंड से हराकर 10.61 सेकेंड समय के साथ कांस्य पदक जीता। बता दें, अमिय कुमार मलिक के नाम साल 2016 में 100 मीटर में 10.26 सेकेंड के समय के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज है। महिलाओं के शॉट पुट में, आभा खाटुआ ने 18.02 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड से केवल चार सेंटीमीटर कम था। किरण बलियान (17.92 मीटर) और मनप्रीत कौर (16.30 मीटर) ने पोडियम पर जगह बनाई। इंडियन ग्रां प्री 5 एथलेटिक्स मीट का समापन सोमवार को होगा।

## द. अफ्रीका के एनरिक नॉर्टजे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे से बाहर

जोहान्सबर्ग, 11 सितंबर। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले दक्षिण अफ्रीका को करारा झटका लगा है जब उनके स्टार तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्टजे पीठ की चोट के कारण मुकाबले से बाहर हो गए हैं। मौजूदा वनडे सीरीज के दूसरे मैच में प्रोटियाज टीम की ऑस्ट्रेलिया से 123 रन से हार के दौरान नॉर्टजे को पीठ के निचले हिस्से में ऐंठन का सामना करना पड़ा और पांच ओवर फेंकने के बाद उन्हें मैदान छोड़ दिया। वह बाद में दक्षिण अफ्रीका के लिए बल्लेबाजी करने के लिए लौटे लेकिन उन्हें आगे चिकित्सीय जांच की जरूरत होगी। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार 29 वर्षीय खिलाड़ी का सोमवार को जोहान्सबर्ग में स्कैन कराया जाएगा।



*भारत ने पाकिस्तान को हराकर एशिया कप के बहूप्रतीक्षित मुकाबले में रनों के लिहाज से इतिहास की चौथी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारत ने कोलंबो में पहले बल्लेबाजी करते हुये पाकिस्तान के सामने 357 रनों का बड़ा टारगैट दिया, जिसके जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 32 ओवर में 128 रन पर ही सिमट गई। पूरे मैच में भारतीय टीम पूरे रंग में नज़र आई और पहले बल्लेबाजी करते हुये भारत ने दो विकेट खोकर 356 रन बनाये। विराट कोहली 122 रन और के. एल राहुल 111 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने सोमवार को कल के स्कोर, 24.1 ओवर में 147/2 रन से आगे खेलते हुए 356 रन बनाए और भारत ने सोमवार को रिज़र्व डे के दिन एक भी विकेट नहीं गंवाया तथा 25.5 ओवर में 209 रन बनाए। सोमवार को भी बारिश की वजह से मैच एक घंटे तक रुका रहा। पूरे मैच में भारतीय टीम ने बेहद संतुलित और उम्दा प्रदर्शन किया और पाकिस्तान को एकतरफा अंदाज में हरा दिया।*

# धौलपुर के छह लोगों की भरतपुर में सड़क दुर्घटना में मौत

- **खाटू श्याम के दर्शन कर घर लौट रहे थे, सभी मृतक परस्पर रिश्तेदार थे।**
- **मरने वालों में दो बच्चे भी हैं, एक साल का बच्चा सुरक्षित बच गया है।**

धौलपुर, (निसं)। भरतपुर जिले के रूपवास थाना क्षेत्र में धौलपुर- भरतपुर हाईवे पर रविवार- सोमवार की रात करीब 1 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमें दो परिवारों के 6 लोगों की दर्दनाक मौत गई। मृतकों में दो बच्चे भी है। घटना में 2 जने घायल हुए हैं। वहीं 1 बच्चा सुरक्षित बच गया।

जानकारी के मुताबिक रिश्ते में साडू लगने वाले 2 परिवारों के 9 लोग खाटू श्याम जी के दर्शन कर अपने घर धौलपुर लौट रहे थे। रास्ते में रात करीब 1 बजे रूपवास इलाके में खान सुरजा पुर गांव के पास गायों को बचाने के चक्कर में बस के ड्राइवर ने सामने से आ रही कार को टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को रूपवास कस्बे के अस्पताल में भर्ती कराया, जंहा चिकित्सको ने 6 लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं 2 जनों को जिला अस्पताल भरतपुर रैफर कर दिया।

रूपवास थाने के एएसआई शिवराम यादव ने बताया कि घटना में हरेन्द्र सिंह पुत्र हेतराम लोधा उम्र 32 साल निवासी मिडवे होटल के पीछे धौलपुर, उसकी 30 वर्षीय पत्नी ममता और उसकी 6 वर्षीय बेटी जान्हवी तथा हरेंद्र का साडू संतोष पुत्र सोवरन लोधा उम्र 37 वर्ष निवासी खरगपुर थाना सदर धौलपुर, संतोष की 35 वर्षीय पत्नी सुधा और संतोष के 5 वर्षीय बेटे अनुज की मृत्यु हो गई। वहीं घटना में हरेंद्र के 1 वर्षीय बेटे कान्हा को हल्की खरोंच आई है। कान्हा को पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

जानकारी के अनुसार मृतक हरेन्द्र सिंह लोधा मूलतः नगला खरगपुर उर्फ हवेली का नगला बसई नवाब गांव का निवासी है, जो फिलहाल मिडवे होटल के पीछे धौलपुर में रहता था। वहीं मृतक संतोष गौशाला कॉलोनी धौलपुर में उत्थान नाम से लाइब्रेरी चलता था। इसके अलावा गौशाला मोड धौलपुर पर इनकी ई मित्र की दुकान भी संचालित होती थी। घटना से दोनों परिवारों के घरों में, गांव में तथा कॉलोनी में बुरी तरह कोहराम मचा हुआ है और लोगों में गहरा दुख है। हवेली का नगला गांव निवासी विकास लोधी ने बताया कि घटना से गांव में कोहराम मचा हुआ है। हर कोई इस घटना को लेकर स्तब्ध है। पुलिस ने सभी मृतकों के शवों के पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिए हैं। वहीं घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है तथा दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है।

## पत्रकारों के खिलाफ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आई. सदस्यों को राहत तो दी, लेकिन साथ ही स्पष्ट किया कि वह इस मामले में दर्ज प्राथमिकियों को रद्द करने के पक्ष में नहीं है। पीठ ने कहा कि वह इस विचार कर रही है कि इस मामले को सुनवाई के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय या मणिपुर उच्च न्यायालय को भेजा जाना चाहिए। ई.जी.आई. ने अपनी रिपोर्ट में राज्य में इंटरनेट प्रतिबंध को मीडिया रिपोर्टों के लिए हानिकारक बताया था। कुछ मीडिया आउटलेट्स द्वारा एकतरफा रिपोर्टिंग की आलोचना की थी और दावा किया था कि ऐसे संकेत थे कि राज्य नेतृत्व पक्षपातपूर्ण हो गया था। यह रिपोर्ट दो सितंबर को प्रकाशित की गई थी। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने चार सितंबर को कहा था कि एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और तीन सदस्यों के खिलाफ एक शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है तथा उन पर राज्य में 'झड़प भड़काने' की कोशिश करने का आरोप लगाया गया है। मानहानि के आरोप के साथ गिल्ड के चार सदस्यों के खिलाफ दूसरी प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी।

# 'सऊदी अरब, भारत का सबसे अहम रणनीतिक साझेदार है'

**प्र. मंत्री मोदी और सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने, भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझीदारी परिषद की पहली बैठक की संयुक्त रूप से अध्यक्षता की**

- **जी-20 सम्मेलन में भारत के बुलावे पर विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नई दिल्ली आये युवराज मोहम्मद बिन सलमान तब से यहीं रुके हुये हैं।**
- **मोदी ने कहा, कल हमने मिलकर भारत-पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक कॉरिडोर स्थापित करने के लिए ऐतिहासिक शुरुआत की है। यह कॉरिडोर केवल दोनों देशों को ही आपस में नहीं जोड़ेगा, बल्कि एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक सहयोग, ऊर्जा के विकास और डिजिटल कनैक्टिविटी को बल देगा।**

नई दिल्ली, 11 सितंबर (वार्ता)। भारत - सऊदी अरब रणनीतिक साझीदारी परिषद की आज यहां पहली बैठक में दोनों पक्षों ने अपने प्रगाढ़ आपसी सहयोग में आर्थिक सहयोग, उर्जा के विकास और डिजिटल कनेक्टिविटी के नए और आधुनिक आयाम जोड़ने का निर्णय लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुल अजीज अल सऊद ने इस बैठक की संयुक्त रूप से अध्यक्षता की।

बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में कहा भारत और सऊदी अरब की मित्रता, क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता, समृद्धि और मानव कल्याण के लिए महत्त्वपूर्ण है। वर्ष 2019 में उनकी सऊदी अरब की यात्रा के दौरान घोषित भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझीदारी परिषद के नेताओं की पहली बैठक में भाग लेना उनके लिए प्रसन्नता की बात है। इन चार वर्षों में यह परिषद हमारी रणनीतिक साझीदारी को और सुदृढ़ करने के प्रभावी माध्यम के रूप में उभरी है।

मोदी ने कहा इस परिषद के अंतर्गत दोनों समितियों की कई बैठकें हुई हैं, जिनसे हर क्षेत्र में हमारा आपसी सहयोग निरंतर बढ़ रहा है। बदलते समय की ज़रूरतों के अनुसार हम हमारे संबंधों में नए और आधुनिक आयाम जोड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत के लिए सऊदी अरब हमारे सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझीदारों में से है। विश्व की दो बड़ी और तेज़ गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं के रूप में हमारा आपसी सहयोग पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री ने कहा सऊदी अरब के युवराज के साथ बैठक में हमने हमारी करीबी साझीदारी को अगले स्तर पर ले जाने के लिए कई पहलों की पहचान की है।

आज की हमारी बैठक से हमारे संबंधों को एक नयी ऊर्जा, एक नयी दिशा मिलेगी, और हमें मिलकर मानवता की भलाई के लिए काम करते रहने की प्रेरणा मिलेगी।

## स्पाइसजेट अध्यक्ष अजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा, कर्ज चुका दें वरना तिहाड़ जेल जाने को तैयार रहें। स्पाइसजेट पर 2015 से चल रहे 24 मिलियन डॉलर के लोन डिफॉल्ट केस की सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है।**

नई दिल्ली, 11 सितंबर (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को स्पाइसजेट के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सी.एम.डी.) अजय सिंह को 22 सितंबर तक क्रेडिट सुइस को 500,000 डॉलर के साथ-साथ डिफॉल्ट राशि के एक मिलियन डॉलर का भुगतान करने का निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि कर्ज नहीं चुकाने पर वह तिहाड़ जेल जाने के लिए तैयार रहे।न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने क्रेडिट सुइस और स्पाइसजेट के बीच 2015 से लगभग 24 मिलियन डॉलर के बकाए को लेकर सुनवाई चल रही है।

# प्रेस कॉन्फ्रैंस में बेसिर-पैर की बातें करने लगे राष्ट्रपति बाइडन

**वियतनाम में पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुये बाइडन बहक गये और बिना मतलब की बात करने लगे, तब वाइट हाउस स्टाफ ने उनका भाषण रुकवा दिया और लाउड म्यूजिक शुरु कर दिया**

- **बाइडन, द्वारा पत्रकारों ने चीन और वैश्विक मुद्दों के संबंध में पूछे सवाल का जवाब दे रहे थे।**

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। भारत में आयोजित जी-20 समिट में हिस्सा लेने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सीधे वियतनाम दौरे पर पहुंचे थे। इस बीच उनका रविवार रात का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने के दौरान बहक जाते हैं। वह एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए कुछ और ही बात करने लगते हैं। इस बीच वाइट हाउस के स्टाफ की ओर से उन्हें बताने की कोशिश होती है कि वह कुछ और बोलने लगे हैं। इस पर भी जब जो बाइडन नहीं समझते तो फिर उनका माइक ही बंद कर दिया जाता है और स्टाफ म्यूजिक बजा देता है।

फिर उनकी प्रेस सचिव कैरिन जियान पियरे की आवाज आती है और वह कहती हैं कि प्रेस कॉन्फ्रेंस यहीं समाप्त होती है, आप सभी का धन्यवाद। एक पत्रकार ने उनसे कुछ सवाल पूछ लिया था। इसके जवाब में बाइडन कहने लगते हैं, हमने स्थिरता को लेकर बात की।

हमने तीसरी दुनिया को लेकर बात की। माफ करें, दक्षिणी गोलार्ध में अब बदलाव होने लगा है। यह सब कुछ हमारे लिए किसी भी तरह के विवाद का विषय नहीं था। उनकी यह बातें पत्रकार के सवाल से एकदम उलट थीं और जब वह बोल रहे थे तो सभी लोग हैरानी के साथ उनकी ही तरफ देखते रहे।

इसी बीच बाइडन की प्रेस सचिव बोलती हैं, सभी को धन्यवाद। इसी के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस समाप्त होती है। इसके बाद माइक बंद कर दिया जाता है, लेकिन जो बाइडन फिर भी बोलते रहते हैं और कुछ समझ नहीं पाते। फिर वाइट हाउस के स्टाफ की ओर से म्यूजिक बजा दिया जाता है ताकि मीडिया के सामने किरकिरी न हो पाए। गौरतलब है कि जो बाइडन के साथ पहले भी कई बार ऐसा हो चुका है, जब वह बात करते हुए अपने विषय से भटक गए। यही नहीं प्लेन में चढ़ने के दौरान कई बार वह लड़खड़ा भी चुके हैं।

माना जाता है कि जो बाइडन बढती उम्र के असर से जूझ रहे हैं। इसी वजह से कई बार अनचाहे वाकये देखने को मिले हैं।

## 'मेरी लाश भी भाजपा में नहीं जायेगी'

- **कर्नाटक में जनता दल (एस) नेता एच. डी कुमारस्वामी के बयान को हास्यास्पद बताते हुए राज्य के मु.मंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि , उनकी लाश भी भारतीय जनता पार्टी में शामिल नहीं होगी।**

मैसूर, 11 सितंबर (वार्ता)। कर्नाटक में जनता दल (एस) नेता एच.डी. कुमारस्वामी के बयान को हास्यास्पद बताते हुए राज्य के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सोमवार को कहा कि उनकी लाश भी भारतीय जनता पार्टी में शामिल नहीं होगी।

कुमारस्वामी के बयान पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि वो क्या यहां तक कि उनकी लाश भी भाजपा में शामिल नहीं होगी। कुमारस्वामी ने कहा था कि सिद्दारमैया एक बार भाजपा में शामिल होना चाहते थे और इसके लिए उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात भी की थी।

सिद्दारमैया ने कहा कि वह अपने पूरे राजनीतिक जीवन में वह सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ रहे हैं और इसलिए कुमारस्वामी का बयान हास्यास्पद है। कावेरी मुद्दे पर सिद्दारमैया ने कहा कि इस समस्या का एकमात्र समाधान मेकेदातु परियोजना को चालू करना है लेकिन केंद्र सरकार ने इसकी अनुमति नहीं दे रही है।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के पास मेकेदातु परियोजना का विरोध करने का कोई कारण नहीं है क्योंकि यह कर्नाटक राज्य में स्थित है। सिद्धारमैया ने तमिलनाडु पर मेकेदातु परियोजना के संबंध में अनावश्यक उपद्रव उत्पन्न करने का आरोप लगाया और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को मंजूरी नहीं देने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण को अनुमति देने का निर्देश देना है, लेकिन वह इस पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

## नाथूराम मिर्धा की पोती ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी सांसद भागीरथ चौधरी भी मौजूद थे। ज्योति मिर्धा मारवाड़ के ताकतवर सियासी परिवार से संबंध रखती हैं। वे कांग्रेस के कद्दावर जाट नेता रहे स्व. नाथूराम मिर्धा की पोती हैं। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद ज्योति मिर्धा ने कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की अनदेखी होने और गलत दिशा में जाने का मुद्दा उठाकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, हम राष्ट्र निर्माण में एक भूमिका निभाना चाहते हैं, मुझे वहां पर इसके अवसर कम दिखाई दे रहे थे। मिर्धा ने कहा कि महिला अत्याचार, कानून व्यवस्था को लेकर आज जो स्थिति राजस्थान में है, वह ठीक नहीं है। पार्टी के कई लोग ऐसी घुटन महसूस कर रहे थे, उन्होंने कांग्रेस का परिवार छोड़कर भाजपा को अपनाया है। ज्योति मिर्धा ने कहा कि मैंने कांग्रेस से जब अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया था तो 2009-14 तक सांसद बनने का मौका मिला था, लेकिन उसके बाद से अंतर्राष्ट्रीय लेवल से लेकर देश और मेरे निर्वाचन क्षेत्र तक परिस्थितियां काफी बदल गईं। हमारे प्रधानमंत्री ने कुशल नेतृत्व दिया। इसके विपरीत कांग्रेस में पिछले कुछ समय में हमने जब भी अपनी बात रखी, कभी सुनी गई, कभी नहीं ।

वे विपरीत दिशा में चल रहे हैं। राजनैतिक जानकारों का कहना है कि ज्योति मिर्धा अब नागौर लोकसभा सीट पर भाजपा की मजबूत दावेदार हो सकती हैं। माना जा रहा हैं कि मिर्धा को भाजपा नागौर लोकसभा सीट से चुनाव में उतार सकती है। पिछले लोकसभा चुनाव में ज्योति मिर्धा कांग्रेस से लोकसभा उम्मीदवार थीं। वे एनडीए के उम्मीदवार हनुमान बेनीवाल से हार गई थीं। हनुमान बेनीवाल भाजपा के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़े थे। अब उनका भाजपा से गठबंधन टूट चुका है। भाजपा को नागौर से मजबूत चेहरे की तलाश थी।

ज्योति मिर्धा के भाजपा में शामिल होने से अब कांग्रेस और भाजपा के सियासी समीकरण बदल गए हैं। हनुमान बेनीवाल के लिए अब नागौर की सीट सियासी रूप से बहुत मुश्किल हो गई है। हनुमान बेनीवाल अकेले लड़ते हैं तो उनके लिए राह आसान नहीं होगी।

मिर्धा परिवार की हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के परिवार से रिश्तेदारी है। ज्योति मिर्धा की बहन श्वेता मिर्धा भूपेंद्र हुड्डा के बेटे और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की पत्नी हैं। माना जा रहा है कि मिर्धा परिवार के और नेता भी भाजपा में जा सकते है। जॉइन करने की चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रिछपाल मिर्धा और उनके उनके बेटे डेगाना विधायक विजयपाल मिर्धा के भी भाजपा में जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। रिछपाल मिर्धा ज्योति मिर्धा के चाचा हैं।

## "नगर दर्शन"...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उद्घाटन में प्रधानमंत्री तथा 500 साधुओं की प्रमुख भूमिका होगी।

भव्य राम मंदिर, जो उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है, के उद्घाटन के बाद ही, प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा चुनाव -प्रचार की कमान संभालेंगे।

# लीज़ शर्तों का उल्लंघन, फिर भी वापस क्यों नहीं ली 205 बीघा ज़मीन

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया और कहा, क्यों न मामले की जांच सी.बी.आई. से करवाई जाए।**

जयपुर, 11 सितंबर (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने टोंक रोड पर कैपस्टन मीटर को औद्योगिक उद्देश्य के लिए दी गई जमीन की लीज़ शर्तों की अवहेलना करने के बाद भी राज्य सरकार की ओर से जमीन वापस नहीं लेने पर प्रमुख यूडीएच सचिव और जेडीए आयुक्त सहित केन्द्र सरकार व अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश डॉ. जय नारायण त्रिवेदी की जनहित याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने पूछा है कि क्यों ना मामले की जांच सीबीआई या अन्य किसी निष्पक्ष जांच एजेंसी से कराई जाए।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 1965 में गोपालपुरा पुलिया के पास स्थित इस 205 बीघा भूमि को कैपस्टन मीटर प्रा. लि. को औद्योगिक उद्देश्य के लिए लीज़ पर दिया था। लीज़ में यह शर्त थी कि जिस उद्देश्य के लिए जमीन लीज पर दी गई है। वहीं उद्देश्य पूरा नहीं होता है तो जमीन स्वतः ही राज्य सरकार में निहित हो जाएगी। इसके अलावा लीज़ दस्तावेजों में स्पष्ट है कि यह भूमि आवंटी न तो किसी अन्य उपयोग में लेगा और ना ही हस्तांतरित कर सकेगा।

याचिका में कहा गया कि इसके बावजूद भी जमीन का कुछ हिस्से को मैसर्स जय डिंक्स प्रा. लि. को सब-लीज पर दे दिया गया। दोनों कंपनियों के निदेशक भी एक ही जयपुरिया परिवार से संबंध रखते हैं। वहीं इस भूमि के एक हिस्से में उच्च अधिकारियों और राजनेताओं की शह पर ज्वैल्स ऑफ इंडिया नाम से रिहायशी फ्लैट्स की बहुमंजिला इमारत बना दी गई। याचिका में यह भी कहा गया कि बिल्डर के दबाव में इस जमीन के व्यावसायिक उपयोग की भी अनुमति दे दी गई। जेडीए के तत्कालीन विधि निदेशक दिनेश गुप्ता ने अपनी विस्तृत टिप्पणी में इस कृत्य को भ्रष्टाचार की संज्ञा देते हुए मामले की जांच निष्पक्ष जांच एजेंसी से करने की विधिक राय दी, लेकिन उनका निदेशक पद से तबादला कर दिया गया। याचिका में गुहार की गई की मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए और जमीन को राज्य सरकार वापस अपने स्वामित्व में ले। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस की कई समितियाँ गठित

नई दिल्ली, 11 सितम्बर (वार्ता)। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कोर कमेटी, प्रचार समिति, संचार समिति सहित कई समितियों का गठन किया है।

कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन समितियों के नामों का ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि कोर समिति का संयोजक प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा को बनाया गया है जबकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, दीपक बैज, टी.एस. सिंह देव, डा.चरण दास महंत, ताम्रध्वज साहू और शिव कुकार डहरिया को इसका सदस्य बनाया गया है।

चुनाव प्रचार समिति का अध्यक्ष डा.चरण दास महंत को बनाया गया है जबकि भूपेश बघेल, टी.एस. सिंह देव, ताम्रध्वज साहू, रवींद्र चौबे, मोहम्मद अकबर, शिवकुमार डहरिया, कवासी लकमा,प्रेमसाय सिंह टेकाम, अनिला भेंडिया,जय सिंह अग्रवाल, गुरु रुद्र कुमार, मोहन मरकाम, उमेश पटेल, संत कुमार नेताम आदि शामिल है।

# जी-20 शिखर सम्मेलन में मोदी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विशेषज्ञों का कहना है कि भारत ने समावेशी कूटनीति का एक नया मॉडल तैयार किया है। 2023 के जी-29 सम्मेलन तक पुतिन और शी के नहीं आने पर ध्यान ज्यादा केन्द्रित था। प्रेक्षकों का कहना है कि उन्हें लगता थाकि उनकी अनुपस्थिति भारत का निरादर था और यह भारत की अध्यक्षता तथा जी-20 के उसके उद्देश्यों को हल्का कर देगा। लेकिन जब सम्मेलन समाप्त होने लगा तो यह स्पष्ट हो गया कि भारत के उद्देश्य पटरी से नहीं उतरे और तीन प्रमुख थीम उभरीं- सर्वसम्मति, समावेश और समाधान।

सर्वसम्मति: भारत की अध्यक्षता के पूरे दौर में रुस-यूक्रेन युद्ध हावी रहा और जी-20 देश विभाजित हो गए। यह अस्पष्ट था कि इस विवाद का क्या हल होगा और क्या यह जी-20 के अंतिम समझौते को प्रभावित करेगा। लेकिन 300 द्विपक्षीय बैठकों और 200 घंटे के विचार विमर्श और 15 प्रारुप के बाद मोदी और उनकी टीम जी-20 के अंतिम प्रारुप में रुस-यूक्रेन वाले अंश पर सर्वसम्मति जुटाने में सफल रही।

समावेश: दक्षिणी विश्व की आवाज बनने के प्रयास में भारत ने अफ्रीकन यूनियन को जी -20 का स्थायी सदस्य बना लिया। भारत ने विश्व बैंक तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसे वैश्विक संस्थानों में सुधार का प्रस्ताव रखा जिस पर सारे देश सहमत हो गए।

समाधान: भारत ने अपनी डिजिटल सार्वजनिक आधारभूत ढांचा योजना को सफलतापूर्वक प्रवर्तित किया वित्तीय समावेश के निर्यात योग्य तकनीकी समाधान के रुप में। यह अस्पष्ट है कि क्या अन्य देश भारत की डिजिटल योजना का अनुसरण कर सकते हैं, लेकिन उसे सामान्य पूंजीगत निवेश से बढ़कर एक तरीका विकसित कर लिया है।

60 से ज्यादा भारतीय शहरों में 200 से ज्यादा बैठकें कर भारतीय अधिकारी भारत की अध्यक्षता को दक्षिणी विश्व की दबी हुई आवाज का प्रतिनिधि बनाने में लगे थे।

हालांकि पुतिन और शी के न आने से भारत निराश हुआ लेकिन जी-20 सम्मेलन इस बारे में नहीं था कि कैसी कूटनीति हुई बल्कि इसलिए था कि कैसी कूटनीति होनी चाहिए। अंत में भारत ने अपनी कूटनीति से साबित कर दिया कि वह वर्तमान भूराजनैतिक असहमतियों का मुकाबला कर सकता है और वर्षों से उपेक्षित देशों का प्रतिनिधित्व कर सकता है।

चीन ने निजी भूराजनैतिक विषय अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लाने का आरोप भारत पर लगाया और कहा कि इससे जी-20 के मेजबान के रुप में जिम्मेवारी पूरी नहीं होंगी और समस्याएं बढ़ेंगी।

भारत ने पहले अरुणाचल प्रदेश और कश्मीर सहित क्षेत्रों में जी-20 बैठेंगे आयोजित कीं, जिन पर क्रमशः चीन और पाकिस्तान दावा करते हैं।

अपने वीचैट एकाउंट में थिंक टैंक ने कहा, "कूटनीतिक और जनता की राय में खलबली मचाने के अलावा विवादित क्षेत्रों में भारत द्वारा बैठकें आयोजित करने से जी-20 बैठकों का सहयोगामक वातावरण नष्ट होता है और उपलब्धियों में रुकावट आती है।

थिंक टैंक ने यह भी आरोप लगाया कि चीन की आलोचना करने के लिए भारत ऋण पुनर्गठन के मुद्दे का फायदा उठा रहा है और "ऋण जाल" के कथन को बढ़ा -चढ़ाकर बताने के लिए अमेरिका और पश्चिमी देशों से गठजोड़ कर रहा है।

उसका प्रभाव बीजिंग के उस प्रावधान पर पड़ रहा है जिसके तहत आर्थिक रुप से कमजोर देशों को आवश्यक आधारभूत परियोजनाओं जैसे बंदरगाह और सड़कों के लिए ऋण दिया जाता है।

थिंक टैंक ने चेतावनी दी कि भारत के कदम मतभेदों को बढ़ा सकते हैं, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सर्वसम्मति में बाधा बन सकते हैं और अपनी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा घटा सकते हैं।

# क्या मध्य प्रदेश में संघ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नेता, मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के बारे में विशेषरुप से तथा अन्य भाजपा सरकारों के बारे में आर.एस.एस. के पूर्व प्रचारकों द्वारा व्यक्त किए जा रहे विचारों और भावनाओं को उछाल सकते हैं।

मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार चुनाव के ऐन पहले यह सब नहीं चाहेगी, क्योंकि चुनाव-पूर्व सर्वेक्षण कांग्रेस की बढ़त बता रहे हैं। अभय जैन के साथ-साथ पूर्व प्रचारक होने का दावा करने वाले मनीष काले और विधाल बिंदल नवगठित जनहित पार्टी के प्रमुख नेता होंगे।

अभय जैन के अनुसार, लोग स्वच्छ राजनीति की आस लगाए हैं, और भाजपा सहित सभी पार्टियां राजनीति के इस पहलू से विमुख हो गई हैं। उन्होंने कहा कि, जनहित पार्टी आगामी चुनाव में भाजपा सरकार को टक्कर देगी।

जनहित पार्टी का गठन करने वाले, मध्य प्रदेश आर.एस.एस. में जिम्मेवार एवं प्रमुख पदों पर रहे इन वरिष्ठ नेताओं द्वारा रविवार को की गई घोषणा एक ऐसा कदम है जो राज्य सरकार एवं सत्तारूढ़ पार्टी के लिए समस्याएं खड़ी कर सकता है। इस घोषणा से भाजपा में हर स्तर पर खलबली मची हुई है, हालांकि अधिकारिक रूप से इसे कुछ असंतुष्ट तत्वों की हरकत मात्र बताया जा रहा है।

लेकिन कुछ लोग हैं जो जनहित पार्टी का एक गुप्त लेकिन ऐसा सकारात्मक प्रभाव भी मान रहे हैं, जो सत्ता-विरोधी वोटों को कांग्रेस की ओर जाने से रोक सकता है और भाजपा की मदद कर सकता है, विशेषकर उन सीटों पर जहाँ जीत का अंतर कम रहा है।

भोपाल के एक राजनैतिक विश्लेषक के अनुसार, संभावना है कि, जनहित पार्टी द्वारा कई मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरने की घोषणा करने के बाद, भाजपा के लिए एक नया सिरदर्द पैदा हो जाएगा।

आरंभ में जनहित पार्टी लोगों में यह चेतना लाएगी कि, मध्य प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा, पार्टी के संस्थापकों के आदर्शों से बहुत दूर चली गई है और हिंदुत्व के कोर एजेंडा से हट गई है।

जैन ने कहा कि, जनहित पार्टी चुनाव में उतरने की भी सोच रही है। इससे सत्तारुढ़ पार्टी के लिए भीषण संघर्ष वाली सीटों पर स्थिति अवश्य खराब होगी।

## 'भाजपा नेता...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चढ़ कर दिखावा कर रहे हैं।

पायलट ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी के ये रथ पर चढ़ कर ढोंग कर रहे नेता किसी भी मुद्दे को लेकर पूरे पांच साल धरातल पर नहीं दिखे थे। लेकिन अब चुनाव नजदीक आते ही बरसाती मेंढक की तरह चारों ओर दिखाई देने लगे हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908